kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-325 | मंगलवार, 30 दिसम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



हम अरावली पर्वतमाला से संबंधित अपने पूर्व आदेश पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा लगाए गए स्थगन तथा संबंधित मुद्दों के अध्ययन हेतु नई समिति के गठन का स्वागत करते हैं। **भूपेन्द्र यादव**

दिल्ली में घने कोहरे के कारण 130 उड़ानें रद्द, आठ डायवर्ट 11

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता करेंगी 'शब्दोत्सव' का उद्घाटन 12

## संक्षेप

### रामलला का प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव शुरू

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर सोमवार से पांच दिवसीय प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव का शुभारंभ हो गया। इस दौरान राम जन्मभूमि परिसर में स्थित अंगद टीला पर बनाए गए भव्य पंडाल में पहले दिन श्रीरामचरित मानस पाठ शुरू हुआ। श्री श्री मां आनंदमयी मानस परिवार के सदस्यों की ओर से श्रीरामचरित मानस के बालकांड का संगीतमय पाठ किया जा रहा है। यह पाठ अनवरत पांच दिन तक चलेगा। इसी कड़ी में दोपहर में श्रीरामकथा का शुभारंभ हुआ। जगद्गुरु स्वामी रामदिनेशाचार्य की ओर से रामकथा का रसपान कराया जा रहा है। इसके साथ ही गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ के कलाकारों की ओर से रामलीला का मंचन किया जाएगा। 31 दिसंबर से दो जनवरी तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस दौरान शाम को प्रख्यात गायक सुरेश वाडेकर, अनूप जलोटा और तृप्ति शाक्या की ओर से रामलला की सुरों से आराधना की जाएगी।

### बर्खास्त सिपाही आलोक व अमित टाटा को रिमाण्ड पर लेगी ईडी

**लखनऊ।** ईडी कोडीन युक्त सिरप की सप्लाई में बर्खास्त सिपाही आलोक व अमित टाटा को रिमाण्ड पर लेगी। दोनों से उनकी संपत्ति व खातों में मिले बड़े लेन-देन के बारे में पूछा जाएगा। आलोक की कोठी में लगाई गई रकम के बारे में उसके परिजन कोई जवाब नहीं दे सके थे। इस वजह से ही ईडी इन लोगों से रिमाण्ड पर दवा फर्मों और खातों के लेन-देन दिखाकर सवाल जवाब करेगी। एसटीएफ ने भी ईडी को कई तरह के साक्ष्य दिए थे। इस आधार पर ही ईडी अपनी जांच आगे बढ़ा रही है। ईडी ने कुछ दिन पहले ही आलोक सिंह, अमित टाटा, शुभम जायसवाल, विभोर राणा समेत कई अन्य आरोपियों के खिलाफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था।

### अपात्रों का आयुष्मान कार्ड बनाने और अप्रूवल देने वालों पर लगेगा गैंगस्टर

**लखनऊ।** फर्जी दस्तावेज से आयुष्मान कार्ड बनाने वाले जालसाजों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई होगी। साथ ही एसटीएफ पुलिस गिरोह के सरगना प्रतापगढ़ निवासी चंद्रभान, एजेंसी के अफसरों और कल्याण सिंह कैंसर संस्थान के आयुष्मान मित्र रंजीत की संपत्तियों का ब्योरा जुटा रही है। अपराध की कमाई से बनी संपत्तियों की कुर्की की कार्रवाई भी होगी। अपात्रों के कार्डों का अप्रूवल करने वाली इंप्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेंसी (आईएसए) के अफसर बाराबंकी के सौरभ मौर्या, सुजीत कनौजिया, पूर्व अफसर विश्वजीत और स्टेट हेल्थ एजेंसी (एसएचए-पीएमजेवाई) के अधिकारी व कैंसर संस्थान के रंजीत सिंह व अन्य के पास से बरामद इलेक्ट्रानिक गैजेट्स से अहम जानकारियां मिली हैं।

# अरावली केस में सुप्रीम कोर्ट ने अपने ही फैसले पर लगाई रोक

**एजेंसी**

नई दिल्ली। सोमवार को अरावली पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इस पर्वत श्रृंखला की नई परिभाषा पर पिछले महीने दिए गए अपने ही आदेश पर रोक लगा दी। दरअसल, इससे पहले के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद कार्यकर्ताओं और वैज्ञानिकों का आरोप था कि यह नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र के विशाल क्षेत्रों को अवैध और अनियमित खनन के लिए खोल सकता है।

मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि हम समिति की सिफारिशों और इस न्यायालय के निर्देशों को स्थगित रखना आवश्यक समझते हैं। (नई) समिति के गठन तक यह स्थगन प्रभावी रहेगा। वहीं, मामले की सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने संघीय सरकार और चार संबंधित राज्यों को नोटिस जारी किया। वहीं, विशेषज्ञों के एक नए पैनल के गठन का निर्देश दिया और अगली सुनवाई की तारीख 21 जनवरी तय की। उल्लेखनीय है कि ये पूरा मामला उस वक्त शुरू हुआ, जब केंद्र सरकार ने अपनी नई परिभाषा को अधिसूचित किया, जिसके बारे में कार्यकर्ताओं और एक्सपर्ट्स ने आरोप लगाया कि इसे पर्याप्त मूल्यांकन या सार्वजनिक परामर्श के बिना तैयार किया गया था। कहा जा रहा था कि इससे हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में अरावली के बड़े हिस्से खनन के खतरे में पड़ सकते हैं। इसी साल नवंबर में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को क्षेत्र में किसी भी नई खनन संबंधी गतिविधि की अनुमति देने से पहले सतत खनन के लिए एक व्यापक योजना तैयार करने का निर्देश दिया था। आज सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से बहस करते हुए सॉलिसिटर-जनरल तुषार मेहता ने बताया कि अदालत ने पिछले महीने उस योजना को स्वीकार कर लिया था। हालांकि, इस दौरान सीजेआई ने इसका खंडन किया और कहा कि हमारा मानना है कि समिति की रिपोर्ट और अदालत की टिप्पणियों की गलत व्याख्या की जा रही है। कुछ स्पष्टीकरण की आवश्यकता है और कार्यान्वयन से पहले, एक निष्पक्ष, तटस्थ और स्वतंत्र विशेषज्ञ की राय पर विचार किया जाना चाहिए।

सीजेआई ने यह भी कहा कि स्पष्ट मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए ऐसा कदम आवश्यक है... यह निर्धारित किया जाना चाहिए कि क्या इस (नई परिभाषा) ने गैर-अरावली क्षेत्रों के दायरे को व्यापक बना दिया है... जिससे अनियमित खनन जारी रखने में सुविधा हो रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार समेत दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात की राज्य सरकारों को भी नोटिस जारी किया है। अदालत ने विशेषज्ञ समितियों के निष्कर्ष पर भी स्पष्टीकरण देने की मांग की है।

सुप्रीम कोर्ट 21 जनवरी 2026 को मामले पर अगली सुनवाई करेगा।

### सीजेआई ने कोर्ट की टिप्पणियों के गलत प्रस्तुतिकरण पर स्पष्टता मांगी

## उच्चतम न्यायालय ने रद्द की दोषी सेंगर की ज़मानत

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उन्नाव बलात्कार मामले में दोषी ठहराए गए कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा दी गयी ज़मानत पर रोक लगा दी।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जे के महेश्वरी और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज की पीठ ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दायर अपील पर पहली ही सुनवाई में यह आदेश पारित किया। पीठ ने कहा कि मामले के विशेष तथ्यों को देखते हुए विवादित आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगाई जाती है। सेंगर को उक्त आदेश के आधार पर हिरासत से रिहा नहीं किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक सेंगर को ट्रायल कोर्ट से सज़ा मिलने के बाद



मामला उच्च न्यायालय में गया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अगली सुनवाई तक सेंगर की सज़ा निरस्त कर दी थी। पीठ ने कहा कि सामान्यतः जब किसी दोषी या विचाराधीन कैदी को निचली अदालत या उच्च न्यायालय द्वारा ज़मानत दी जाती है, तो बिना उसे सुने उस आदेश पर रोक नहीं लगाई जानी चाहिए। लेकिन इस मामले में उत्तरदाता भारतीय दंड संहिता की धारा 304 के तहत एक अन्य मामले में दोषी ठहराया जा चुका है और उस मामले में भी हिरासत में है। उच्चतम न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि पीड़िता को विशेष अनुमति याचिका दायर करने का वैधानिक अधिकार है और इसके लिए उसे न्यायालय से अलग से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है। यदि उसे निःशुल्क कानूनी सहायता चाहिए तो सर्वोच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति द्वारा सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। वह अपने निजी वकील के माध्यम से भी अपील दायर कर सकती है। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष की आपत्तियों को स्वीकार करते हुए उच्चतम न्यायालय ने पीड़िता के वकील को फटकार ● शेष पेज 11 पर

# कोहरे की चादर से ढका प्रदेश



**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

❒ उत्तर प्रदेश के कई शहर भीषण ठंड की चपेट में, मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट

लखनऊ। प्रदेश में ठंड का कहर जारी है। सोमवार को भी प्रदेश के कई जिलों में सुबह कोहरे का असर रहा। कानपुर में सुबह दृश्यता शून्य दर्ज की गई तो वहीं कई अन्य जिलों में भी 100 मीटर से कम दृश्यता रही। मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को दिन के तापमान में सामान्य से 4-5 डिग्री की गिरावट के आसार हैं। कई जिलों में घने कोहरे के साथ शीत दिवस की चेतावनी भी जारी की गई है।

पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में सोमवार को कई जगह घना से अधिक घना कोहरा रहा और लोग ठंड से कांपते नजर आए। ऐसा ही मौसम मंगलवार को भी रहने के आसार हैं और संभाग में कई जगह शीत दिवस की चेतावनी भी जारी की गई है। इस बीच योगी सरकार ने एक जनवरी तक 12 तक के स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया है।

मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल ठंड से राहत के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों के लिए सोमवार और मंगलवार को घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने चेतावनी दी है कि सुबह के समय दृश्यता बेहद कम रह सकती है। रविवार को लखनऊ में इस मौसम का अब तक का सबसे ठंडा दिन दर्ज किया गया। यहां अधिकतम तापमान गिरकर 15.3 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो सामान्य से 5.8 डिग्री कम रहा। इससे पहले 19 दिसंबर को अधिकतम तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। लखनऊ मौसम कार्यालय के वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश के अनुसार, पिछले साल दिसंबर में लखनऊ का न्यूनतम दिन का तापमान 14.1 डिग्री सेल्सियस रहा था। मौसम विभाग ने सोमवार के लिए लखनऊ में आंशिक रूप से बादल छाए रहने, दिन में कोल्ड डे की स्थिति और सुबह के समय घने कोहरे की संभावना जताई है। अधिकतम ● शेष पेज 11 पर

## असम ही नहीं पूरे देश में बांग्लादेशी घुसपैठियों की करेंगे पहचान : शाह

**एजेंसी**

गुवाहाटी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को असम के एक दिन के दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहले असम के नगांव जिले में वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थान बटाद्रवा का उद्घाटन किया। बटाद्रवा को 227 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकसित किया गया है। इस दौरान असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और पवित्र मार्गेरिटा और राज्य के संस्कृति मंत्री बिमल बोरा मौजूद रहे।

गृह मंत्री ने असम दौरे की शुरुआत गुवाहाटी में 'शहीद स्मारक क्षेत्र' में अवैध घुसपैठियों के खिलाफ असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करके की। इसके बाद बटाद्रवा पहुंचने पर गृह मंत्री का 'गायन-बयान' (गायक और ढोल वादक) द्वारा पारंपरिक स्वागत किया गया। शाह ने संत शंकरदेव के जन्मस्थल का



पुनर्विकास के बाद उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद शाह केंद्रीय भवन में भी गए जहां 'गुरु आसन' (पूजनीय संत की सीट) रखी है। 'महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव आविर्भाव क्षेत्र' नाम की इस जगह को फिर से विकसित करने का फैसला सबसे पहले 2021-22 के राज्य बजट में प्रस्तावित किया गया था। इस परियोजना को न केवल ऐतिहासिक स्थल बल्कि एक प्रमुख पर्यटन स्थल बनाने के लिए भी डिजाइन किया गया है। यहां महापुरुष शंकरदेव से जुड़े जीवन, आदर्शों और ● शेष पेज 11 पर

## अल्पसंख्यकों को लेकर पाकिस्तान अपनी गिरेबान में झांके : भारत

नयी दिल्ली। भारत ने अल्पसंख्यक समुदायों के बारे में पाकिस्तान की टिप्पणियों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार को लेकर जिस देश का रिकार्ड बेहद खराब है उसे दूसरों को नसीहत देने से पहले अपनी गिरेबान में झांकना चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के भारत में अल्पसंख्यकों के बारे में दिये गये बयान पर सोमवार को तीखी प्रतिक्रिया करते हुए उन्हें सिरे से खारिज कर दिया। श्री जायसवाल ने कहा हम ऐसे देश की कथित टिप्पणियों को सिरे से खारिज करते हैं, जिसका इस विषय पर बेहद खराब रिकॉर्ड अपने आप में सब कुछ कहता है। विभिन्न धर्मों से संबंधित अल्पसंख्यकों के साथ पाकिस्तान द्वारा किया गया भयावह और व्यवस्थित उत्पीड़न एक सर्वविदित तथ्य है। उंगली उठाने से इस सच्चाई को नहीं छिपाया जा सकता। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान ने भारत में क्रिसमस के दौरान तोड़फोड़ की घटनाओं का जिक्र करते हुए अल्पसंख्यकों के साथ किये जा रहे व्यवहार को लेकर सवाल उठाये थे।

## यूपी विधानसभा में 19 से होगा अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि इस बार अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन (एआईपीओसी) की मेजबानी उत्तर प्रदेश करेगा। उप्र विधानसभा में होने वाले तीन दिनी सम्मेलन का उद्घाटन 19 जनवरी को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। इसके बाद 22 जनवरी को सभी प्रतिनिधि रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या जाएंगे।

विधानसभा अध्यक्ष ने सोमवार को विधान भवन में पत्रकारों से वार्ता करने के दौरान बताया कि 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक शीतकालीन सत्र चला। पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के बारे में उन्होंने बताया कि सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन के दौरान 20 एवं 21 जनवरी को विभिन्न समसामयिक और



❒ लोकसभा अध्यक्ष करेंगे उद्घाटन

❒ देशभर से आए प्रतिनिधि 22 जनवरी को अयोध्या में करेंगे रामलला के दर्शनः सतीश महाना

संसदीय विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन का समापन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि 22 जनवरी को देशभर से आए प्रतिनिधि अयोध्या दर्शन के लिए जाएंगे। उन्होंने उप्र विधानसभा में हो रहे बदलावों ● शेष पेज 11 पर

### यूपी विधानसभा शीतकालीन सत्र में एक बार भी स्थगित नहीं हुई सदन की कार्यवाही : महाना

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की अठारहवीं विधानसभा का वर्ष 2025 का तृतीय सत्र 19 दिसंबर से प्रारम्भ होकर 24 दिसंबर तक चला।चार उपवेशनों के उपरांत सदन की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया गया। इस दौरान सदन की कार्यवाही एक बार भी स्थगित नहीं हुई तथा सुचारु एवं विधिवत संचालित हुई और सभी निर्धारित विधायी कार्य पूर्ण किए गए। उक्त जानकारी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सोमवार को विधान भवन में एक पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान स्थगन समय शून्य रहा। स्थगन रहित समय 24 घंटे 50 मिनट रहा। इस तरह कुल समयावधि में 24 घंटा 50 मिनट तक सदन की कार्यवाही हुई। उन्होंने बताया ● शेष पेज 11 पर

# 79000 करोड़ रुपये के रक्षा सौदों को मंजूरी

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। सरकार ने सशस्त्र बलों की क्षमता बढ़ाने के लिए 79,000 करोड़ रुपये के रक्षा खरीद सौदों के प्रस्तावों को मंजूरी दी है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में तीनों सेनाओं के लिए आवश्यकता के आधार पर खरीद के इन प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस वर्ष की अंतिम बैठक में मंजूर किये गये इन खरीद सौदों की कुल अनुमानित लागत लगभग 79,000 करोड़ रुपये है और इनमें सेना की तोपखाना रेजिमेंट के लिए लॉयटर म्यूनिशन सिस्टम, लो लेवल लाइट वेट रडार, पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम के लिए लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेट एम्युनिशन तथा इंटीग्रेटेड ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम मार्क2 की खरीद को मंजूरी दी गई। बैठक में नौसेना के लिए



बोलार्ड पुल टग्स, हाई फ्रीक्वेंसी सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो मैनपैक तथा हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग रेंज रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम को लीज पर लेने के प्रस्तावों को आवश्यकता पर खरीद की स्वीकृति प्रदान की गई। वायु सेना के लिए ऑटोमैटिक टेक-ऑफ लैंडिंग रिकॉर्डिंग सिस्टम, अस्त्र मार्क-II मिसाइलें, फुल मिशन सिम्युलेटर तथा स्पाइस-1000 लॉन्ग रेंज गाइडेंस किट्स आदि की खरीद को आवश्यकता की स्वीकृति दी गई। लॉयटर म्यूनिशन ● शेष पेज 11 पर

### विधायक खेल स्पर्धा के विजेताओं को पुरस्कृत कर मुख्यमंत्री ने खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन को अपनी प्रतिबद्धता दोहराई

# हर मंडल मुख्यालय पर बनाएंगे स्पोर्ट्स कॉलेज : सीएम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल मैदान, ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम और जिले स्तर पर बड़ा स्टेडियम बनवाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के साथ सरकार हर मंडल मुख्यालय पर स्पोर्ट्स कॉलेज बनाया जाएगा।

सीएम योगी सोमवार को गोरखपुर शहर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विधायक खेल स्पर्धा - 2025 के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर को लगातार सुदृढ़ कर रही है। गोरखपुर में बेलीपार के पास एक इंटरनेशनल स्टेडियम बनने जा रहा है। गोरखपुर के रीजनल स्टेडियम का भी 63 करोड़ रुपये की लागत से नवोद्धार हो रहा है। वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में भी बेहतरीन स्टेडियम बन रहा है। मेरठ में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के नाम पर स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का सत्र प्रारंभ हो चुका है। इस यूनिवर्सिटी का विश्व स्तरीय निर्माण जारी है। अब सरकार की तैयारी हर मंडल मुख्यालय पर स्पोर्ट्स कॉलेज बनाने की है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि वह जल्द ही गोरखपुर महानगर की सभी संस्थाओं के साथ बैठक करने वाले हैं। उस बैठक में संस्थाओं का आह्वान किया जाएगा कि वे एक-एक खेल को गोद लें। कुछ सहयोग वे करें और कुछ सरकार करेगी। यहां पर अच्छे कोच रखे जाएंगे। इससे बच्चों को खेल के लिए एक बेहतर प्लेटफार्म प्राप्त होगा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायक खेल स्पर्धा को लेकर अपनी आगामी योजना भी साझा की। उन्होंने कहा कि अगली बार बच्चों और छात्रों के स्तर के साथ ही वार्ड स्तर पर कामकाजी और रिटायर्ड लोगों के लिए भी खेल प्रतियोगिताएं ● शेष पेज 11 पर

## भू-माफिया और बाहुबलियों पर करें कठोर कार्रवाई, सीएम योगी ने अफसरों को दिए सख्त निर्देश

गोरखपुर। सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अधिकारियों को आदेश दिया कि वे जमीन हड़पने वाले बाहुबलियों और भू-माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें। गोरखपुर में जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान सोमवार को उन्होंने करीब डेढ़ सौ लोगों की शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को उनके समाधान का निर्देश दिया। इस दौरान कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा यदि कोई दबंग, माफिया किसी की जमीन जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई



की जाए। गरीबों को उजाड़ने वाले कतई न बख्शे जाएं। जहां पैमाइश की जरूरत हो, वहां पैमाइश कराकर विवाद का निस्तारण कराया जाए। पारिवारिक विवाद के मामलों में उन्होंने उभयपक्षों के साथ संवाद कर समाधान की राह निकालने के लिए निर्देशित किया। प्रचंड ठंड के बावजूद जनता दर्शन में आए फरियादियों से सीएम योगी ने उनकी कुर्सियों के पास जाकर बात की। सीएम ने सभी लोगों से कहा- ''घबराइए मत, हर समस्या का समाधान कराएंगे, सरकार सबकी भरपूर मदद करेगी।' जनता दर्शन में अधिकारियों से सीएम योगी ने कहा कि पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और तत्परता से उसका समयबद्ध और पारदर्शी निस्तारण कराएं।

# माघ मेला-2026 की तैयारियों पर प्रयागराज में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक

रिज़र्व पुलिस लाइन्स स्थित तीर्थराज सभागार में हुई इस बैठक में पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट जोगेंद्र कुमार ने पुलिस बल को भीड़ प्रबंधन और आपातकालीन योजनाओं के त्वरित, समन्वित और प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । जिले में माघ मेला-2026 को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। रिज़र्व पुलिस लाइन्स स्थित तीर्थराज सभागार में हुई इस बैठक में पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट जोगेंद्र कुमार ने पुलिस बल को भीड़ प्रबंधन और आपातकालीन योजनाओं के त्वरित, समन्वित और प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में निकासी क्षमता को कई गुना बढ़ाने की तैयारी हर स्तर पर सुनिश्चित की जाए।बैठक में मुख्य निर्देश दिए गए कि प्रत्येक चौराहे, तिराहे और ड्यूटी पॉइंट्स पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहे, मेला क्षेत्र के प्रवेश मार्ग और घाटों पर निरंतर गश्त और चेकिंग की जाए, और घाटों पर श्रद्धालुओं को सोने से रोका जाए। आवश्यकता पड़ने पर उन्हें निर्धारित विश्राम स्थलों या शिविरों में स्थानांतरित किया जाए।बैठक और ब्रीफिंग के बाद, पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार ने मेला क्षेत्र के प्रमुख रास्तों, घाटों और महत्वपूर्ण स्थलों का पैदल भ्रमण कर धरातलीय निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक माघ मेला नीरज कुमार पाण्डेय, पुलिस उपायुक्त और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# मंडलायुक्त व पुलिस आयुक्त की संयुक्त अध्यक्षता में मेला क्षेत्र में आपातकालीन यातायात योजना का अभ्यास



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। माघ मेला2026 के दौरान संभावित अत्यधिक भीड़ के दबाव को कम करने और श्रद्धालुओं की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंडलायुक्त एवं पुलिस आयुक्त की संयुक्त अध्यक्षता में मेला क्षेत्र में आपातकालीन यातायात योजना का अभ्यास किया गया। यह अभ्यास पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट प्रयागराज श्री जोगिंदर कुमार के दिशा-निर्देशों पर 29 दिसंबर 2025 को आयोजित हुआ। अभ्यास के दौरान स्नान घाटों, मंदिरों एवं अन्य प्रमुख स्थलों पर भीड़ की स्थिति को ध्यान में रखते हुए यातायात नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन तथा सुरक्षा उपायों का परीक्षण किया गया। श्रद्धालुओं को पूर्व निर्धारित यातायात योजनाओं के तहत वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट कर सुचारू आवागमन सुनिश्चित किया गया। इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से मेला क्षेत्र में भीड़ की निरंतर निगरानी करते हुए पुलिस आयुक्त, अपर पुलिस आयुक्त एवं पुलिस अधीक्षक माघ मेला के बीच त्वरित समन्वय के साथ आपातकालीन योजना के क्रियान्वयन का अभ्यास किया गया। परेड, कोतवाली एवं संगम क्षेत्रों में विशेष रूप से यह अभ्यास संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंडलायुक्त श्रीमती सौम्या अग्रवाल, पुलिस आयुक्त श्री जोगिंदर कुमार, अपर पुलिस आयुक्त डॉ. अजय पाल शर्मा, जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार वर्मा तथा पुलिस अधीक्षक माघ मेला श्री नीरज कुमार पाण्डेय ने मेला क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को आपातकालीन योजनाओं का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर में पहुंचे बड़ी संख्या में लोग



लखनऊ । राजधानी के शक्तिनगर इलाके में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पहुंचने वाले नागरिकों को ब्लड सैंपल जांच, ब्लड प्रेशर जांच और दूसरी तमाम तरह की पैथोलाजी जांचें मुफ्त कराने का अवसर मिला। लालबहादुर शास्त्री द्वितीय वार्ड के पार्षद भूपेंद्र कुमार वर्मा के प्रयासों से आयोजित इस होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक नजर आये। तमाम लोग अपने परिवारों के वृद्धजनों को लेकर पहुंचे जिनके स्वास्थ्य की जांच के बाद विशेषज्ञ होम्योपैथिक चिकित्सकों के द्वारा निशुल्क दवा वितरण किया गया। रविवार की छुट्टी के दिन कड़ाके की ठंड के बावजूद लोग देर शाम तक पहुंचते रहे।डा. हैनीमैन चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से आयोजित इस होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर में पहुंचकर सैकड़ों नागरिकों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाकर विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से परामर्श प्राप्त किया। वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डा. एके त्रिपाठी और डा. शिखा सक्सेना ने इस चिकित्सा शिविर आयोजन को सफल बताते हुए कहा कि मौजूदा समय में स्वास्थ्य की रक्षा के लिये ऐसे चिकित्सा शिविरों का आयोजन महत्वपूर्ण है।

## न्यू ईयर पार्टी के नाम पर ठगी, जनसुनावाई पोर्टल पर शिकायत

लखनऊ । 31 दिसंबर और 1 जनवरी 2026 को ईकाना स्टेडियम में प्रोग्राम कराने के नाम पर ठगी करने मामला प्रकाश में आया है। जिसकी शिकायत पीड़ित ने जन सुनवाई पोर्टल के माध्यम से पुलिस से की है।

पीड़ित, कम्पनी के ओनर लक्ष्मण मौर्य के मुताबिक लखनऊ में एथेरसॉफ्टेक के नाम से एक कंपनी संचालित करता है। जिसके माध्यम से व्यक्ति विशेष व इवेंट के प्रचार-प्रसार का काम किया जाता है। शिकातय पत्र में बताया गया है कि 4 दिसम्बर 2025 को एक कंपनी अविराज सर्विसेज के दो लोग राज सोनी और सृजन तिवारी द्वारा अपनी तरफ़ से एक लिखित अधिकृत पत्र दिया गया जिसमे वो 31 दिसम्बर 2025 व 1 जनवरी 2026 को एक न्यू ईयर पार्टी Ekanas Elite Star Night के नाम से करने कराने की बात करते है । यह इवेंट एकना स्टेडियम में आयोजित हो ना था इसके लिए Strategic Partner हमारी कम्पनी को बनाया और इसमे इसमे हमे मार्केटिंग मैनेजमेंट आफ टिकटिंग सेलिर्बेटिज और अर्टिस्ट बुकिंग समेत आदि सहयोग करने को अधिकृत किया। जिस पर मेरी टीम द्वारा इस इवेंट के प्रचार प्रसार का कम करना शुरु कर दिया। यह कि हमे बुक माई शो , व अन्य कई माध्यमों से इनके टिकट बिकवाए साथ ही अनुराग पंडित गायक कलाकार व अन्य कलाकारो को बुक करके उनके माध्यम से भी इवेंट का प्रचा र प्रसार करने लगे। बीते 22 दिसम्बर को अचानक से एक मेल के मध्यम से अकारण इवेंट से हमारी कंपनी को हटा दिया जाता है ये सूचना प्राप्त होते ही, हमने राज सोनी से बार बार सम्पर्क करने का प्रयास किया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। पीड़ित के मुताबिक 26 दिसंबर को पता चला कि राज सोनी और सृजन तिवारी ने इवेंट की जगह अचानक से इकाना स्टेडियम से बदल कर सुशांत गोल्फ सिटी कर दी है जब कि अभी भी वो एकना के नाम पर ही टिकेट बेच रहे है। पीड़ित लक्ष्मण ने बताया कि दोनों हमारी संस्था का दुरुपयोग कर के हमसे कलाकारो से व दर्शकों से उच्च स्तर का धोखा कर करीब 350000 रूपये का नुकसान कर चुके है। पीड़ित ने जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम इसकी शिकायत पुलिस से की है।

## आकांक्षात्मक विकासखंड बहरिया व कोराव की समीक्षा, सूचकांकों में सुधार के दिए निर्देश

प्रयागराज । जिले में आकांक्षात्मक विकासखंड बहरिया एवं कोराव की प्रगति की समीक्षा हेतु विकास भवन स्थित गंगा सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय तथा नीति आयोग द्वारा नामित केंद्रीय प्रभारी अधिकारी श्री सुभाष चंद्रा ने की। मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती हर्षिका सिंह के साथ विभिन्न विकास सूचकांकों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सर्वप्रथम स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित सूचकांकों की समीक्षा की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अवगत कराया कि विकासखंड कोराव में 51 सीएचओ के सापेक्ष मात्र 32 सीएचओ कार्यरत हैं। पोषण सूचकांक के अंतर्गत सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन को लक्ष्य के अनुरूप लाभार्थियों तक पहुंचाने हेतु आपसी समन्वय के निर्देश दिए गए। शिक्षा विभाग को अपर प्राइमरी स्तर पर ट्रांजिशन रेट में सुधार तथा विद्यालयों में बालिकाओं के लिए मानक के अनुरूप शौचालय उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। नमामि गंगे योजना के अंतर्गत टैप वाटर कनेक्शन की धीमी प्रगति पर मार्च 2026 तक लक्ष्य पूर्ण करने को कहा गया। भारत नेट योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में लाइव कनेक्शन सुनिश्चित करने हेतु बीएसएनएल को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए। पीएम आवास योजना ग्रामीण की लागत वृद्धि का सुझाव भी बैठक में रखा गया। अधिकारियों को ट्रेंड्स एनालिसिस तैयार कर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, जबकि बेहतर प्रदर्शन वाले सूचकांकों की सराहना भी की गई।

## माघ मेला-2026: आपातकालीन योजनाओं व भीड़ प्रबंधन को लेकर मंडलायुक्त-पुलिस आयुक्त की संयुक्त ब्रीफिंग

प्रयागराज। माघ मेला-2026 की तैयारियों को लेकर मंडलायुक्त श्रीमती सौम्या अग्रवाल एवं पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित तीर्थराज सभागार में पुलिस अधिकारियों, जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं कर्मचारियों की ब्रीफिंग आयोजित की गई। ब्रीफिंग में पुलिस अधीक्षक माघ मेला नीरज कुमार पाण्डेय ने भीड़ प्रबंधन से जुड़ी सभी 10 आपातकालीन योजनाओं की जानकारी दी। अपर पुलिस आयुक्त डॉ. अजय पाल शर्मा ने आपातकालीन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल देते हुए नियमित मॉक ड्रिल एवं रिहर्सल के निर्देश दिए। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने जोनल एवं सेक्टर प्रभारियों को आपसी समन्वय के साथ भ्रमणशील रहते हुए पार्किंग, होल्डिंग एरिया एवं घाटों पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार ने कहा कि आपात स्थिति में त्वरित निकासी क्षमता बढ़ाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने प्रवेश मार्गों, घाटों पर अतिक्रमण रोकने, श्रद्धालुओं को घाटों पर रुकने से रोकने तथा आवश्यकतानुसार विश्राम स्थलों की ओर निर्देशित करने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा प्रशासन की प्राथमिकता है और सीसीटीवी व एआई तकनीक से पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी की जा रही है। ब्रीफिंग के पश्चात मंडलायुक्त ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संगम नोज सहित अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण कर शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

# पुलिस मुठभेड़ में बदमाश गिरफ्तार, पैर में लगी गोली, आरोपी पर दर्ज हैं 68 मुकदमें

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना चौक कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने तमंचा-कारतूस, मोटरसाइकिल व कुछ नकदी भी बरामद की है। मुठभेड़ में बदमाश के पैर गोली लगी है। घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पकड़े गए बदमाश पर शाहजहांपुर समेत कई जिलों के थानों पर 68 मुकदमें दर्ज हैं।एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि थाना चौक कोतवाली पुलिस को बीती रात मुखबिर से सूचना मिली कि एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश मोटर साइकिल से मोहल्ला मघई टोला में कान्हा गौशाला के पास पशु चोरी करने की रेकी कर रहा है। जिसके पास अवैध असलहा भी है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर बदमाश ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। गोली बदमाश के पैर में लगी। घायल बदमाश को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पकड़ा गया बदमाश थाना निगोही क्षेत्र के मोहल्ला ककरा निवासी सईद उर्फ बंजारा पुत्र चांद खां है। जिस पर शाहजहांपुर समेत आसपास के कई जिलों के थानों में भैंस चोरी, हत्या का प्रयास, गैंगस्टर आदि के करीब 68 मुकदमें दर्ज हैं। एसपी ने बताया कि मुठभेड़ में घायल बदमाश सईद बंजारा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उपचार के बाद बदमाश को कोर्ट में पेशकर जेल भेजा जाएगा। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना चौक कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह, एसआई सुशांत सिंह, नितिन कुमार आदि मौजूद रहे।

# मीटर रीडरों की लापरवाही से परेशान ग्रामीण उपभोक्ता, काट रहे दफ्तर के चक्कर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जहां एक ओर प्रदेश सरकार के ऊर्ज़ा मंत्री ए के शर्मा विभिन्न प्रकार की विद्युत योजनाएं चलाकर प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को सुधारने एवं विद्युत उपभोक्ताओं को सहूलियत देने का काम कर रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर विकास क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के विद्युत उपभोक्ताओं को मीटर रीडरों की लापरवाही का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। विदित हो कि विकास क्षेत्र के अंतर्गत दो विद्युत उपकेंद्र मौजूद है, एक बछरावां विद्युत उपकेंद्र तो दूसरा बिशनपुर विद्युत केंद्र। दोनों विद्युत केंद्रो के क्षेत्र में निजी एजेंसी के मीटर रीडर तैनात किए गए हैं। जिन्हें विभाग से संबंधित मीटर रीडिंग निकालने के कार्य में लगाया गया है। परंतु इन मीटर रीडरों की लापरवाही का परिणाम विकास क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले विद्युत उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। समय पर मीटर रीडर के द्वारा मीटर रीडिंग न निकालने को लेकर विद्युत उपभोक्ता अत्यधिक विद्युत बिल चुकाने का नुकसान झेल रहे हैं। इस गंभीर समस्या के विषय में जब ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न विद्युत उपभोक्ताओं से बातचीत की गई, तो उन उपभोक्ताओं में से किसी के द्वारा यह बताया गया कि हमारे गांव में तो 3 महीने पहले मीटर रीडर रीडिंग निकाल कर गए थे, किसी के द्वारा 2 महीने का हवाला दिया गया, तो किसी के द्वारा ढाई महीने पहले मीटर रीडर के आने की बात कही गई। ग्रामीण क्षेत्रों के विद्युत उपभोक्ताओं की इस गंभीर समस्या को लेकर जब संबंधित विभाग के उपखंड अधिकारी भूषण कुमार से उनके विभागीय सीयूजी दूरभाष नम्बर 9415901235 पर बातचीत की गई तो उन्होंने उक्त समस्या को सहर्ष स्वीकारते हुए बताया कि उक्त मीटर रीडर की जो एजेंसी है, उसको कई बार पत्र एवं विभिन्न माध्यमों से मीटर रीडरों की संख्या बढ़ाने की सूचना दी जा चुकी है। परंतु अभी तक उनके द्वारा इसमें सुधार नहीं किया गया। साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में यह समस्या प्रबल है।

# अगर आपके मकान में हैं अतिरिक्त कमरे तो बढ़ाएं इनकम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश में जिस तेजी से पर्यटकों की संख्या बढ़ी है, उसी गति से आवासीय सुविधाओं की मांग बढ़ी है। लखीमपुर खीरी, पीलीभीत और बहराइच में वन्यजीव अभयारण्यों के निकटवर्ती स्थानों में रहने वाले निवासियों के लिए एक नई संभावनाएं विकसित हो रही है। स्थानीय निवासी अपने मकानों के अतिरिक्त कमरे पर्यटकों को उपलब्ध कराकर अच्छी इनकम प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए पर्यटन विभाग बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे नीति-2025 लेकर आया है, जिसमें पंजीकरण सरल और सुलभ है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक लोग उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे नीति-2025 का लाभ उठाएं'। मंत्री ने बताया कि 'उत्तर प्रदेश में पर्यटन की बढ़ती रफ्तार अब केवल दर्शनीय स्थलों तक सीमित नहीं रही, बल्कि इससे स्थानीय लोगों के लिए आजीविका के नए द्वार भी खुलने लगे हैं। जैसे-जैसे प्रदेश में पर्यटकों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है, वैसे-वैसे गुणवत्तापूर्ण आवासीय सुविधाओं की मांग भी तेज़ी से बढ़ी है। वन्यजीव अभ्यारण्यों से सटे क्षेत्रों के निवासियों के लिए अपने घरों के अतिरिक्त कमरों को आय का सशक्त साधन बनाने का सुनहरा अवसर सामने आया है।' पर्यटन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और स्थानीय सहभागिता को बढ़ावा देने की दिशा में 'बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे नीति' आम नागरिकों के लिए एक सुनहरा अवसर बनकर उभरी है। अब यदि आप अपने घर के किसी हिस्से को पर्यटकों के लिए उपयोग में लाना चाहते हैं, तो यह नीति न केवल आपको सम्मानजनक अतिरिक्त आय उपलब्ध कराती है, बल्कि सरकार की ओर से रियायतें, व्यावसायिक प्रशिक्षण और व्यापक प्रचार-प्रसार जैसी सुविधाओं के माध्यम से आपके प्रयासों को सशक्त भी बनाती है। ऐसे आवासीय भवन, जिनमें भूस्वामी स्वयं निवास करता हो एवं उसके पास अपने प्रयोग के बाद अतिरिक्त कक्ष उपलब्ध हो, जिन्हें यह पर्यटकों को आवास हेतु उपलब्ध कराना चाहे। ऐसे कक्षों की संख्या अधिकतम 06 हो सकती है।

# नौ माह से पांच साल तक 3.28 लाख बच्चे पीयेंगे विटामिन ए की दवा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली । जनपद में विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम शुरू किया गया है जो कि 28 जनवरी 2026 तक चलेगा। इसके तहत नौ माह से पांच साल तक की आयु के बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाई जाएगी। इसी क्रम में जिला महिला अस्पताल स्थित प्रसव पश्चात केंद्र(पीपीसी), मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा ने और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोन में उप जिलाधिकारी चन्द्रप्रकाश ने फीता काटकर बच्चे को विटामिन ए की दवा पिलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके साथ ही सीएचसी बछरावां में चिकित्सा अधीक्षक डॉ अर्पिता श्रीवास्तव द्वारा शुभारम्भ किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि यह कार्यक्रम साल में दो बार, जुलाई-अगस्त तथा दिसम्बर-जनवरी में आयोजित होता है। इस बार इस अभियान में नौ माह से पांच साल तक की आयु के 3.28 लाख बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाने का लक्ष्य है। नौ से 12 माह के 37,421, एक से दो साल की आयु के 71,314 तथा दो से पांच साल की आयु के कुल 2.19 लाख बच्चे हैं। उप जिलाधिकारी सलोन ने कहा कि बच्चों का स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम की बच्चों को कुपोषण, अंधेपन और संक्रमण से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने अपील की कि अभिभावक नौ माह से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को निर्धारित सत्रों पर विटामिन ए की खुराक अवश्य पिलवाएं। शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल डॉ राकेश कुमार यादव ने बताया कि कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के साथ आईसीडीएस सहयोग कर रहा है। इसको लेकर सभी को प्रशिक्षित किया जा चुका है। दवा का सेवन एएनएम द्वारा ग्राम्य स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) पर कराया जायेगा। इसके साथ ही एमआर (मीजल्स-रूबेला) सहित नियमित टीकाकरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि विटामिन ए की बोतल खोलने के बाद आठ सप्ताह तक ही इसका उपयोग करना है।

## गार्ड की आत्महत्या का वीडियो एक हफ्ते बाद आया सामने, सिक्योरिटी एजेंसी मालिक सहित तीन अधिकारियों पर उत्पीड़न के आरोप

प्रयागराज। प्रयागराज में सिक्योरिटी एजेंसी में कार्यरत गार्ड की आत्महत्या का मामला सामने आने के बाद सनसनी फैल गई है। घटना के एक सप्ताह बाद मृतक द्वारा आत्महत्या से पहले बनाया गया वीडियो सामने आया है, जिसमें उसने एजेंसी के तीन अधिकारियों और एजेंसी मालिक पर मानसिक उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं।मृतक की पहचान नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्तूरीपुर निवासी विपिन शुक्ला के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार विपिन कर्ज के बोझ और नौकरी छूटने की आशंका से मानसिक रूप से परेशान था। आरोप है कि लगातार दबाव और उत्पीड़न के कारण वह अवसाद में चला गया।जानकारी के मुताबिक 17 दिसंबर को विपिन शुक्ला ने आत्महत्या से पूर्व वीडियो रिकॉर्ड किया और उसके बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। यह वीडियो उसके मोबाइल फोन में सुरक्षित था, जिसे घटना के एक सप्ताह बाद उसकी पत्नी ने देखा, तब पूरे मामले का खुलासा हुआ।फिलहाल पुलिस ने वीडियो को साक्ष्य के रूप में कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# डीएम के निर्देश पर शीतलहर के दृष्टिगत अधिकारियों ने रैन बसेरों के व्यवस्थाओं का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार जनपद की समस्त तहसीलों में अधिकारियों ने भ्रमणशील रहकर स्थाई और अस्थाई रैन बसेरों का निरीक्षण किया, साथ ही चिन्हित अलाव प्वाइंटों का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने रैन बसेरों में ठहरने वाले लोगों की सुविधाओं और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) अमृता सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जनपद में ठंड व शीतलहर के मद्देनजर व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। नगरीय क्षेत्र व जनपद की समस्त तहसीलों के अंतर्गत रैन बसेरा अलाव और कंबल वितरण की व्यवस्था की गई है। जनपद में आज अधिकारियों द्वारा भ्रमणशील रहकर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया और संबंधित कार्मिकों को निर्देश दिए गए कि कोई भी व्यक्ति खुले स्थान पर न रहे, भ्रमणशील रहकर यह सुनिश्चित कराया जाए, यदि कही पर कोई ऐसा व्यक्ति दिखाई दे तो उसको पास के रैन बसेरा में आश्रय दिलाई जाए। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में स्थापित रैन बसेरों में साफ-सफाई, गर्म पानी, प्रकाश और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके अतिरिक्त अलाव की व्यवस्था भी की गई है ताकि जरूरतमंद लोगों को ठंड से राहत मिल सके। कंबल वितरण जनपद में आज विभिन्न स्थलों पर शीतलहर से बचाव हेतु जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किया गया, इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल यादव ने लालगंज तहसील क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित किए गए।

# सज्जादा नशीन ने उर्स शरीफ की तैयारियों को लेकर की बैठक

जनवरी को मुशायरा व कवि सम्मेलन से होगी सालाना उर्स शरीफ की शुरूआत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलहर, शाहजहांपुर। नगर के सुप्रसिद्ध बुजुर्ग हजरत सैयद शाह शमसुद्दीन मियां के सालाना उर्स शरीफ की तैयारियों को लेकर सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने रजाकारों के साथ बैठक कर उन्हें जिम्मेदारियां सौंपी। ताकि उर्स के दौरान किसी को कोई दिक्कत ना हो और कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हो। बैठक में फूल मियां ने कहा कि 01 जनवरी की शाम को अखिल भारतीय मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन होगा।

जिसमें मोहम्मद अली अल्वी मुंबई, शाद पीलीभीत, आसिफ निगार सहारनपुर, खालिद सुल्तानपुरी, सलीम ताबिश लखनऊ, अवसर सिद्दीकी खटीमा उत्तराखंड, इरफान लखनऊ, राजेंद्र योगी मैनपुरी, दिनेश रस्तोगी, अजय अवस्थी आदि शायर और कवियों को आमंत्रित किया गया है। 02 जनवरी को रात में तकरीर होगी, जिसमें मौलाना सखावत हुसैन मुरादाबाद, मोहम्मद अनवर जावेद बरेली, मुस्तफा रजा मुर्तजा रजा बरेली, फुरकान रजा नूरी को बुलाया गया है। 03 जनवरी को सुबह में 10:30 बजे कुल शरीफ होगा। जिसमें मौलाना हुजूर अहमद मंजरी शहर इमाम शाहजहांपुर की तकरीर होगी। मखदूम अशरफ बनारसी को आमंत्रित किया गया है। उसके बाद कव्वाली का प्रोग्राम होगा। रात में भी कव्वाली होगी। 04 जनवरी को रात में कव्वाली होगी। कहा कि सभी लोगों को अपने-अपने कार्यों की जिम्मेदारी अच्छे से निभाएंगे और आने वाले जायरीन का ख्याल रखेंगे। बैठक में मोहम्मद आसिफ फरीदी, ओवैस खान, वाजिद खान, चांद साबरी, इब्ने हसन, राहतुल्ला खान, शरीफ कुरैशी, साजिद खान, विनीत खन्ना, प्रेमचंद्र, गुलरेज, सैयद इरशाद अली, सैयद मतलूब अली आदि मौजूद रहे।

# लखनऊ जिला पंचायत बोर्ड बैठक में बवाल

**रिश्वतखोरी के आरोपों को लेकर तख्ती-बैनर संग सदस्यों का जोरदार प्रदर्शन**

**नक्शा स्वीकृति से लेकर विकास कार्यों तक भ्रष्टाचार का आरोप**




कैनविज टाइम्स संवाददात

लखनऊ। लखनऊ जिला पंचायत की बोर्ड बैठक उस समय पूरी तरह हंगामेदार हो गई, जब जिला पंचायत सदस्यों ने हाथों में तख्ती और बैनर लेकर बैठक के भीतर ही जोरदार विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। नक्शा स्वीकृति और विकास कार्यों में कथित रिश्वतखोरी को लेकर सदस्यों ने तीखे सवाल खड़े किए और जिला पंचायत कार्यालय में खुलेआम भ्रष्टाचार होने के गंभीर आरोप लगाए।

जिला पंचायत सदस्यों का कहना था कि बिना रिश्वत दिए न तो नक्शा स्वीकृत किया जा रहा है और न ही विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। आरोप लगाया गया कि कुछ अधिकारी मनमानी पर उतारू हैं, जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, नाली, पेयजल सहित कई महत्वपूर्ण विकास कार्य अधूरे पड़े हैं और आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हंगामे के बीच बोर्ड बैठक में अपर मुख्याधिकारी के खिलाफ निंदा प्रस्ताव भी पारित किया गया। सदस्यों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ जनता में भी आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बैठक के दौरान माहौल काफी तनावपूर्ण बना रहा। जिला पंचायत सदस्यों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई और दोषियों पर तुरंत कार्यवाही की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि व्यवस्था में शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन में जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज, जितेन्द्र जायसवाल, किरण सिंह, मो. यूसुफ समेत विभिन्न वार्डों के लगभग डेढ़ दर्जन जिला पंचायत सदस्य मौजूद रहे। जिला पंचायत की इस बोर्ड बैठक में हुआ हंगामा अब पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# सीएम के आदेश बेअसर, जोन-7 में फल-फूल रही अवैध प्लाटिंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के सख्त निर्देशों और लखनऊ विकास प्राधिकरण की कार्रवाई के दावों के बावजूद राजधानी में अवैध प्लाटिंग का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक ओर एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेष कुमार अवैध निर्माण और गैरकानूनी प्लाटिंग पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शहर के बीचो-बीच नियमों को ताक पर रखकर धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग जारी है। मामला एलडीए के जोन-7 अंतर्गत थाना सहादतगंज क्षेत्र का है। बावली पुलिस चौकी के पीछे पुरानी घीयाई, लकड़मंडी इलाके में श्री जटेश्वर महादेव मंदिर के सामने खुलेआम अवैध रूप से प्लाट काटे जा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि संबंधित अवर अभियंता को पूरे प्रकरण की जानकारी होने के बावजूद मौके पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा सकी है। अवर अभियंता का कहना है कि मामले में नोटिस जारी की जा चुकी है, लेकिन नोटिस के बाद भी अवैध प्लाटिंग का लगातार जारी रहना प्रशासनिक लापरवाही पर सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यदि समय रहते सख्त कदम उठाए जाते तो यह अवैध गतिविधि आगे न बढ़ती। गौरतलब है कि अवैध प्लाटिंग रोकने को लेकर मुख्यमंत्री, मंडलायुक्त और एलडीए उपाध्यक्ष द्वारा स्पष्ट व सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। इसके बावजूद जोन-7 में इन आदेशों की अनदेखी होना कहीं न कहीं जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है। अब देखना यह है कि प्रशासन कब तक इस अवैध प्लाटिंग पर लगाम कस पाता है और दोषियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करता है।

# भीषण ठंड में पशु आश्रय केंद्रों की जमीनी हकीकत

**कहीं अलाव-चारा से राहत, तो कहीं गंदगी और लापरवाही उजागर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां , लखनऊ। कड़ाके की ठंड के बीच ग्राम पंचायतों में संचालित अस्थायी पशु आश्रय केंद्रों की वास्तविक स्थिति सामने आई है। पड़ताल में यह स्पष्ट हुआ कि कुछ पंचायतों में पशुओं के संरक्षण को लेकर जिम्मेदारों ने सराहनीय पहल की है, वहीं कई स्थानों पर लापरवाही पशुओं के लिए मुसीबत बनती नजर आ रही है। मोहनलाल गंज ब्लाक अंतर्गत आने वाली समेसी एवं सलेमपुर अचाका व गढ़ा ग्राम पंचायत स्थित पशु आश्रय केंद्रों में ठंड से बचाव के लिए अलाव जलता मिला और पशुओं के लिए चारा व पानी की समुचित व्यवस्था पाई गई। इसी प्रकार उतरावां और कमालपुर विचलिका ग्राम पंचायत के पशु आश्रय केंद्रों में साफ-सफाई के साथ-साथ चारा-पानी की बेहतर व्यवस्था देखी गई, जिससे वहां रखे पशु अपेक्षाकृत सुरक्षित और स्वस्थ नजर आए। इसके विपरीत कंाटा करौंदी और मीरख नगर ग्राम पंचायत के पशु आश्रय केंद्रों में स्थिति चिंताजनक मिली। यहां टीन शेड के नीचे गंदगी का अंबार लगा हुआ था, जिससे न केवल दुर्गंध फैल रही थी बल्कि पशुओं के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा था। हालांकि एक स्थान पर अलाव जलता हुआ दिखाई दिया और गोपालक भी पशु आश्रय केंद्रों पर मौजूद मिले, लेकिन समग्र व्यवस्था संतोषजनक नहीं कही जा सकती। ठंड के इस भीषण दौर में कई केंद्रों पर अलाव और साफ-सफाई की कमी प्रशासनिक दावों की पोल खोलती नजर आई। स्थानीय लोगों का कहना है कि जहां नियमित निगरानी हो रही है, वहां व्यवस्थाएं दुरुस्त हैं, जबकि बदहाल केंद्रों पर जिम्मेदारों की अनदेखी पशुओं के लिए गंभीर संकट पैदा कर रही है। अब यह देखना अहम होगा कि प्रशासन इन खामियों पर कितनी जल्दी संज्ञान लेकर ठोस कार्रवाई करता है।

# टापे वाली गली बनी 'गंदे पानी की नहर' नालियाँ उफनाईं, जिम्मेदार गहरी नींद में

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । कश्मीरी मोहल्ला वार्ड की टापे वाली गली इन दिनों बदहाली की बदबू से कराह रही है। कई दिनों से नालियाँ ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बह रही हैं, लेकिन सफाई कर्मचारियों से लेकर जिम्मेदार सुपरवाइजर तक लापरवाही की चादर ओढ़े हुए हैं।

सरकार से नियमित वेतन लेने के बावजूद जनता को बुनियादी सुविधा से वंचित रखा जा रहा है। हालात इतने बदतर हैं कि नालियाँ पूरी तरह जाम होकर सिल्ट से पटी पड़ी हैं, और गंदा पानी घरों के सामने बहता हुआ गलियों को नर्क बना चुका है। बदबू, मच्छरों का आतंक और फिसलन, सब कुछ एक साथ। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई दिनों से यही हाल है, शिकायतें की गईं, मगर नतीजा शून्य। इलाके के निवासियों का आरोप है कि जब जिम्मेदार अफसरों से सवाल किया जाता है तो आश्वासन मिलते हैं, सफाई नहीं। गली में बच्चों का निकलना मुश्किल हो गया है, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए तो हालात और भी खतरनाक हैं। हर गुजरते दिन के साथ बीमारी फैलने का खतरा बढ़ता जा रहा है। अब सवाल यह है कि क्या जिम्मेदार अधिकारी कुर्सी पर बैठकर गंदगी का तमाशा देखते रहेंगे? या फिर कब टूटेगी लापरवाही की नींद और कब मिलेगी कश्मीरी मोहल्ला वार्ड की टापे वाली गली को राहत? जनता जवाब चाहती है और जल्द चाहती है।

## अटल बिहारी वाजपेई ने भारतीय राजनीति को प्रदान की थी नई दिशा: कमलेश मिश्रा



बीकेटी,लखनऊ। अटल जन्म शताब्दी समारोह के अंतर्गत विधानसभा बख्शी का तालाब में सोमवार को अटल स्मृति विधानसभा सम्मेलनएक निजी लॉन में आयोजित हुआ।सम्मेलन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजय मौर्य द्वारा की गई,सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा उपस्थित रहे,सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने अटल बिहारी वाजपेई के जीवन चरित्र पर विस्तार से बोलते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेई ने भारतीय राजनीति को नई दिशा प्रदान की,उन्होंने राजनीति में त्वरित लोकप्रियता और तात्कालिक लाभ की परवाह किए बिना खरीद फरोख्त से सरकार बनाने से साफ इनकार किया था आगे उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई का मानना था कि लोकतंत्र में सत्ता टिकाऊ तभी होती है जब उसकी जड़े संगठन से जुड़ी होती हैं उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध के समय उनका नेतृत्व स्पष्ट करता है कि संगठनात्मक अनुशासन से निकला नेतृत्व संकट के समय निर्णय ले सकता है और विजय भी सुनिश्चित कर सकता है।आगे उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई के प्रधानमंत्री काल में हुए परमाणु परीक्षण केवल देश की वैज्ञानिक समर्थ का प्रदर्शन नहीं थे,अपितु वे राष्ट्रीय चेतना की उद्घोषणा थे अपने प्रधानमंत्री काल में पांच सफल प्रमाण परीक्षणों के साथ भारत को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर प्रतिष्ठित किया उनका मानना था कि आत्मरक्षा का अधिकार किसी भी राष्ट्र का मौलिक अधिकार है,अंतरराष्ट्रीय दबाव और संभावित प्रतिबंधों के बीच अटल बिहारी बाजपेई का यह ऐतिहासिक निर्णय उनके राजनीतिक साहस नैतिक दृढ़ता और राष्ट्रीय स्वाभिमान का दुर्लभ संगम सिद्ध हुआ था।इस अवसर पर विधायक बीकेटी योगेश शुक्ला,जिला उपाध्यक्ष रवि तिवारी,जिला मीडिया प्रभारी विवेक सिंह,अनुसूचित मोर्चे के जिला अध्यक्ष कामता प्रसाद रावत,जिला उपाध्यक्ष मनोज प्रजापति,अरविंद यादव जिला महामंत्री,राजकुमार पटेल समेत जिले के पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर डीएम ने की बैठक




लखनऊ । सोमवार कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर जनपद लखनऊ में कार्यक्रमों के सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं गरिमामय आयोजन सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी लखनऊ विशाख की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में गणतंत्र दिवस से जुड़े समस्त आयोजनों, परेड, यातायात, सुरक्षा, स्वच्छता, चिकित्सा, विद्युत, पेयजल, सजावट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, कानून-व्यवस्था से संबंधित सभी व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में ज़िलाधिकारी द्वारा उपस्थित समस्त अधिकारियों से यह अपेक्षा की गई कि इस बार के राष्ट्रीय पर्व में उत्कृष्ट व गरिमामय कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए आयोजन और भव्य और गरिमामय बनाया जाए। उन्होने कहा है कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर होने वाले सभी कार्यक्रम आकर्षक, प्रेरणादायक एवं शिक्षाप्रद हो।उन्होंने कहा कि 26 जनवरी, 2026 को विधान सभा के समक्ष होने वाला कार्यक्रम गरिमायुक्त एवं महत्वपूर्ण होता है जिसमें महामहिम राज्यपाल महोदया एवं प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री भी उपस्थित रहतें हैं। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस परेड भव्य एवं प्रतिष्ठित समारोह है जिसमे सभी विभागों को अपना पूर्ण योगदान देते हुए कार्यक्रम को भव्य बनाया जाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में ज़िलाधिकारी द्वारा महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गये। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त सम्बंधित विभागों को निर्देश दिये है कि वो अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन निष्ठापूर्ण व मेहनत से करते हुए आगामी गणतंत्र दिवस की सभी तैयारियॉ समय से पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में ज़िलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि लोक निर्माण विभाग व विधुत विभाग अभी से ही परेड के रुट का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाए सुनिश्चित कराए और प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए। उक्त के साथ ही सभी सम्बंधित विभाग के अधिकारी रवींद्रालय चारबाग़ पर एकत्रित होकर परेड के रूट का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कर ले।

# नगर आयुक्त ने विभिन्न वार्डों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। शहर में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार द्वारा विभिन्न जोनों एवं वार्डों का व्यापक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, बैक लेन की साफ-सफाई, नालियों की सफाई, रंगाई-पुताई, वॉल पेंटिंग एवं ब्यूटीफिकेशन कार्यों की स्थिति का जायजा लिया।

इसके साथ ही नगर आयुक्त ने आम नागरिकों से सीधे संवाद कर डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था को लेकर फीडबैक भी प्राप्त किया।नगर आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन नियमित रूप से नहीं हो रहा है, वहां तत्काल व्यवस्था को दुरुस्त करते हुए कूड़ा कलेक्शन बढ़ाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में कूड़ा खुले में या इधर-उधर न फेंका जाए। सभी क्षेत्रों से आरसी बिन हटाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि अब कूड़ा केवल नगर निगम की कूड़ा गाड़ियों में ही दिया जाए, ताकि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके।निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त महोदय ने जोन-5 अंतर्गत गुरु गोविंद सिंह बोर्ड स्थित पटेल नगर एवं आदर्श नगर का निरीक्षण किया। इसके साथ ही रामजीलाल सरदार पटेल वार्ड के अंतर्गत समर विहार एवं चित्रगुप्त नगर मोहल्ले में सफाई व्यवस्था, नालियों की स्थिति और बैक लेन की साफ-सफाई का जायजा लिया।

# अंधे की चौकी महीपतमऊ मार्ग बना जलभराव का स्थायी शिकार

**अफसरशाही के अस्थायी समाधान से जनता बेहाल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



दुबग्गा लखनऊ । नगर निगम जोन-6 अंतर्गत अंधे की चौकी से महीपत मऊ मार्ग तक का क्षेत्र वर्षों से जलभराव और बदहाल सड़क की समस्या से जूझ रहा है। हर बारिश में यह मार्ग तालाब में तब्दील हो जाता है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन की उदासीनता और बिना ठोस योजना के किए जा रहे कार्यों ने समस्या को और गंभीर बना दिया है।हाल ही में नगर निगम द्वारा सड़क के बीचों बीच खुदाई कर आरसीसी (टएए) पाइप डाले कि योजना हैं। दावा किया जा रहा है कि इससे जलनिकासी की समस्या का समाधान निकलेगा। लेकिन मौके पर न तो आगे कोई नाला मौजूद है और न ही पानी की निकासी का स्पष्ट मार्ग। ऐसे में यह कार्य जनता को राहत देने से अधिक अस्थायी और दिखावटी प्रयास प्रतीत हो रहा है।स्थानीय निवासियों का कहना है कि पहले इस मार्ग पर नाला मौजूद था। जिसे बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के बंद कर दिया गया। इसके बाद से स्थिति बद से बदतर होती चली गई। बारिश के दिनों में वाहन बीच सड़क में बंद हो जाते हैं और पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है।लगातार शिकायतों के बाद जोनल अधिकारी अमरजीत यादव मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। लेकिन जब उनसे स्थायी समाधान को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि फिलहाल कोई परमानेंट समाधान नहीं है, केवल अस्थायी कार्य कराया जा रहा है।इस बयान ने जनता की चिंता और नाराजगी दोनों बढ़ा दी। लोगों का कहना है कि उनकी परेशानी स्थायी है, जबकि प्रशासन केवल अस्थायी जिम्मेदारी निभा रहा है।स्थिति तब और सवालों के घेरे में आ गई जब योजना अधिकारी समाधान बताने के बजाय स्थानीय लोगों से ही सुझाव मांगते नजर आए। लोगों ने तीखा सवाल उठाया कि जब योजनाएं जनता ही तय करेगी, तो फिर कार्यालयों में बैठे अधिकारियों की भूमिका क्या रह जाती है।हालांकि, इस पूरे मामले में निर्माण विभाग के जेई रमन कुमार सिंह की सक्रियता चर्चा में रही। मौके पर जेसीबी मशीनों के साथ मौजूद रहकर उन्होंने जलनिकासी के लिए रास्ता निकालने का प्रयास किया। जेई रमन कुमार सिंह ने बताया कि आरसीसी पाइप डालकर रास्ता निकाला जा रहा है, ताकि पानी की निकासी किसी तरह हो सके। सिला (स्लैब) निर्माण का कार्य भी जारी है। स्थानीय लोगों ने माना कि सीमित संसाधनों में जेई स्तर पर ईमानदार प्रयास किए जा रहे हैं।निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पार्षद एसडीएम तथा पीडब्ल्यूडी के जेई भी मौजूद रहे। मौके पर निरीक्षण हुआ, फोटो खिंचीं लेकिन अब तक कोई स्पष्ट और दीर्घकालिक कार्ययोजना सामने नहीं आई।यह मामला सिर्फ एक सड़क या नाले का नहीं बल्कि नगर निगम और पीडब्ल्यूडी की विफल योजना टालमटोल भरी टेंडर प्रक्रिया और जवाबदेही के अभाव का उदाहरण बन गया है।

# विद्यालय में बच्चों के द्वारा संपन्न हुआ वार्षिकोत्सव समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ। अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद स्मारक विद्यालय बड़ागांव काकोरी लखनऊ का वार्षिकोत्सव समारोह अत्यंत धूमधाम के साथ मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ समारोह के अति विशिष्ट अतिथि राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री गिरीश चंद्र मिश्र जी, विद्यालय परिवार की गुरु माता डॉ. इंदु प्रभा जी व विद्यालय के प्रबंधक राष्ट्रीय कवि अशोक अग्निपथी ने दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती जी और चंद्रशेखर आजाद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया । विद्यालय के प्रबंधक अशोक अग्निपथी एवं डायरेक्टर अनंतराम वर्मा ने अति विशिष्ट अतिथि गिरीश चंद्र मिश्र का स्वागत-सम्मान उन्हें अंग वस्त्र व माला पहनाकर और स्मृति चिह्न देकर किया ।

विद्यालय परिवार द्वारा शुरू किया गया प्रथम डॉ राम शंकर स्मृति सम्मान विद्यालय की चेयरमैन शबा अग्निपथी और प्रबंधक अशोक अग्निपथी ने डॉ. इंदु प्रभा जी को अंग वस्त्र भेंट कर, माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर किया । वार्षिकोत्सव समारोह में बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ सरस्वती वंदना पर मनमोहक प्रस्तुति से हुआ । पूरे कार्यक्रम में बच्चों ने बहुत ही मनमोहक प्रस्तुतियां दी । जहां एक ओर नशा मुक्ति, दहेज, आत्महत्या जैसे गंभीर विषयों पर बच्चों ने नाटक करके समाज को बड़ा संदेश दिया, वहीं बच्चों की गीतों पर प्रस्तुतियां भी बहुत ही सुंदर और संदेश परक रहीं । कार्यक्रम में बच्चों की प्रस्तुतियां इतनी प्रभावित थीं कि कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि गिरीश चंद्र मिश्र ने बच्चों की प्रस्तुतियों पर उनकी बहुत सराहना की और इसके लिए विद्यालय परिवार को धन्यवाद व बधाई भी दिया । इस समारोह में आए हुए देश के कई सुप्रसिद्ध कवियों ने काव्य पाठ भी किया । कवियों का स्वागत सम्मान विद्यालय के डायरेक्टर अनंत राम वर्मा और प्रधानाचार्य उदय भानु प्रताप ने किया । काव्य पाठ करने वाले कवियों में वरिष्ठ कवि डॉ. अशोक अज्ञानी, डॉ. राघवेंद्र मिश्र प्रणय, डॉ. कुमार पुष्पेंद्र और सतीश पाखंडी ने अपने-अपने काव्य पाठ से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया । कार्यक्रम का बहुत ही सुंदर संचालन वरिष्ठ एवं श्रेष्ठ कवि कृष्ण कुमार मौर्य सरल ने किया । कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुतियां देने वाले सभी बच्चों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ मोहनलाल पासी, रामसागर यादव, राममिलन, अर्जुन वर्मा, राज पाण्डेय, राममिलन आदि गणमान्य नागरिकों और बड़ी संख्या में अभिभावकों व बच्चों की उपस्थिति रही । विद्यालय के प्रबंधक अशोक अग्निपथी, चेयरमैन शबा अग्निपथी, डायरेक्टर अनंतराम वर्मा, प्रधानाचार्य उदय भानु प्रताप, और शिक्षकों में राघवेंद्र सिंह, नीलम रावत , तनु वर्मा, शुभम सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## नगर निगम का अतिक्रमण के विरुद्ध सघन अभियान, प्रमुख मार्ग किए गए अतिक्रमण मुक्त

लखनऊ। नगर निगम लखनऊ ने शहर में लगातार बढ़ते अतिक्रमण और यातायात अवरोधों को गंभीरता से लेते हुए सोमवार को एक सघन एवं बहुस्तरीय अभियान चलाया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के निर्देश पर की गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर की प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर नागरिकों को सुगम, सुरक्षित और निर्बाध यातायात सुविधा उपलब्ध कराना है।नगर निगम जोन-05 क्षेत्र के अंतर्गत एयरपोर्ट नादरगंज चौराहे से पटरी दरोगा खेड़ा तक तथा सरोजनी नगर औद्योगिक क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान ठेला, ठेलिया, खुमचा, गुमटी, काउंटर आदि के माध्यम से किए गए अस्थायी अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। अभियान के अंतर्गत कुल 10 ठेले, 4 गुमटी और 15 काउंटर हटाए गए, जबकि 1 सिलेंडर, 1 ठेलिया और 1 इलेक्ट्रिक तराजू जब्त किया गया। साथ ही अतिक्रमणकारियों को भविष्य में पुनः अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी दी गई।

# ईदगाह में सेंट मैरी पब्लिक इंटर कॉलेज के बच्चों को किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । सोमवार को ऐशबाग़ स्थित ईदगाह में एक कार्यक्रम के दौरान सेंट मैरी पब्लिक इंटर कॉलेज के बच्चों को ईदगाह के ईमाम खालिद रशीद फिरंगी महली ने सम्मानित किया। हाल ही में सेंट मैरी पब्लिक इंटर कॉलेज द्वारा आयोजित तीन दिवसीय स्पोर्ट्स डे, इंटर हाउस स्कूल ओलंपिक एवं पी.टी. डिस्प्ले 2025 का आयोजन किया गया था।

यह कार्यक्रम न सिर्फ़ खेल का महोत्सव था, बल्कि अनुशासन, प्रतिभा और टीमवर्क का जीवंत उत्सव भी साबित हुआ। खेल मैदान में बच्चों ने बॉक्सिंग, कबड्डी, रस्साकशी, ताइक्वांडो, खो-खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और टेबल टेनिस, सहित हर खेल में विद्यार्थियों ने न सिर्फ़ जीत का जज़्बा दिखाया, बल्कि खेल भावना का उम्दा परिचय भी दिया था। इन्ही प्रतिभागियों को ईदगाह के ईमाम खालिद रशीद फिरंगी महली ने मेडल व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया था। इस मौके पर ईमाम खालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा सेंट मैरी पब्लिक इंटर कॉलेज लखनऊ का एक हाई स्टैंडर्ड कॉलेज है जहां बच्चों को बेहतरीन शिक्षा के साथ-साथ उनके ओवरऑल पर्सनालिटी डेवलपमेंट की तरफ पूरी तवज्जे दी जा रही है जिसमें स्पोर्ट बहुत अहम रोल प्ले करता है। उन्होंने कहा आज यहां ईदगाह में बच्चों को इस मकसद से सम्मानित किया गया है जिससे कि वह पढ़ाई के साथ-साथ तमाम खेलों के माध्यम से भी अपने स्कूल का व देश का नाम रोशन कर सके।

# जिलाधिकारी के सख्त निर्देशों के उपरांत भी सकरन में धान खरीद में जमकर की जा रही धांधली

**धान क्रय केंद्र सांडा,अरुवा नसीरपुर, महराजनगर अदवारी, बोहरा पलोली हब व दुगाना में केंद्र प्रभारी व सचिवों ने मचा रखी खुली लूट जिन्हें स्थानीय शासन व प्रशासन ने दे रखी है खुली**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन, सीतापुर। किसानों की आय में इजाफा करने के मार्फत सरकार ने क्षेत्र के किसानों के लिए घ्एक्कव ठघ्एठ के कई धान क्रय केंद्रों की स्थापना कराई पर प्रशासन की हीलाहवाली के बीच पात्र किसान आज भी धान तौल कराने के लिए साहब के चक्कर लगा रहे किन्तु जिलाधिकारी के चुस्त दुरुस्त सचिवों/केंद्र प्रभारियों ने अनाम लोगों के नाम सैकड़ो टन धान खरीद कर उनके खातों में पैसा ट्रांसफर करवा बंदरबाँट कर लिया का आरोप लगाते हुए भारतीय किसान यूनियन जनमंच के जिलाध्यक्ष रामशंकर सिंह ने बताया कि बीडीओ/एडीओ सहकारिता सकरन को समूचे क्रय केंद्रों पर की जा रही धांधली के विषय में अवगत कराने के पश्चात भी पात्र व गरीब किसानों का शोषण थमने का नाम नहीं ले रहा है जिस फर्जीवाड़े की बानगी ही प्रशासन के कान खोलने के लिए काफ़ी है।

## सी. एम. एस. बिसवां पुरैनी एट अदवारी केंद्र

विगत 17.10.2025 से लेकर दिनांक 26.12.2025 तक 137 किसानों से 897.4टन धान 21438886 रुपए का ख़रीदा तो गया पर इसमें 80फीसदी फर्जी किसानों की ही खरीद हुई, गांव अदवारी निवासी किसान गजराज जिनकी किसान आई. डी. 15 65है ने दिनांक 17,18व 27.10.2025को क्रमशः 5.10, 3.12, 8.20टन धान खरीदकर 121839, 74536.80 व 195890 रूपए खाते में ट्रांसफर कर दिए गए पर ग्रामीणों ने बताया कि उक्त किसान सिर्फ केले की खेती करते हैं फिर न जाने खसरे में धान कैसे फीड हो गया इसी तरीके से अदवारी निवासिनी रेनू देवी ने 8.2 टन धान 198981 रूपए का 10.11.2025 को बेच डाला, लखनऊ निवासी किसान प्रदीप कुमार जिनकी किसान आई. डी. 15 80है ने करीब 170कुंटल धान बेंचकर करीब 4लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद अनाम किसानों जिनका कोई पता ही नहीं है पिंकी देवी ट्ट्ठ्ठ ने 11.96 टन 2लाख 85 हजार 7सौ 24रूपए का 20.11.25 को बेंचा, चंदन निवासी 111ने 10.20टन करुणाशंकर 111ने 8.36टन अनूप कुमार निवासी 78अ, अनूप कुमार पध्, रोहित पध्, रिंकी, राकेश, शिल्पी, रामदुलारी, विनीता निवासी पध् जैसे दर्जनों किसानों ने दस्तावेजों में हेरफ़ेर कर पात्र किसानों के हक पर डाका डालने का कार्य केंद्र प्रभारी /सचिव ने किया है के आरोप लग रहे।

बी. पैक्स लि. दुगाना जहां किसानों की पहचान छुपाने के लिए पते के नाम सिर्फ पद्धद्यद्यथद्दद्ग लिखकर 963.26टन धान खरीद कर लि गई, बी. पैक्स लि. बोहरा पलोली हब में जहां किसानों के पते ही गायब फिर भी 149किसानों से 1049.2 टन धान खरीदकर 2,50,65,388 रूपए ट्रांसफर कर दिए गए, सहकारी संघ लि. महराजनगर में विशेष गाँवो के किसानों का ही अधिकांशतः खरीदकर 1113.64 टन धान 26604859.6रूपए का पेमेंट कर दिया गया जहां सूचना प्राप्त हुई है कि दर्जनों अपात्र किसानों के नाम तौल कराई गई है। बी. पैक्स लि. अरुवा नसीरपुर व सांडा में किसानों के पते के नाम पर न, न्द्ग, द्ग, द, टक जैसे कोडवर्ड दर्ज कर दस्तावेजों में हेर - फ़ेर कर 2करोड़ 77लाख 92हजार 192रूपए व 2करोड़ 86लाख 62हजार 655रूपए का भुगतान कर दिया गया जबकि केंद्र सांडा व अरुवा पर बिचौलियों का धान रात के अंधेरे में तौला जाता रहा और पात्र छोटे किसान व्यापारियों को धान बेंचने को मजबूर होते रहे।

# कोरौना पड़ाव व परिक्रमा मार्ग का प्रशासनिक निरीक्षण कर समस्याओं को देखा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मिश्रि,ख, सीतापुर । जिलाधिकारी के निर्देशानुसार आज कोरौना पड़ाव एवं परिक्रमा मार्ग का विधिवत स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्रा एवं तहसीलदार के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे । निरीक्षण के दौरान परिक्रमा मार्ग की व्यवस्थाओं, श्रद्धालुओं की सुविधाओं, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था एवं सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं का गहनता से अवलोकन किया गया। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने कई समस्याओं का तत्काल समाधान कराया, जबकि शेष समस्याओं के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।इस अवसर पर परिक्रमा सेवा समिति के अध्यक्ष महंत नारायण दास जी महाराज (पहला आश्रम) एवं सचिव महंत संतोष दास खाकी जी महाराज (बनगढ़ आश्रम) भी उपस्थित रहे। उन्होंने परिक्रमा मार्ग की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाए जाने के लिए प्रशासन को महत्वपूर्ण सुझाव दिए।प्रशासन द्वारा आश्वासन दिया गया कि श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूरी की जाएंगी, ताकि परिक्रमा के दौरान किसी को समस्याएं न हो ।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की हत्या, मायके पक्ष का आरोप

सीतापुर। जनपद के इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हथिया मल्हपुर में दहेज उत्पीड़न का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष के अनुसार विवाहिता अन्जुला शुक्ला की उसके पति और ससुर ने गला दबाकर हत्या कर दी। मृतका के भाई ने बताया कि अन्जुला शुक्ला का विवाह लगभग सात वर्ष पूर्व हिंदू रीति-रिवाज से कपिल अवस्थी पुत्र मनोज अवस्थी निवासी हथिया मल्हपुर के साथ हुआ था। विवाह के समय माता-पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति और ससुर ने और अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर अन्जुला को लगातार प्रताड़ित किया जाने लगा। कई बार मारपीट की गई और मायके वालों से रुपये की मांग की जाती रही। पीड़िता ने घटना से कुछ दिन पहले फोन पर रोते हुए अपने भाई को बताया था कि यदि दहेज की मांग पूरी नहीं की गई तो उसकी हत्या कर दी जाएगी। आरोप है कि 26 दिसंबर 2025 को आरोपियों ने मारपीट के बाद गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

# प्रमुख सचिव ने राजकीय मेडिकल कालेज व धान खरीद केन्द्रों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। राष्ट्रीय एकीकरण एवं पुर्नगठन समन्वय विभाग के प्रमुख सचिव तथा जनपद के नोडल अधिकारी मनीष चैहान ने जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह के साथ राजकीय मेडिकल कालेज का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने मेडिकल में निर्माणाधीन मुख्य द्वार, बाउंड्रीवाल, 100 बेड अस्पताल, 50 बेड क्रिटीकल केयर ब्लॉक, इमरजेन्सी ब्लॉक, सीसी रोड आदि निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि ने बताया कि 100 बेडेड अस्पताल का निर्माण कार्य मूल परियोजना में शामिल था, लेकिन स्थान परिवर्तित होने के कारण विद्युत के अतिरिक्त कार्यों में बढ़ोत्तरी हुई है। उक्त कार्य नवीन कार्य है तथा मौके पर नहीं हुए हैं। कहा कि अतिरिक्त विद्युत कार्य जरूरी है तथा अस्पताल के संचालन के लिए इनको कराना आवश्यकता है। बताया कि उक्त अतिरिक्त विद्युत कार्यों के लिए रुपए 495.77 लाख महानिदेशालय में प्रेषित किया जा चुका है और कार्य नवीन होने के कारण कार्यदायी संस्था नामित होनी है। जिसको इस वर्ष 2025-26 की कार्य योजना में शामिल किया गया है। कार्यदायी संस्था ने अतिरिक्त सिविल कार्यों का आगणन रुपए 997.15 लाख प्रस्तुत किया। जोकि मूल परियोजना में नहीं है। वहीं, नोडल अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य मानकों के अनुरूप हों, लापरवाही न बरती जाए। इसके बाद प्रमुख सचिव ने रौजा मंडी में संचालित धान खरीद केन्द्रों का निरीक्षण किया और धान खरीद की प्रक्रिया, किसानों को मिलने वाली सुविधाओं, भुगतान की स्थिति की जानकारी ली। वहीं, प्रमुख सचिव ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि केन्द्रों पर भंडारित अवशेष धान को मिलों को भेजें, ताकि आगामी वर्षा आदि से धान की गुणवत्ता प्रभावित न होने पाए व किसी भी प्रकार की शासकीय क्षति से बचा जा सके। कहा कि किसानों से पारदर्शी धान की खरीद की जाए। शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को उनकी उपज का समय पर मूल्य मिले।

## पंच कोसी परिक्रमा मार्ग पर रेलवे क्रासिंग का निर्माण कराने सांसद ने दिया पत्र



मिश्रिख सीतापुर। लोक सभा मिश्रित के सांसद अशोक कुमार रावत ने महा प्रबंधक उत्तर रेलवे बड़ौदा हाउस नई दिल्ली के अशोक कुमार वर्मा को एक पत्र देकर अवगत कराया है । कि विधान सभा क्षेत्र मिश्रित के कस्बा मिश्रित में प्रत्येक वर्ष चौरासी कोसी परिक्रमा होती है । परन्तु कस्बा मिश्रित के पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर परिक्रमार्थियों को दो जगह रेलवे क्रासिंग पार करनी पड़ती है । जिससे कई बार हादसे भी हो चुके है । इस लिए सांसद अशोक कुमार रावत ने रेलवे क्रासिंग के पास मार्ग निर्माण कराए जाने का निर्देश दिया है ।

# आकांक्षा स्कूल में हुआ एनुअल स्पोर्ट्स डे का आयोजन

**एसपी ने किया शुभारम्भ, एसपी ने विजेता क्रिकेट टीम को किया सम्मानित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । आकांक्षा पब्लिक स्कूल में एनुअल स्पोर्ट्स डे कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एसपी राजेश द्विवेदी ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया।

इस दौरान उन्होंने अमर शहीदों को पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं, विद्यालय प्रबंधन ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। एनुअल स्पोर्ट्स डे के तहत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं हुईं। जिसमें विद्यार्थियों ने अनुशासन, टीम भावना एवं खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एसपी ने विजेता क्रिकेट टीम को पुरस्कार देकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। एसपी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल गतिविधियां शारीरिक विकास के साथ ही मानसिक मजबूती, नेतृत्व क्षमता एवं अनुशासन का विकास करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय सहभागिता करने, लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने तथा जीवन में सकारात्मक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# रूट प्लान को लेकर विरोध, विधायक अमन गिरी के आवास पर पहुंचे रिक्शा चालक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोला खीरी। नगर क्षेत्र में लगातार बढ़ते यातायात दबाव और जाम की गंभीर समस्या को देखते हुए प्रशासन द्वारा रिक्शा चालकों के लिए नया रूट प्लान लागू करने की तैयारी की जा रही है। प्रशासन का मानना है कि इस नई व्यवस्था से शहर के प्रमुख चौराहों और बाजार क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था सुचारु हो सकेगी। लेकिन प्रस्तावित रूट प्लान को लेकर रिक्शा चालकों में नाराजगी देखी जा रही है।

सोमवार को बड़ी संख्या में रिक्शा चालक विधायक गोला अमन गिरी के आवास पर एकत्र हुए और प्रस्तावित रूट प्लान के विरोध में अपनी समस्याएं रखीं। रिक्शा चालकों का कहना है कि नया रूट प्लान लागू होने से उनके रोजगार पर सीधा असर पड़ेगा। कई चालकों ने आरोप लगाया कि जिन मार्गों पर वर्षों से वे सवारी ढोते आ रहे हैं, वहां से उन्हें हटाया जा रहा है, जिससे उनकी दैनिक आमदनी घट जाएगी।रिक्शा चालकों ने यह भी कहा कि प्रशासन ने रूट प्लान बनाते समय न तो उनसे कोई राय ली और न ही जमीनी हकीकत को समझा। उनका कहना है कि शहर के भीतर कई ऐसे रास्ते हैं जहां वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था नहीं है, ऐसे में तय रूट से हटाने पर यात्रियों को भी परेशानी होगी।विधायक अमन गिरी ने रिक्शा चालकों की बातों को गंभीरता से सुना और उन्हें भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था सुधारना जरूरी है, लेकिन इसके साथ-साथ गरीब और मेहनतकश रिक्शा चालकों के हितों की अनदेखी नहीं की जा सकती। विधायक ने आश्वासन दिया कि प्रशासन और रिक्शा संघ के बीच बातचीत कर संतुलित समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।रिक्शा चालकों ने मांग की कि जब तक सभी पक्षों से विचार-विमर्श नहीं हो जाता, तब तक नया रूट प्लान लागू न किया जाए। साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि ट्रैफिक पुलिस, नगर पालिका और रिक्शा यूनियन के प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक कर व्यावहारिक रूट तय किए जाएं।फिलहाल प्रशासन की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन रिक्शा चालकों के विरोध के बाद यह स्पष्ट है कि नया रूट प्लान लागू करने से पहले सहमति और संवाद की जरूरत होगी। शहरवासियों की नजर अब प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के अगले कदम पर टिकी हुई है।

# प्रमुख सचिव ने सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा कर सुधार के दिए निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर । प्रमुख सचिव मनीष चैहान ने विकास भवन सभागार में विकास, राजस्व, कानून एवं शांति-व्यवस्था से संबंधित सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का जल्द निस्तारण, विकास कार्यों में गति लाने तथा कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। जनहित से जुड़े कार्यों में संवेदनशीलता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक सूचनाओं की नियमित समीक्षा कर लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित की जाए। जिन विभागों की प्रगति तथा रैंक कम हैं, वह कार्यों में गति लाकर रैंक में सुधार करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, नगर आयुक्त डॉ विपिन कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, एसपी सिटी देवेन्द्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक कुमार मिश्रा, जिला खाद्य वितरण अधिकारी राकेश मोहन पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी ऋषि पाल सिंह, पीडी डीआरडीए अवधेश राम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत विजानयन्ट में विकास कार्यों में भारी अनियमितता का आरोप

**सीतापुर।** विकास खण्ड गोनदलामऊ की ग्राम पंचायत विजानयन्ट में सरकारी धन के दुरुपयोग एवं विकास कार्यों में अनियमितता के गंभीर आरोप सामने आए हैं। ग्राम पंचायत के सदस्यों ने जिलाधिकारी को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी पर मिलीभगत कर सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार ग्राम पंचायत में स्ट्रीट लाइट के स्थान पर साधारण बल्ब लगाए गए हैं। वहीं पंचायत भवन निर्माण, विद्यालय फर्नीचर क्रय, पेयजल व्यवस्था, सड़क एवं नाली निर्माण, शौचालय मरम्मत, जूनियर विद्यालय की बाउंड्री निर्माण (जो वर्तमान में ध्वस्त हो चुकी है), नल व हैंडपंप जैसे कार्यों में भारी अनियमितता बरती गई है। आरोप है कि कागज़ों में कार्य पूर्ण दर्शाए गए, जबकि जमीनी स्तर पर कोई ठोस विकास कार्य नहीं हुआ।ग्राम पंचायत सदस्यों ने बताया कि इस संबंध में दिनांक 10 दिसंबर 2025 को शिकायत संख्या 92515400092244 दर्ज कराई गई थी, किंतु आरोप है कि शिकायत पर कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा बनावटी तथ्यों के आधार पर आख्या तैयार कर दी गई, जिससे मामले को दबाने का प्रयास किया गया।शिकायतकर्ताओं का कहना है कि ग्राम प्रधान एवं उनके सहयोगी ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा आपसी सांठगांठ कर सरकारी धन की बंदरबांट की गई है। उन्होंने विकास खण्ड स्तर से इतर न्यायिक/मजिस्ट्रेटी जांच समिति गठित कराकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है।अब देखना होगा कि जिला प्रशासन इस गंभीर मामले में क्या कार्रवाई करता है।

## पत्रकार सुरक्षा सेवा समिति ने मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर।** पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान एवं सामाजिकऽआर्थिक संरक्षण को लेकर पत्रकार सुरक्षा सेवा समिति (रजि0) के पदाधिकारियों ने माननीय मुख्यमंत्री जी को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी महोदय को सौंपा। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।ज्ञापन के माध्यम से समिति ने अवगत कराया कि पत्रकार सुरक्षा सेवा समिति (रजि0) राष्ट्रीय स्तर पर पत्रकारों की सुरक्षा एवं हितों के लिए निःशुल्क कार्य करने वाला संगठन है। संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद वर्मा के निर्देशन में पत्रकारों को मूलभूत सुविधाएं, सामाजिक सुरक्षा एवं सम्मान दिलाने के उद्देश्य से सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया है।ज्ञापन में प्रमुख रूप से पत्रकार सम्मान निधि/पेंशन योजना न्यूनतम ?25,000 मासिक से प्रारंभ करने, 50 वर्ष की आयु के बाद आजीवन सुविधाएं सुनिश्चित करने, यूनिक पत्रकार कार्ड जारी करने, राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर पत्रकार सुरक्षा कानून एवं प्रेस आयोग के गठन, आयुष्मान योजना का लाभ सभी पत्रकारों को परिवार सहित कैशलेस देने, टोल फ्री यात्रा सुविधा, पत्रकार कॉलोनी/प्लॉट आरक्षण, 50 लाख का दुर्घटना बीमा तथा लघु व मध्यम समाचार पत्रों के लिए सशक्त व निष्पक्ष विज्ञापन नीति लागू करने जैसी मांगें शामिल रहीं।समिति ने यह भी मांग की कि मान्यता प्राप्त एवं गैर–मान्यता प्राप्त पत्रकारों के बीच भेदभाव समाप्त किया जाए तथा शिक्षा व अनुभव के आधार पर एक समान नीति लागू की जाए। साथ ही मीडिया आयोग/विभाग द्वारा पत्रकारों के लिए मानक तय करने हेतु पत्रकारों की सहभागिता वाली समिति गठित किए जाने पर भी जोर दिया गया।जिलाधिकारी महोदय ने ज्ञापन को गंभीरतापूर्वक लेते हुए उसे अग्रिम कार्रवाई हेतु शासन को प्रेषित करने का आश्वासन दिया। समिति के पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की कि सरकार शीघ्र ही पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान को लेकर सकारात्मक निर्णय लेगी।

## बड़ा भाई बना हैवान छोटे का काटा गला

**हरगांव, सीतापुर।** थाना क्षेत्र के परसेहरा शरीफपुर गांव में उस समय कोहराम मच गया जब आगे भाई ने ही अपने भाई का कत्ल कर दिया। सोमवार की शाम करीब पांच बजे शराब के नशे में धुत होकर सगे भाई भाई आपस में किसी बात को लेकर गाली गलौज व मार पीट ने उग्र रूप धारण करते हुए बड़े भाई प्रमोद ने छोटे भाई मनोज 45 को धारदार हथियार से गला काट कर निर्मम हत्या कर दी।घटना के बाद परिवार में चीख पुकार मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।घटना के बाद अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश सिंह क्षेत्राधिकारी सदर नेहा त्रिपाठी सहित फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया जा रहा है दोनों भाइयों में आए दिन लड़ाई झगड़ा होता चला आ रहा था।मृतक मनोज अपने छोटे भाई के पास रहता था।जिसको लेकर प्रमोद व मनोज में तनाव रहता था।सोमवार शाम करीब पांच बजे प्रमोद व मनोज दोनों भाई शराब के नशे में धुत होकर लड़ाई झगड़ा करने लगे।आक्रोशित प्रमोद ने छोटे भाई मनोज पर बांके से कई वार कर गला काटकर मौत की नीद सुला दिया।घटना के बाद प्रमोद मौके से फरार हो गया है।अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश सिंह ने बताया बड़े भाई प्रमोद ने अपने छोटे भाई मनोज का बांके से गला काटकर निर्मम हत्या कर दी है। दोनों भाई शराब के नशे में धुत होकर लड़ाई झगड़ा कर रहे थे जिसके बाद प्रमोद ने अपने छोटे भाई मनोज की हत्या कर दी। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया है।

# जिला अस्पताल में फिर लापरवाही का आरोप, इलाज न मिलने से युवती की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जिला अस्पताल लखीमपुर खीरी की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। धौरहरा क्षेत्र के महत्तोपुरवा गांव निवासी युवती प्राची वर्मा की इलाज के अभाव में मौत होने का आरोप परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लगाया है।

घटना के बाद अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल रहा और परिजन बदहवास होकर विलाप करते नजर आए।परिजनों के अनुसार प्राची वर्मा को दो दिन पहले तबीयत बिगड़ने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुरुआत में उपचार चल रहा था, लेकिन बीती रात अचानक उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजनों का आरोप है कि रात के समय उन्होंने बार-बार डॉक्टरों को बुलाने के लिए आवाज लगाई, डॉक्टर-डॉक्टर चिल्लाते रहे, लेकिन कोई भी चिकित्सक मरीज को देखने नहीं पहुंचा।परिजनों का कहना है कि ठंड के कारण डॉक्टर रजाई तानकर सोते रहे और गंभीर हालत में तड़प रही युवती को देखने कोई नहीं आया। समय पर इलाज न मिलने के कारण प्राची ने दम तोड़ दिया।मृतका के मामा ने फोन पर बताया कि सुबह करीब 5 बजे उनकी भांजी से बात हुई थी। बातचीत के दौरान प्राची ने कहा था कि उसकी तबीयत लगातार बिगड़ रही है और कोई भी डॉक्टर उसे देखने नहीं आ रहा है। कुछ ही देर बाद उसकी मौत की सूचना मिली, जिससे पूरे परिवार में कोहराम मच गया।घटना के बाद अस्पताल में मौजूद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। मां की करुण चीखें अस्पताल परिसर में गूंजती रहीं। दर्द में डूबी मां ने कहा–ह्लआज मेरी बेटी के साथ यह हुआ है, कल किसी और की बहन, बेटी या बच्चे के साथ भी यही हो सकता है। अगर सिस्टम ऐसे ही चलता रहा तो गरीबों को इलाज कौन देगा?ह्वमामले की जानकारी मिलने पर नकहा ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता जिला अस्पताल पहुंचे। उनके पहुंचने के बाद एसपी संकल्प शर्मा के निर्देश पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की गई।

# भारत–नेपाल सीमा पर नाबालिग नेपाली किशोर ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी। भारतऽनेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सुरक्षा एजेंसियों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। लखीमपुर खीरी जिले के गौरीफंटा बॉर्डर पर कोतवाली गौरीफंटा पुलिस और 39वीं वाहिनी एसएसबी (SSB) की संयुक्त टीम ने नेपाल के कैलाली जिले के एक 17 वर्षीय नेपाली किशोर को 7.07 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, सीमा क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों को लेकर सुरक्षा एजेंसियां पहले से ही अलर्ट मोड पर थीं। इसी क्रम में भारतऽनेपाल सीमा पर सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक संदिग्ध किशोर की तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास से ब्राउन शुगर बरामद हुई। पूछताछ में सामने आया कि वह नशीले पदार्थ की तस्करी कर नेपाल से भारत में सप्लाई करने की कोशिश कर रहा था।पुलिस अधिकारियों के अनुसार, बरामद ब्राउन शुगर की मात्रा 7.07 ग्राम है, जो एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध की श्रेणी में आती है। आरोपी के नाबालिग होने के कारण उसे किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जाएगा। मामले में एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।पुलिस और एसएसबी अधिकारियों का कहना है कि खुली भारतऽनेपाल सीमा का फायदा उठाकर नशा तस्कर लगातार सक्रिय हैं और अब वे नाबालिगों को मोहरा बना रहे हैं। यह मामला भी उसी कड़ी का हिस्सा माना जा रहा है। सुरक्षा एजेंसियां इस बात की भी जांच कर रही हैं कि आरोपी किसी बड़े तस्करी नेटवर्क से जुड़ा है या नहीं और इसके पीछे कौन लोग काम कर रहे हैं।घटना के बाद गौरीफंटा बॉर्डर पर सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है।

डॉग स्क्वायड, मेटल डिटेक्टर और मैनुअल तलाशी के जरिए हर आने-जाने वाले व्यक्ति की सघन जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम किया जा रहा है और तस्करी में शामिल मुख्य सरगनाओं तक पहुंचने के लिए जांच को तेज कर दिया गया है।स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि लगातार हो रही ऐसी कार्रवाइयों से सीमा क्षेत्र में नशा तस्करी पर अंकुश लगेगा और युवाओं को इस जहर से बचाया जा सकेगा।

# प्रदेश में सुदृढ़ हुईं कृषि योजनाओं से किसानों का बढ़ा आर्थिक आधार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। प्रदेश में किसानों को सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। प्रदेश सरकार का मानना है कि हमारा अन्नदाता किसान समृद्ध होगा, तो प्रदेश समृद्ध बनेगा। प्रदेश समृद्ध होगा तो देश भी समृद्ध होगा। यहां के किसानों को विगत 08 वर्षो से एम0एस0पी0 का लाभ लगातार प्राप्त हो रहा है। आज किसान या खेती करने वाला व्यक्ति ही अपनी उपज को क्रय केन्द्र में बेच सकता है। कोई भी बिचौलिया किसानों की मेहनत का लाभ नहीं उठा सकता।

प्रदेश में किसानों को स्वॉयल हेल्थ कार्ड और फसल बीमा की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। गन्ना मूल्य का भुगतान ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त कर चुका है। कृषि मण्डियों और गांवों तक सड़क नेटवर्क का विस्तार, वैल्यू चेन



स्टोरेज प्रोसेसिंग के क्षेत्र में निवेश को आगे बढ़ाने, किसानों को बाजार और निर्यात से जोड़ने का प्रयास, प्रत्येक खेत को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराते हुए नहरों, पाइप लाइन, माइक्रो इरीगेशन और सोलर पम्प का विस्तार, जल संरक्षण अभियान, ड्रोन डोजिंग, सौर ऊर्जा, एफ0पी0ओ0, स्टार्टअप्स आधारित फसल और मूल्य संवर्धन आदि से सम्बन्धित योजनाएं प्रदेश में दिखाई दे रही हैं। जिसका भरपूर लाभ सीधे किसानों को मिल रहा है। कृषि हित में प्रदेश में खरपतवार नियंत्रण, स्वॉयल टेस्टिंग तथा प्राकृतिक खेती पर विशेष फोकस किया गया है। किसानों को कृषि क्षेत्र में उद्यमिता के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रदेश में फ़ूड प्रोसेसिंग, कोल्ड स्टोरेज, लॉजिस्टिक्स, डिजिटल मण्डी आदि में युवाओं को रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध कराये गये हैं। एक्सप्रेस-वे और लॉजिस्टिक्स पार्क से किसानों की उपज को राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में पहुंचाने की सुविधा प्राप्त हुई है।

प्रदेश में विश्व बैंक के सहयोग से 'यू0पी0 एग्रीकल्चर ग्रोथ एण्ड रूलर इंटरप्राइजेज इकोसिस्टम स्ट्रेंथनिंग प्रोजेक्ट' अर्थात यू0पी0 एग्रीज परियोजना प्रारम्भ हो चुकी है। प्रदेश के कम कृषि ग्रोथ वाले 28 जनपदों को 4,000 करोड़ रुपये की लागत से 06 वर्षों की अवधि के लिए परियोजना के अन्तर्गत जोड़ा गया है। इनमें पूर्वी उत्तर प्रदेश और बुन्देलखण्ड के जनपद सम्मिलित हैं। बुन्देलखण्ड के जनपद पहले जल के अभाव से ग्रसित थे, आज वहां पर पर्याप्त मात्रा में जल संसाधन उपलब्ध कराये जा चुके हैं। प्रदेश में किसानों को तकनीक से जोड़ने का कार्य भी प्रगति पर है। ओ0डी0ओ0पी0 योजना, एस0एच0जी0, बी0सी0 सखी, ड्रोन दीदियां गांव-गांव तक रोजगार और स्थानीय उद्यम के सशक्त माध्यम बने हैं। प्रदेश के 09 क्लाइमेटिक जोन के अनुरूप तकनीक तथा बीज आदि किसानों को उपलब्ध कराने के लिए कार्य लगातार आगे बढ़ रहा है। आज किसानों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ डी0बी0टी0 के माध्यम से पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जा रहा है। बिचौलिया मुक्त खाद्यान्न खरीद की व्यवस्था की गयी है। प्रदेश में 122 चीनी मिलों का संचालन हो रहा है। एथेनॉल उत्पादन 41 करोड़ लीटर से बढ़कर 182 करोड़ लीटर हो गया है, जो देश में प्रथम स्थान पर है। राज्य में आलू, केला, औद्यानिक तथा अन्य ऑर्गेनिक फसलों के उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। फल और सब्जियों के उत्पादन में भी प्रदेश अब देश में नम्बर एक पर है। प्रदेश में गन्ना किसानों के लिए गन्ने का एस0ए0पी0 400 रुपये प्रति कुन्तल तय किया गया है। किसान इसका लाभ प्राप्त कर रहा है। प्रदेश के किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का सर्वाधिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं। 02 करोड़ 86 लाख किसान इस योजना से जुड़े हैं। किसान को समय पर उन्नत नस्ल के बीज उपलब्ध कराने के लिए भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी के नाम पर लखनऊ में एक सीड पार्क का निर्माण कार्य आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रदेश में 79 कृषि विज्ञान केन्द्र सक्रिय हैं। शेष 10 कृषि विज्ञान केन्द्रों पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। इन केंद्रों में किसानों को आधुनिक तकनीक और फसल को देखने के लिए डेमोंस्ट्रेशन की सुविधा प्राप्त हो रही है। इनमें कई कृषि विज्ञान केन्द्र 'सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में कार्य कर रहे हैं।

## राजकीय आईटीआई चन्दौसी में बेस्ट जॉब मेकिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

चन्दौसी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), चन्दौसीऽसम्भल में दिनांक 29 दिसम्बर 2025 को बेस्ट जॉब मेकिंग प्रतियोगिता का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता संस्थान की दिसम्बर 2025 की वार्षिक प्रशिक्षण एवं सहगामी गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित की गई। प्रतियोगिता का आयोजन संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. नरेन्द्र सिंह पाल के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में संस्थान की विभिन्न ट्रेड्स की कुल 35 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने तकनीकी दक्षता, सृजनात्मकता एवं कार्यकुशलता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के निष्पक्ष एवं विशेषज्ञ मूल्यांकन हेतु राजकीय पॉलिटेक्निक, चन्दौसी से आमंत्रित निर्णायक समिति में श्री दिनेश मोहन आर्य (व्याख्याता, मैकेनिकल) एवं चेतन प्रसाद सिंह (विद्युत अभियंत्रण) द्वारा प्रतिभागियों के कार्यों का सूक्ष्म मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता में इलेक्ट्रिशियन प्रथम वर्ष की छात्राओं की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम में रौनक, लकी, ज्योति, डॉली, गौरी एवं खुशी शामिल रहीं। द्वितीय स्थान पर फिटर ट्रेड की छात्राओं तथा वायरमैन प्रथम वर्ष ट्रेड के प्रशिक्षार्थियों की टीम रही।

वहीं तृतीय स्थान इलेक्ट्रिशियन पावर डिस्ट्रीब्यूशन प्रथम वर्ष ट्रेड के प्रशिक्षार्थियों ने प्राप्त किया। निर्णायकों ने प्रतिभागियों के जॉब मेकिंग कार्यों की गुणवत्ता की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को प्रशिक्षार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान, आत्मविश्वास एवं रोजगारपरक दक्षता के विकास हेतु अत्यंत उपयोगी बताया। संस्थान प्रशासन द्वारा सभी निर्णायकों, स्टाफ सदस्यों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन की बात कही गई।

## किन्नर के घर डकैती कांड का आरोपी नाशिद मुठभेड़ में गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र में पुलिस ने रविवार रात मुठभेड़ में वांछित आरोपी नाशिद को गिरफ्तार कर लिया। उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। आरोपी के पैर में गोली लगी है। फैजगंज बेहटा थाना पुलिस की टीम ने रविवार रात 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश नाशिद को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। वह दायें पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी की तलाशी लेने पर एक तमंचा, दो खोखा, सोने के आभूषण बरामद हुए हैं। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर किन्नर के यहां डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। सीओ बिसौली सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि आसफपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास बदमाश किसी घटना को अंजाम देने कि फिराक में है। सूचना पर थाना पुलिस ने घेराबंदी की। पुलिस को देखकर बदमाश भागने लगा। पीछा करने पर उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। अपने बचाव में पुलिस ने भी फायर किए, जिससे एक गोली बदमाश के पैर में लग गई। पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम पता अमरोहा जिले के थाना नौगवां सादात के गांव नालू खुर्द निवासी नाशिद बताया। पुलिस ने तलाशी ली तो उसके पास से सोने का हार, कान के झुमके, अंगूठी, ब्रेसलेट,तमंचा व कारतूस बरामद किए हैं। उसके खिलाफ एक दर्जन मुकदमे विभिन्न थानों में दर्ज हैं। फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र में हथियारबंद बदमाशों ने दिवाली 20अक्तूबर की रात को गांव ओरछी में बड़ी वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने टीना किन्नर के घर में घुसकर उसे और उसके साथियों को बंधक बना लिया। इसके बाद नकदी और सोना लूट लिया था। पीड़ित किन्नर के मुताबिक सात बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। दावा किया कि बदमाश उसके घर से 35 लाख रुपये और सात सौ ग्राम सोना लूट ले गए। इस घटना का खुलासा किया गया। जिसमें पुलिस ने छह बदमाशों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर माल व नकदी बरामद कर जेल भेजा था। एक आरोपी नाशिद फरार था जिसपर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया। रविवार रात को उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया।

## दस दिन से लापता किशोरी का शव सरसों के खेत में मिला, दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। थाना वजीरगंज क्षेत्र में 19 दिसंबर से लापता किशोरी का शव सोमवार सुबह गांव के बाहर सरसों के खेत में मिला। शव क्षत-विक्षत हालत में था। दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई गई है। पुलिस जांच कर रही है। वजीरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार सुबह सरसों के खेत में दस दिन से लापता किशोरी का शव क्षत-विक्षत हालत में पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। थाना पुलिस के साथ सीओ बिसौली सुनील कुमार सिंह, एसपी देहात हृदेश कठेरिया घटनास्थल पर पहुंचे और जांच-पड़ताल के साथ ही परिजनों व ग्रामीणों से पूरे मामले की जानकारी ली। पुलिस को घटना के कारण तक पहुंचने के लिए पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है। गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि उनकी 15 साल की बेटी 19 दिसंबर की रात परिजनों के साथ घर में सो रही थी। रात में किसी समय वह कहीं चली गई। परिवार के लोगों को जब इसकी भनक लगी तो उसकी तलाश शुरू की। लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। परिवार के लोगों ने 26 दिसंबर को थाने पर पहुंचकर पुलिस को भी जानकारी दी लेकिन गुमशुदगी दर्ज नहीं हो सकी। पुलिस व परिवार के लोग उसकी तलाश कर रहे थे। परिजनों का कहना है कि उनको इसका अंदाजा भी नहीं था कि उनकी बेटी के साथ अनहोनी हो सकती है। वह समझ रहे थे कि किशोरी को कोई बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। गांव में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब गांव के पास सरसों के खेत में किशोरी का शव पड़ा होने की सूचना मिली। परिवार के साथ गांव के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस को सूचना दी गई। जिस पर थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। देखा तो शव क्षत-विक्षत हालत में था। किशोरी के शरीर से मांस को जंगली जानवर नोचकर खा चुके थे। कपड़ों व चेहरे को देखकर उसकी पहचान हो सकी। परिजनों ने दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई है। मृतका की मां ने बताया कि उसकी बेटी कक्षा आठ तक पढ़ी-लिखी थी और वह अपने भाई-बहनों में दूसरे नंबर की थी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। किशोरी चार भाइयों के बीच अकेली थी। उसकी मौत से परिवार समेत गांव में भी सन्नाटा पसरा हुआ है। तरह-तरह की चर्चाएं गांव के लोग कर रहे हैं। लेकिन उसकी मौत से गांव के लोग भी परेशान है। उनका कहना है कि घटना के पीछे कुछ भी रहा हो लेकिन अगर किसी ने उसकी हत्या की है तो आरोपी को कठोर सजा मिलनी चाहिए। गांव के लोग दबी जुबान से दुष्कर्म के बाद हत्या की बात कहते नजर आए लेकिन खुलकर कहने को कोई सामने नहीं आ रहा है। हालांकि परिवार व पुलिस के लोग पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन घटनास्थल व शव की हालत को देखकर दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका से इन्कार नहीं किया जा सकता। एसपी देहात हृदेश कठेरिया ने बताया कि मृतका की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है।

### उत्तर प्रदेश में ठंड का कहर एक जनवरी तक सभी स्कूल बंद

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददात। ठण्ड का कहर पिछले दिनों से बढ़ता ही जा रहा है। उत्तर प्रदेश में लगातार बढ़ रही ठंड और भीषण शीतलहर को देखते हुए मुख्यमंत्री ने सूबे के एक से बारह तक के सभी स्कूलों कों बंद रखने हेतु निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री के आदेश पर प्रदेश भर के सभी स्कूल आईसीएसई, सीबीएसई एवं यूपी बोर्ड कक्षा 12वीं तक 1 जनवरी 2026 तक बंद रहेंगे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शीतलहर के दौरान अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहकर हालात पर नजर रखें। साथ ही जरूरतमंदों को कंबल वितरण, अलाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी व्यक्ति खुले में न सोए। इसके लिए रैन बसेरों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि ठंड से किसी प्रकार की जनहानि न हो प्रशासन को अलर्ट मोड में रखते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ठंड से बचाव के सभी इंतजाम समय रहते पूरे किए जाएं और आमजन को अधिक से अधिक राहत पहुंचाई जाए।

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददात। सिद्व बाबा इंटर कॉलेज शरह बरौलिया में लक्ष्य नारायण जनजागृति कल्याण फाउंडेशन द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में 258 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया ऋषि शर्मा प्रथम, अंश द्वितीय, काव्या सिंह, लव कुमार, प्रशांत व हेमवती संयुक्त तृतीय सीनियर हाईस्कूल वर्ग रचित प्रथम, अंकुर कुमार द्वितीय, अंकुश कुमार व आमिल ए नवमी संयुक्त तृतीय सीनियर इंटरमीडिएट वर्ग नन्द किशोर प्रथम, प्रेम कुमार द्वितीय, हिमांशी शर्मा व राविया संयुक्त तृतीय फाउंडेशन के सचिव एडवोकेट प्रदीप उपाध्याय ने कहा प्रतियोगिताओं से छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने संस्था का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन विप्लव भारती व अश्वनी शर्मा ने किया।

### जनवरी तक पुनः खुला एयरेशन सिस्टम योजना हेतु ऑनलाइन आवेदन पोर्टल

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददात। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2025-26 में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना (राज्य सेक्टर योजना) के अन्तर्गत जनसामान्य को ऑनलाइन आवेदन करने हेतु पोर्टल 29 दिसम्बर 2025 से 07 जनवरी 2026 तक पुनः खोला जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजनान्तर्गत परियोजना का विवरण, इकाई लागत, आवेदन की प्रक्रिया आवेदन के साथ अपलोड किये जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाइट पर देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय मत्स्य विभाग कक्ष सं0-325 विकास भवन बदायूँ में किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क कर सकते है।

### भागवत कथा के बाद बगिया वाली पर हुआ यज्ञ पूर्णाहुति के बाद प्रसाद वितरण

चंदौसी कैनविज टाइम्स संवाददात। नगर के सीता रोड स्थित सिद्ध पीठ बगिया वाली में गत दिनों से चल रही भागवत कथा का विश्राम हो गया और विश्राम के पश्चात यज्ञ किया गया जिसमें मुख्य यजमान के रूप में विनोद शंखधार लक्ष्मी शंखधार उपस्थित रहे नरवर से आए आचार्य गौरव शर्मा व जय शिवमिश्रा द्वारा वैदिक म त्रों से पूजन किया गया तत्पश्चात यज्ञ आरंभ हुआ यज्ञ में भागवत कथा प्रवक्ता आचार्य ऋतुपर्ण कृष्ण पुरुष सूक्त श्री सूक्त रुद्र सूक्त आदि स्तोत्रों के साथ भागवत के प्रमुख श्लोकों के द्वारा यज्ञ कराया गया यज्ञ के सती मां बगिया वाली का पूजन अर्चन किया गया भगवती के प्रमुख स्रोतों से स्तुतियां गई जिससे भक्त भाव विभोर हो गए तत्पश्चात आरती की गई आरती के प्रसाद प्रसाद वितरण किया गया जिसमें मनीष शर्मा अभिषेक शर्मा विनोद शंखधार लक्ष्मी शंखधार राजेश शंखधार किरण शंखधार भावना लक्ष्य शर्मा ध्रुव शर्मा ममता संगीता अंशु आदि उपस्थित रहे

### जिलाधिकारी ने किया कई विभागों का निरीक्षण

संभल (बहजोई) कैनविज टाइम्स संवाददात। आज जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया द्वारा सिंचाई विभाग कॉलोनी कनेटा रोड़ बहजोई स्थित परिसर में जिला सूचना कार्यालय एवं ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, जिला पूर्ति कार्यालय, खाद्य सुरक्षा विभाग, जिला औषधि विभाग, चकबंदी इत्यादि विभागों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परिसर की साफ सफाई एवं वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जल निकासी को लेकर भी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत आशीष सिंह, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार,अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग राकेश कुमार, सहायक आयुक्त खाद्य ग्रेड 2 मानवेंद्र सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राहुल सिंह सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राज्यपाल ने डॉ. अय्यूब हुसैन को किया सम्मानित

सम्भल कैनविज टाइम्स संवाददात। राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनंदी बेन पटेल द्वारा डॉ. अय्यूब हुसैन को नवाचारपूर्ण मोती खेती के लिए सम्मानित किया गया था। उसी क्रम में आज जिलाधिकारी संभल, डॉ. राजेन्द्र पैंसा द्वारा डॉ. अय्यूब हुसैन को अपने कार्यालय में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बताया गया कि मोती खेती का पहला प्रोजेक्ट जिलाधिकारी के दिशा-निर्देशन में जनपद संभल में स्थापित किया गया था। इसके सफल क्रियान्वयन के पश्चात जनपद संभल में कुल 07 प्रोजेक्ट तथा मंडल मुरादाबाद में 20 प्रोजेक्ट स्थापित किए गए। उल्लेखनीय है कि मोती खेती के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश में जनपद संभल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। पूर्व में आयोजित किसान सम्मान दिवस के अवसर पर भी डॉ. अय्यूब हुसैन को नवाचार सम्मान से सम्मानित किया गया था। इस उल्लेखनीय उपलब्धि का संपूर्ण श्रेय जिलाधिकारी संभल एवं उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी को जाता है, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग से यह सफलता संभव हो सकी। यह पहल न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रही है, बल्कि जनपद संभल को नवाचार के क्षेत्र में एक नई पहचान भी दिला रही है।

### मिट्टी का अवैध खनन करते हुए जेसीबी और डंपर को पुलिस के हवाले किया

सम्भल ( बहजोई) कैनविज टाइम्स संवाददात। आज सुबह तहसील व जनपद सम्भल के ग्राम सकरपुर में खनन निरीक्षक शिवम कुमार द्वारा साधारण मिट्टी का अवैध खनन करते हुए जेसीबी और डंपर को पकड़ कर थाना कैला देवी में सुपुर्द किया गया। खनन निरीक्षक द्वारा बताया गया कि माह नवम्बर एवं दिसम्बर में अवैध खनन/परिवहन करते हुए कुल 50 प्रकरण में वाहनों/मशीनों को जनपद के विभिन्न थानों में सुपुर्द किया है जिनपे समन की करवाई कर राजस्व वसूला गया है। शासन की प्राथमिकता पूरे प्रदेश में अवैध खनन व परिवहन में पूर्ण रूप से अंकुश लगाना है। जिलाधिकारी महोदय जनपद सम्भल द्वारा समय समय पर दिए गए निर्देश के क्रम में क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध खनन व परिवहन बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

## श्रद्धा और सेवा भावना से ओत-प्रोत भव्य भंडारे का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कानपुर । बाबा आनंदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में श्रद्धा और सेवा भावना से ओत-प्रोत भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस आयोजन की व्यवस्था श्री रामजी (प्रियेश) त्रिवेदी द्वारा की गई, जिसमें सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरे दिन मंदिर परिसर में धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा। कार्यक्रम के दौरान किदवई नगर विधानसभा के विधायक आदरणीय महेश त्रिवेदी तथा मा0 पूर्व विधायक उदयभान करवरिया ने मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया और भंडारे में शामिल होकर भक्तों से भेंटवार्ता की। दोनों जनप्रतिनिधियों ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम समाज को एकजुट



करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भंडारे में दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन स्थल पर सुबह से ही सेवा कार्य में लगे स्वयंसेवकों ने भक्तों का स्वागत करते हुए भोजन वितरण को सुचारू रूप से संचालित किया। आयोजक रामजी (प्रियेश) त्रिवेदी ने जनप्रतिनिधियों तथा सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा आनंदेश्वर की कृपा और समाज के सहयोग से ही यह विशाल भंडारा सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। पूरे दिन मंदिर परिसर ''हर-हर महादेव'' के जयघोष से गूंजता रहा तथा कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में समाप्त हुआ।

## देश के गंभीर मुद्दे को लेकर बैठक का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायू। मोमिन अन्सार सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अकरम अन्सारी ने पश्चिमी उप्र के दो दिवसीय दौरे मे बरेली मे मोमिन अन्सार सभा बरेली बदायूं के पदाधिकारियो व बुद्धिजीवियों के साथ बैठक की और प्रेस वार्ता मे कहा कि हालात में मुसलमानों पिछड़ों और सर्वहारा समाज को बेहद जागरूक संगठित और सक्रिय रहना है क्योंकि यह वक़्त सियासी समाजी बदलाव का वक़्त है। भारत का मुसलमान दलितों से बदतर ज़िन्दगी गुज़ारने को मजबूर है क्योंकि हमने कभी अपने रोज़गार तालीम तहफ्फ़ुज़ की खातिर वोट नहीं किया और न ही खुद सियासत में अपनी विचाधारा के साथ सदनों में पहुंचने की कोशिश की लेकिन पिछले 70 सालों में मुसलमानों ने सेक्युलरिज़्म के नाम पर जिनकी पार्टियों को वोट दिया उन्होंने कभी भी मुसलमानों के साथ इंसाफ नहीं किया। याद रखें अब यह परवाह किये बगैर कि कौन हारेगा कौन जीतेगा हम अपनी सारी ताकत खुद जीतने के लिए लगाएंगे। मनुवादी सोच वाले लोगों को अब बर्दाश्त नहीं किया जा सकता ऐसे लोग चुनाव के वक़्त सर्वहारा समाज को मुसलमान मानते हैं लेकिन सर्वहारा समाज के वोटों से सांसद विधायक बनते ही इन्हे मुसलमानों का पेशा दिखने लगता है ईमान नहीं दिखता है। आगामी पंचायत चुनाव के लिये मोमिन अन्सार सभा के पदाधिकारियों सदस्यों बुद्धिजीवियों समाज सेवकों से कहा की कि क़ौम ओ मिल्ल्त की कामयाबी के लिए आगामी पंचायत चुनाव में अल्पसंख्यक , सर्वहारा समाज के अधिक से अधिक ज़मीनी प्रत्याशियों को चुनाव में तन मन धन से लड़ाने व जिताने का काम करें। अकरम अन्सारी ने कहा की उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 में मोमिन अन्सार सभा मुसलमानों की कयादत वाली पार्टियों को एक मंच पर लाने व उत्तर प्रदेश की सर्वहारा पिछड़े समाज को तीसरा विकल्प देने का काम करेंगे। यह तीसरा मोर्चा जनसख्या के अनुपात में अपने प्रत्याशियों को विधानसभा चुनाव जिताकर विधानसभा भेजने का काम करेगा।

### उझानी में त्रिदिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

बदायूँ। कैप्टन गजराज सिंह इंटर कॉलेज बुटला बोर्ड में त्रिदिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का विधिवत शुभारंभ हुआ। राष्ट्रपति शिक्षक सम्मान से सम्मानित महेश चंद्र पाठक ने स्काउट ध्वज फहराया। शिविर में स्काउटऽगाइड को आपदा प्रबंधन, सीमित संसाधनों में जीवन कौशल, राष्ट्रध्वज फहराने के नियम, स्काउट प्रतिज्ञा व नियमों के साथ जलऽजंगलऽजमीन संरक्षण का प्रशिक्षण दिया गया।विद्यालय प्रबंधक अमरदीप सिंह ने सेवा व सहयोग की भावना पर बल दिया। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा- राष्ट्र की सेवा और आराधना करने वाले युवा ही देश के सच्चे सपूत होते हैं। प्रधानाचार्य दिलीप कुमार सिंह ने युवाओं से स्काउटिंग के मूल्यों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। शिविर के दौरान ड्रिल, सैल्यूट, बायां हाथ मिलाना सहित व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।

## धान खरीद केंद्र की बदहाली पर भड़के किसान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बछरावां ,रायबरेली। किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) को आखिरकार सड़क पर उतरना पड़ा। यूनियन के मंडल प्रभारी आकाश मिश्रा ने बछरावां क्षेत्र के धान खरीद केंद्र कलुई खेड़ा का औचक निरीक्षण किया, जहां की बदहाल व्यवस्थाओं ने किसानों के आक्रोश को और भड़का दिया। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर सील बंद धान की बोरियां, केंद्र पर लटका ताला और खुले आसमान के नीचे रखी धान की बोरियां देखकर किसान भड़क उठे। किसानों का आरोप है कि पिछले 15 दिनों से धान खरीद पूरी तरह बंद पड़ी है, जिससे उनकी उपज केंद्र पर पड़ी-पड़ी खराब हो रही है। किसानों ने बताया कि केंद्र पर धान भरने के लिए बोरे उपलब्ध नहीं कराए जा रहे,



जिससे खरीद प्रक्रिया ठप हो गई है। वहीं दूसरी ओर, जिन किसानों का धान पहले ही तौला जा चुका है, उनका भुगतान अब तक खातों में नहीं पहुंचा, जबकि केंद्र पर धान जमा है। यूनियन पदाधिकारियों ने सवाल उठाया कि जब सरकार धान खरीद का दावा कर रही है, तो फिर किसानों को न बोरे मिल रहे हैं और न ही समय पर भुगतान। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही धान खरीद शुरू नहीं की गई और लंबित भुगतान नहीं किया गया, तो किसान यूनियन आंदोलन तेज करने को मजबूर होगी। मामला सामने आने के बाद किसानों में रोष व्याप्त है और प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की जा रही है।

### बांदा: फायरिंग करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

बांदा। जसपुरा थाना पुलिस ने सोमवार को आपसी विवाद में जान से मारने की नीयत से एक-दूसरे पर तमंचे से फायर करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त तमंचा, एक खोखा कारतूस तथा जिंदा कारतूस बरामद किया हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम ग्राम गड़रिया निवासी अभय सिंह, ?अभिषेक यादव है। 26 दिसंबर की शाम थाना जसपुरा क्षेत्र के ग्राम गड़रिया में मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हुई थी, जो देखते ही देखते हिंसक विवाद में बदल गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जान से मारने की नीयत से अवैध तमंचों से फायरिंग कर दी। घटना के संबंध में दोनों पक्षों की ओर से थाना जसपुरा में तहरीर दी थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

# ब्लॉक करनैलगंज के प्रतापपुर और रामगढ़ में मनरेगा योजना में कागजों चल रहा है कार्य




कैनविज टाइम्स संवाददाता

ब्लॉक

बीडीओ व एपीओ की लापरवाही से सिर्फ कागजों में ही निपटा दिए जा रहे श्रमिक....

गोण्डा। मनरेगा में फर्जी मास्टररोल और फर्जी क़े मामले में विकासखंड मुजेहना, परसपुर इटियाथोक, छपिया, बभन जोत, कटरा बजार और करनैलगंज ब्लॉक का नाम सबसे पहले सामने आता था।लेकिन बुजुर्गों के द्वारा गाँव में एक कहावत कही जाती है कि तरबूज को देख कर खरबूज भी रंग बदलता है। ठीक उसी तरह करनैलगंज ब्लॉक भी उन ब्लॉकों की तरह मन रेगा कार्यों में फर्जी मस्टर रोल और उनके भुग तान में सभी ब्लाकों को पीछे छोड़ अव्वल नंब र पर अपनी जड़े जमाने में जुटा है।हम बात क र रहे हैं महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा की।जिसके तहत सरकार तमाम निचले स्तर के गरीबों और असहाय मजदूरों को वर्ष में मनरेगा योजना के तहत सौ दिन का का र्य देने के लिए कटिबद्ध है।परंतु देखा जा रहा है कि जिला मुख्यालय से 28 किलोमीटर कि दूरी पर स्थित ब्लाककरनैलगंज में तैनात एओपीओ तकनीकी सहायक,रोजगार सेवक और ग्राम प्र धानो के भ्रष्टाचार का अड्डा बनता जा रहा है।केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना मनरेगा के नियमों को ताक कर रख कर खुद की खाऊ क माऊ नीति से उसकी गाइडलाइन के विपरीत फर्जी मस्टरोल का सहारा लेकर फर्जी भुक्तान कराने में लगे हैं। जान कारों की माने तो इस कड़ाके की ठंड हार कपा देने वाली ठंडी में लोग अपने अपने घरों में दुबक कर बैठे रहने को मजबूर थे तो ग्राम पंचायतों के प्रधान और सचिव भी बाहर निकलने के लिए सोचते होंगे लेकिन इस कड़ाके की ठंड में लोग बनियान, पहन कर इस कड़ाके की ठंडी में कार्य करते दिखाई दे रहे हैं।वही ग्राम प्रधान और सचिव गांवों में मनरेगा के मस्टरोल से खेल करने में जुटे थे।ब्लॉक कर्मचारियों के साथ मिलीभगत कर लाखों का वायरा न्यारा कर रहे थे।

### इन गांवों में चल रहा,फर्जी मस्टर रोल का खेल

रविवार को कड़ाके की ठंड हाड कपा देने वाली ठंडक में इन गाँवो में फर्जी तरीके से कागजो में चल रहे मस्टरोल ग्राम पंचायत प्रतापपुर में तीन प्रोजेक्ट पर 73 श्रमिकों की हाजिरी लगाई जा रही है और मनरेगा के एमएनएसएप पर डबल रोल का खेल चल रहा हैं। ऐसे ही ग्राम पंचायत रामगढ़ में भी एक प्रोजेक्ट 90 श्रमिकों की हा जरी लगाई जा रही है जिसमे भी मनरेगा के ए मएनएसएप पर डबल रोल का खेल चल रहा हैं। जहाँ पर श्रमिक अदृश्य तरीके से काम कर रहे है।यह तो महज एक बानगी है।तमाम अन्य ग्राम पंचायतों में भी मनरेगा योजना में यही खे ल जारी है।ग्राम पंचायतो में फर्जी तरीके से म स्टर रोल चालू कर ब्लॉक अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर मनरेगा मजदूर अदृश्य होकर जॉब कार्डों में अपनी हाजिरी लगा कर प्रतिदिन तकरीबन ब्लॉक करनैलगंज में तीन लाख 19 हजार 792 रुपए केंद्र सरकार को चपत लगा कर भुगतान कराने में लगे हुए हैं।

### टीम गठित कर कराई जाएगी जांच: सीडीओ

मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर की जा रही लूट के बारे में जिले के जिम्मेदार अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं,इस संबंध में जब मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में भ्रष्टाचार किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा कि टीम गठित कर मन रेगा योजना में भ्रष्टाचार की जांच कराकर कार्र वाई की जाएगी।

### ईमानदारी से जांच हो तो नपेंगे कई जिम्मेदार

अगर जिले के जिम्मेदार अधिकारी इन मामलों को संज्ञान में लेकर कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करें तो सरकार के करोड़ों रुपए गबन होने से बच जाएंगे और शायद करनैलगंज ब्लॉक भी सीबीआई जांच की जद में आने से बच जाएगा ईमानदारी पूर्वक जांच हुई तो तमाम जिम्मेदारों की गर्दनें फंस सकती हैं।

# शीतलहर को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर, 14 विभागों को मिली जिम्मेदारियां




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले में लगातार बढ़ती ठंड,शीतलहर एवं कोहरे के प्रकोप को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। आमजन, विशेषकर जरूरतमंद, असहाय, वृद्ध, बच्चों एवं पशुओं को शीतलहर से सुरक्षित रखने के उद्दे श्य से जिला प्रशासन के द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी करते हुए सभी संबं धित विभागों के कार्य एवं दायित्व निर्धारित कर दिए गए हैं।प्रशासन का उद्देश्य है कि ठंड के दौ रान किसी भी व्यक्ति को असुविधा का सामना न करना पड़े और राहत कार्य समयबद्ध ढंग से संचालित हों।जारी आदेश के अनुसार पुलिस विभाग को रात्रि गश्त सघन करने,खुले में सो रहे व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें रैन बसेरों तक पहुंचाने तथा अलाव स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। विकास एवं पंचायत राज विभाग को ग्राम पंचा यत स्तर पर शीतलहर से प्रभावित संवेदनशील व्यक्तियों की सूची तैयार करने,पंचायत व सामु दायिक भवनों को अस्थायी रैन बसेरों के रूप में उपयोग करने,अलाव हेतु लकड़ी व ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा ग्रामीण स्तर प र जन-जागरूकता बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।चिकित्सा विभाग को शीतजनित रोगों से निपटने के लिए अस्पतालों में आवश्यक दवा ओं की उपलब्धता चौबीस घंटे एम्बुलेंस सेवा, वृद्धों,बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की विशेष निगरानी तथा कंट्रोल रूम की स्थापना सुनिश्चि त करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं पशुपालन विभाग को पशुओं को ठंड से बचाने,पशु अस्प तालों में दवाओं व टीकों की उपलब्धता तथा गौशालाओं में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है।स्थानीय निकायों को शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई,जल निकासी, स्व च्छ पेयजल आपूर्ति,रैन बसेरों का संचालन, अ लाव व्यवस्था एवं व्यापक जन-जागरूकता अ भियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। खाद्य एवं रसद विभाग को खाद्यान्न की सुचारु आपूर्ति, ईंधन की उपलब्धता तथा वितरण केंद्रों पर अ लाव व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त लोक निर्माण विभाग को प्रमुख मार्गों, संपर्क सड़कों एवं पुलों की सतत निगरानी,आवश्यकता पड़ने पर त्वरित मरम्मत,संकेतक बोर्ड लगाने तथा मार्ग परिवर्त न की स्थिति में जिला प्रशासन को तत्काल सू चना देने के निर्देश दिए गए हैं। विद्युत विभाग को संभावित फॉल्ट वाले क्षेत्रों की पहचान,ट्रां सफार्मरों की जांच तथा विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में शीघ्र सुधार सुनिश्चित करने को कहा गया है।शिक्षा, परिवहन, कृषि, सूचना एवं राजस्व,आपदा प्रबंधन विभाग को भी अप ने - अपने क्षेत्रों में ठंड से बचाव हेतु निर्धारित दायित्वों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।अपर जिलाधिकारी (वित्त,राजस्व) ने सभी विभागों के नोडल अधिकारियों से अपे क्षा की है कि शीतलहर से राहत संबंधी कार्यों में आपसी समन्वय बनाए रखते हुए शत-प्रति शत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जनहित सर्वोपरि रहेगा।

# नानपारा में कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस मनाया गया, गांधी पार्क में हुआ विचार गोष्ठी का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। नगर के गांधी पार्क, नानपारा में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी का 140वां स्थापना दिवस नगर कांग्रेस कमेटी नानपारा द्वारा गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भोला कुरैशी द्वारा ध्वजारोहण के साथ की गई। ध्वजारोहण के उपरांत गांधी पार्क परिसर में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेस की विचारधारा, देश की आज़ादी में पार्टी के योगदान तथा वर्तमान सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियों पर विस्तार से चर्चा की गई। गोष्ठी को जनपद बहराइच के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह उर्फ जीतू भैया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता इंद्र कुमार यादव, पूर्व नगर अध्यक्ष शफीक कुरैशी सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर श्रीमती ख़ैरुलनिशा, एहसान वारिस, ऐराज हुसैन, शहादत अली, मुन्ना, यूसुफ हुसैन, अर्जुन रस्तोगी, रूप रस्तोगी समेत दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने कांग्रेस की नीतियों और सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के संकल्प के साथ किया गया।

# एआरटीओ की लापरवाही : ड्राइविंग लाइसेंस में खेल, जुगाड़ वाले पास बाकी फ़ेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के परिवहन विभाग में एआरटीओ आरसी भारतीय की लापरवाही से ड्राइविंग ला इसेंस बनाने में खेल चल रहा है। यहां ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक होने के बावजूद लाइसेंस लाइसेंस बनाने में खेल हो रहा है।वहीं ऑनलाइन आवेद न के बाद भी लोगों को लाइसेंस में देरी होती है और आरटीओ कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ ते हैं।वहीं जुगाड़ वाले बिना गाड़ी चलाए ही पा स हो जाते हैं और जो लोग टेस्ट देने पहुंचते हैं, उनकी ड्राइविंग में कुछ न कुछ कमी बताकर ल टका दिया जाता है।वही परिवहन विभाग में तै नात आरआई ना तो किसी के कागज की जांच पड़ताल करते हैं वह सिर्फ नाम पूछते हैं क्या नाम है गाड़ी चाहे जो व्यक्ति चलाएं न तो किसी के फोटो की मिलान करते हैं ऐसे ही एक माम ला खुलकर सामने आया है एक दिन ट्रेनिंग सें टर के ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक पर एक व्यक्ति गाड़ी लेकर आता हैं और ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक पर गा ड़ी को चलता है कई लोगों ने जब आरआई से पूछा




कि सब क्या इस व्यक्ति का लाइसेंस था, री उसका साफ जवाब नहीं दे पाए और इस दलाल व्यक्ति का समर्थन करने लगे की चलो एक बन गया आप कल से हम आधार चैक करें गे।ऐसे ही परिवहन विभाग के कार्यालय में प्रति दिन लगभग 40 से 50 लोग ड्राइविंग लाइसेंस के लिए बायोमेट्रिक और फोटो के लिए लोग प हुंचते हैं।लेकिन वहां गाड़ी का टेस्ट देने के लिए सिर्फ 10 से 15 लोग टेस्ट देने पहुंचते हैं।इससे यह सवाल उठता है कि बायोमेट्रिक और फोटो खिंचवाने के लिए तो 40 से 50 लोग आए और टेस्ट देने 10 से 15 ही लोग आए बाकी लोगों का लाइसेंस कैसे बनता है यह एक बहुत बड़ा सवाल है। वही नियम यह है कि डीएल जारी करने के पहले आरआई (संभागीय निरीक्षक) ड्राइविंग टेस्ट लेते हैं।टेस्ट पास करने वालों को ही लाइसेंस जारी होता हैहालांकि गोंडा जिले में डीएल जारी करने में खेल हो रहा है,यहां जुगाड़ वाले लोगों को बिना टेस्ट दिए ही लाइसेंस मिल जाता है,वहीं जो लोग नियम-कायदे के साथ टे स्ट देने पहुंचते हैं,उन्हें कोई न कोई बहाने से फ़े ल कर दिया जात है। जिले में ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक भी है,यहां सिर्फ उन लोगों से गाड़ियां चल वाकर देखी जाती हैं। जो सुविधा शुल्क नहीं दे पाते हैं और उसमे खेल कर दिया जाता है और उन्हें फ़ेल कर दिया जाता है।ऑनलाइन लाइसें स बनवाना भी अब लोगों को मुश्किल हो रहा है। लाइसेंस बनवाने के लिए लोग वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करते हैं।सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जब टेस्ट की बारी आती है तो उन्हें लटका दिया जाता है।ऐसे में लोगों को म जबूर होगा दलालों का सहारा लेना पड़ता है।

### सैकड़ों लाइसेंस बनते हैं रोजाना

गोंडा परिवहन विभाग में रोजाना सैकड़ो लाइ सेंस बनवाने के लिए लोग आते हैं।आवेदन के बाद पहले लर्निंग लाइसेंस बनता है उसके बाद स्थायी लाइसेंस बनवाने के लिए परीक्षण होता है कि आवेदक को गाड़ी चलानी आती है कि नहीं इसके लिए आठ के अंक के आकार का ट्रै क बनाया गया है।

### एक साल में बने हजारों से अधिक लाइसेंस

सूत्र बता रहे हैं कि परिवहन विभाग गोंडा जिले में अगर एक साल के भीतर ही बात करें तो य हां हजारो के लाइसेंस बन चुके हैं। ऐसे में कई लोगो ड्राइविंग टेस्टिंग भी नहीं की है।ऐसे में ला इसेंस पाने वाले लोगों में कौन गाड़ी चलाना जा नता है,कौन नहीं यह तो भगवान भरोसे है।

### क्या कहते हैं लोग

ऑनलाइन आवेदन किया था,लेकिन जब टेस्ट के लिए जा रहे हैं तो दिक्कत आ रही है,हर बार लटका दिया जाता है।सबकुछ ऑनलाइन होने की बात सिर्फ दिखावा है।कहीं भी पारदर्शिता नहीं है। वही गोंडा में टेस्टिंग ट्रैक बना है उस पर टेस्ट देने आओ तो फ़ेल कर दिया जाता है।दला लो का सहारा लेकर आओ तो उन्ही का यहां पर लाइसेंस बनता है। आरटीओ ऑफिस में तै नात लेखाकार सभाजीत त्रिपाठी व एआरटीओ

### का लाइसेंस बनवाने में अहमरोल अदा करते हैं

सभाजीत त्रिपाठी लेखाकार अपने ऑफिस का सारा काम धाम छोड़कर वह सिर्फ लाइसेंस बन वाने की फाइल को ही इधर-उधर करते हैं और दलालों का ही पूरा हिसाब किताब रखते हैं क्यो उनकी पकड़ ऐसी है कि ट्रांसफर होने के बाव जूद भी वह अपना कमाऊ कुर्सी नहीं छोड़ना चाहते हैं और वह कुर्सी पर वर्षों से जमे हुए हैं। वही योगी सरकार के नीतियों पर धब्बा लगा रहे हैं।

# अभाविप, काशी प्रांत के प्रांतीय अधिवेशन का जौनपुर में हुआ शुभारम्भ

एजेंसी

जौनपुर। यूपी के जौनपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, काशी प्रांत के 65वें प्रांतीय अधिवेशन का भव्य शुभारम्भ सोमवार को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में अस्थाई रूप से बसाए गए 'रानी अब्बक्का नगर' के 'महंत अवैद्यनाथ सभागार' में हुआ। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, काशी प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश ने कहा कि,'' वर्तमान समय में भारतवर्ष को एक बार फिर राष्ट्रीय पुनरुत्थान की आवश्यकता है, जिसका आधार ज्ञान और चरित्र की शिक्षा होनी चाहिए। एकता में ही वास्तविक शक्ति है, जो शांति की स्थापना करती है। उन्होंने कहा कि देश तभी सशक्त बनेगा जब हम 'व्यक्ति की जय' के स्थान पर 'भारत की जय' के संकल्प के साथ कार्य करेंगे। राष्ट्र निर्माण के लिए जन-जन में परिवर्तन और मातृ-शक्ति का शिक्षित होना अनिवार्य है। साथ ही, यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम युवाओं को नशे के चंगुल से बचाएं और राष्ट्र के शत्रुओं व मित्रों की सही पहचान करें, ताकि हमारे अस्तित्व पर कोई संकट न आए।'' अधिवेशन का शुभारम्भ सोमवार सुबह संगठन के ध्वज के ध्वजारोहण और सामूहिक वंदे मातरम् के साथ हुआ। अभाविप, काशी प्रांत के निवर्तमान प्रांत मंत्री अभय प्रताप सिंह ने विगत वर्ष का वृत्त प्रस्तुत करते हुए यह आंकड़ा रखा कि अभाविप, काशी प्रांत ने इस वर्ष सदस्यता के सभी पुराने आंकड़ों को पीछे छोड़ 3,86,091 विद्यार्थियों की सदस्यता की है। अभाविप, काशी प्रांत की संगठनात्मक यात्रा में यह संख्या सर्वाधिक है। विशिष्ट अतिथि प्रख्यात भारतीय कुश्ती खिलाड़ी पद्मश्री योगेश्वर दत्त ने कहा कि,''अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता सदैव अपनी व्यक्तिगत आकांक्षाओं से ऊपर उठकर राष्ट्र के बारे में सोचते हैं। यह संगठन निरंतर देश को गढ़ने और उसे प्रगति के पथ पर आगे ले जाने के विजन के साथ कार्य कर रहा है। किसी भी राष्ट्र की असली शक्ति उसके युवाओं में निहित होती है यदि युवा मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत हैं, तो राष्ट्र स्वतः ही सशक्त बन जाता है। राष्ट्र निर्माण में समाज के हर वर्ग का योगदान अतुलनीय है, जहाँ खिलाड़ी वैश्विक पटल पर देश का मान बढ़ाते हैं और फौजी सीमाओं की रक्षा करते हैं, वहीं शिक्षक भावी पीढ़ी को शिक्षित कर देश का आधार तैयार करते हैं। हमें यह समझना होगा कि निस्वार्थ भाव से की गई समाज सेवा भी वास्तव में देश सेवा ही है। हमारा लक्ष्य पूरे समाज को एकजुट कर साथ लेकर चलना होना चाहिए ताकि हम मिलकर भारत को उन्नति की नई ऊंचाइयों पर पहुँचा सकें। अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री अभय प्रताप सिंह ने कहा कि,''आज के समय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक ऐसे छात्र संगठन के रूप में कार्यरत है, जिसका मूल संकल्प केवल राष्ट्र सेवा है। वर्तमान दौर में युवा पीढ़ी के सामने बढ़ता हुआ 'स्क्रीन टाइम' एक गंभीर चुनौती है, जो मानसिक अवसाद का एक बड़ा कारण बनता जा रहा है। इसके साथ ही, आज शैक्षणिक परिसरों में ऐसी विचारधाराओं की अधिकता दिखती है जो समाज को तोड़ने का प्रयास करती हैं, जबकि सकारात्मक रूप से जोड़ने वाले लोग कम हैं। अतः यह अनिवार्य है कि छात्र शक्ति जागरूक बने और विध्वंसक प्रवृत्तियों को त्यागकर एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे। इस दौरान मंच पर अतिथियों के साथ नवनिर्वाचित प्रांत अध्यक्ष डॉ महेंद्र त्रिपाठी, नवनिर्वाचित प्रांत मंत्री शिवम सिंह, स्वागत समिति अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश एवं स्वागत समिति मंत्री पुष्पराज सिंह उपस्थित रहे।

# बीएचयू के पुरातन छात्र आईपीएस अनुराग आर्य मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवा पुलिस पदक से सम्मानित

वाराणसी। काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू ) के पुरा छात्र वर्तमान में बरेली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ?को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवा पुलिस पदक मिलने पर विश्वविद्यालय में हर्ष का माहौल है। माह अगस्त वर्ष 2024 में भी उन्हें इस उत्कृष्ट पदक से नवाजा जा चुका है। बीते रविवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में उन्हे इस पदक प्रदान किया। सोमवार शाम विश्वविद्यालय के जनसम्पर्क कार्यालय ने अनुराग आर्य को सम्मान मिलने पर बधाई दी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि गर्व है कि उसने ऐसे व्यक्तित्व का पोषण किया है। अनुराग आर्य की असाधारण उपलब्धियाँ पूरे बीएचयू समुदाय के लिए प्रेरणा स्रोत और अनुकरणीय हैं। महिलाओं की श्रृंखलाबद्ध हत्याओं के मामले को उजागर कर पीड़ितों को न्याय दिलाने में उनका अनुकरणीय कार्य इस विश्वविद्यालय के दृढ़ता, ईमानदारी और सेवा के मूल्यों का साक्षात्कार है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय परिवार विशेष रूप से विज्ञान संकाय, भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष सहित शिक्षकों व विद्यार्थियों के अलावा ब्रोचा छात्रावास के प्रशासनिक संरक्षक व छात्रों ने आर्य की इस उपलब्धि को गर्व का विषय बताया हैं। अनुराग आर्य ने वर्ष 2009 में काशी हिंदू विश्वविद्यालय से भौतिकी में बैचलर ऑफ साइंस (ऑनर्स) की उपाधि धारण की। बागपत जनपद के रहने वाले 2013 बैच के आईपीएस अनुराग आर्य काशी हिंदू विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में जून 2006 से मई 2009 तक भौतिकी में बैचलर ऑफ साइंस (ऑनर्स) के प्रतिभावान छात्र रहे।

# युवती से छेड़ छाड़ करने वाले फरार आरोपियों की पुलिस ने तलाश तेज की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र में ए क 22 वर्षीय युवती से छेड़छाड़ और चाकू से हमला करने मामले में चौबीस घंटे बाद भी चार आरोपी फरार हैं,जिनकी गिरफ्तारी के लिए पु लिस ने तलाश तेज कर दी, पुलिस के अनुसार युवती अपने मोहल्ले से कुछ दूरी पर शौच के लिए गई थी।वहां उसे अकेला पाकर रफीक अ हमद,शहीद अहमद, नसीम, हसीन और रहीस ने जबरन पकड़ लिया और घसीटते हुए उसके साथ छेड़छाड़ की हैं।जब पीड़िता ने विरोध कि या और गाली-गलौज की,तो आरोपियों ने उस के साथ मारपीट की और उसे अपने घर ले गए था वहां उन्होंने पीड़िता के मुंह में कपड़ा



ठूंसक र अश्लील हरकतें कीं थी। दोबारा विरोध करने पर आरोपियों ने चाकू से हमला कर दिया था जिससे युवती के बाएं हाथ पर कट लग गया था।घायल अवस्था में पीड़िता को परिजन कि सी तरह कोतवाली ले गए थे जिसका एक वी डियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, मेडि कल जांच में भी धारदार हथियार से हमला कि ए जाने की पुष्टि हुई है।इस मामले में शहीद अ हमद,नसीम, हसीन और रहीस सहित चार आ रोपियों के खिलाफ छेड़छाड़,मारपीट, अश्लील हरकत और चाकू से हमला करने समेत 11 गं भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है,पुलि स कुछ अन्य अज्ञात आरोपियों की भूमिका की भी जांच कर रही है।करनैलगंज कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार छापेमा री कर रही है।पीड़िता का मेडिकल परीक्षण क राया जा चुका है और उसका बयान कोर्ट में भी दर्ज कराया जा रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि घटना में शामिल किसी भी आरोपी को ब ख्शा नहीं जाएगा।

# गौतम गाज़ी मानव सेवा संस्थान ने ठंड में पहुंचाई राहत, जरूरतमंदों को दिए कंबल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। शीत ऋतु में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने और समाजसेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से गौतम गाज़ी मानव सेवा संस्थान (स्वयंसेवी संस्था), बहराइच द्वारा गौतम गाज़ी पॉली क्लीनिक परिसर में कंबल वितरण एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम ने मानवीय संवेदना, सामाजिक सौहार्द और सेवा भावना का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जियाराम वर्मा रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में तालिब अली की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह की अध्यक्षता डॉ. अजीमुल्ला खान ने की तथा कार्यक्रम का संचालन श्री सरदार सरजीत सिंह द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. जियाराम वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि कड़ाके की ठंड में



जरूरतमंदों को कंबल वितरित करना मानवता की सच्ची सेवा है। उन्होंने गौतम गाज़ी मानव सेवा संस्थान के निरंतर सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को संवेदनशील बनाते हैं और अन्य संस्थाओं को भी सेवा कार्यों के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि जब समाज के सक्षम लोग आगे आकर वंचित वर्ग की सहायता करते हैं, तभी एक सशक्त और करुणामय समाज का निर्माण संभव होता है। विशिष्ट अतिथि एवं प्रदेश अध्यक्ष ऑल इंडिया कौमी तंजीम तालिब अली ने कहा कि सेवा कार्य किसी धर्म, जाति या वर्ग तक सीमित नहीं होने चाहिए। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना केवल दान नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने संस्थान के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए युवाओं से आगे आकर समाजसेवा से जुड़ने और मानवीय मूल्यों को मजबूत करने का आह्वान किया। अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. अजीमुल्ला खान ने कहा कि मानव सेवा ही सर्वोच्च सेवा है और समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों की सहायता करना प्रत्येक सक्षम व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि गौतम गाज़ी मानव सेवा संस्थान भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित करता रहेगा। ज्ञात हो कि इस कार्यक्रम में लगभग दो दर्जन समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों, पत्रकारों एवं धर्म गुरुओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह, मौलाना अकरम नदवी,गुडडे नवाब, मौलाना इबादुर्रहमान, ई0 आर0 पण्डित मशरिकी, शिव सेना जिलाध्यक्ष अर्जुन पंडित, रियाजुद्दीन खां, शादाब अंसारी, नासिर नईम खां, मौलाना सिराज मदनी, हसन इश्तियाक, आर0 सी0 चौधरी, अबरार अहमद खान, नासिर खाँ, रियाजुद्दीन खाँ, फौक बहराइची, मौलाना अकरम नदवी,मौलाना शाहिद अख्तर, अबुल लैस एडवोकेट,सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए और सामाजिक सौहार्द, आपसी भाईचारे एवं सेवा भावना को मजबूत करने पर बल दिया।इस अवसर पर शाहिद अहमद राष्ट्रीय सचिव अल्पसंख्यक सभा समाजवादी पार्टी हामिद अली एडवोकेट आफाक अहमद डॉक्टर सैयद जफर हुसैन वह हमजा सफीक आदि मौजूद रहे। समारोह के दौरान बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए तथा समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। अंत में संस्थान की ओर से सभी अतिथियों, सहयोगकर्ताओं एवं उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# हिन्दू महासभा के विशाल कार्यकर्ता मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत। अखिल भारत हिन्दू महासभा द्वारा महिला मंडल अध्यक्ष बबीता सक्सेना के नेतृत्व में कार्यकर्ता मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर संजीव सिंह राणा रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर रुद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे महिलाएं आज संगठन की हर गतिविधि में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं और आने वाले समय में महिला शक्ति संगठन को नई दिशा देगी। मंडल अध्यक्ष पंकज पाठक ने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होते हैं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है महिला जिला महामंत्री कविता वंशवाल ने महिलाओं की सहभागिता पर जोर देते हुए कहा कि संगठन में महिलाओं की भूमिका लगातार सशक्त हो रही है मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर संजीव सिंह राणा ने अपने विस्तृत वक्तव्य में कहा कि अखिल भारत हिन्दू महासभा केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक वैचारिक आंदोलन है प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन की भविष्य की योजनाओं पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि आने वाले समय में प्रदेश भर में संगठन को और अधिक विस्तार दिया जाएगा इस दौरान हिन्दू महासभा के जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा एवं जिला महामंत्री मयंक जायसवाल के नेतृत्व में पूरी जिला टीम, महिला जिलाध्यक्ष बिन्दु सिंह, महिला जिला महामंत्री कविता वंशवाल के नेतृत्व में पूरी महिला जिला टीम, युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा एवं युवा जिला महामंत्री आयुष सक्सेना के नेतृत्व में पूरी युवा टीम, पीलीभीत नगर अध्यक्ष सुनील कश्यप एवं नगर महामंत्री प्रमोद कश्यप के नेतृत्व में पूरी नगर टीम, बीसलपुर नगर अध्यक्ष सुनील अवस्थी एवं नगर महामंत्री अवनीश रतन के नेतृत्व में पूरी बीसलपुर की टीम, पूरनपुर युवा नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता के नेतृत्व में पूरी नगर टीम पूरनपुर, ब्लॉक अध्यक्ष ललौरीखेड़ा अन्नु गुर्जर के नेतृत्व में ब्लॉक की टीम उपस्थित रही है।

# समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत कई प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन बीएसए रौशनी सिंह ने वितरण किए पुरस्कार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




पीलीभीत। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान एवं क्विज प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।प्रतियोगिता में जनपद के सभी विकासखंडों से आए छात्र-छात्राओं ने नवाचारी मॉडल प्रस्तुत किए। नगर मजिस्ट्रेट और बीएसए रौशनी सिंह ने स्टॉलों का निरीक्षण कर बच्चों से उनके मॉडलों की जानकारी ली और उनके प्रयासों की सराहना की है।प्रतियोगिता में मरौरी ब्लॉक के जूनियर हाई स्कूल कुंवरपुर के कौशल सिंह, नगर क्षेत्र पीलीभीत के कंपोजिट स्कूल नखासा की सुमन मंडल, पूरनपुर के पीएम श्री स्कूल खासपुर की सृष्टि यादव,बरखेड़ा ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल बरगदा की मिथिलेश और बीसलपुर ब्लॉक के जूनियर हाई स्कूल किशनी के अजीत गंगवार विजेता रहे।विज्ञान प्रदर्शनी में ललौरीखेड़ा के कंपोजिट स्कूल बरहा के ऋतिक, बिलसंडा ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल नौगवां संतोष की प्रशा, पूरनपुर के कंपोजिट स्कूल खासपुर के विवेक,बरखेड़ा के कंपोजिट स्कूल बरगदा की प्रियाशी श्रीवास्तव तथा बीसलपुर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल सिसैया जलालपुर के यश पाराशर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।सभी विजेता छात्र-छात्राओं को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विज्ञान प्रदर्शनी के विजेताओं को टैबलेट प्रदान किए गए, जबकि अन्य विजेताओं को विज्ञान किट भेंट की गई। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।निर्णायक मंडल में राजकीय इंटर कॉलेज के प्रवक्ता सर्वेश गंगवार, डाइट बीसलपुर के प्रवक्ता स्वदेश गंगवार, वीरेंद्र कुमार और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रवक्ता सुमन शामिल रहीं। कार्यक्रम मे नगर क्षेत्र खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सिंह, शिव शंकर मौर्य,जिला समग्र समन्वयक राकेश पटेल सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे हैं।

# शहर में रौंदा जा रहा हाईकोर्ट का स्टे ऑर्डर, खुलेआम खेल रहे भूमाफिया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुलतानपुर। जिले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां भूमाफिया सरवर खां सुत तौफीक निवासी कोटवा तहसील सदर और फरमान खां पुत्र तौहीद निवासी कस्बा पांचो पीरन ने हाईकोर्ट के स्थगन आदेश की धज्जियां उड़ा दी हैं। दुबई में रहने वाले जमीन के मालिक मोहम्मद समीर पुत्र महफूज अली, निवासी दरियापुर, कोतवाली नगर की जमीन गाटा नंबर 604/1 और 604/2 पर अवैध कब्जा कर फैजाबाद रोड आस्था हॉस्पिटल के सामने पर भारी निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। ये भूमाफिया अपने गाटा नंबर 590 को आधार बनाकर पड़ोसी जमीन पर अतिक्रमण कर रहे हैं। अराजक तत्वों की मदद से फौजदारी करने की धमकी दे रहे हैं। समीर के मैनेजर शिवकुमार तिवारी ने इसकी शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। 26 दिसंबर 2025 को अयोध्या मंडल के मंडलायुक्त और पुलिस महानिरीक्षक से मिलने पर दोनों अधिकारियों ने तत्काल उपजिलाधिकारी सदर को फोन कर मामले का संज्ञान लेने के निर्देश दिए। इसके बावजूद निर्माण रुका नहीं। हाईकोर्ट का स्टे ऑर्डर, सिविल कोर्ट में चल रहे मुकदमे और इस्तगासा (स्टे) के बावजूद ये भूमाफिया खुलेआम निर्माण कर रहे हैं। यहां तक की सीमांकन तक निर्माण रोकना जरूरी है, लेकिन नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। क्या प्रशासन अब भी चुप रहेगा या पीड़ित की आवाज सुनी जाएगी? यह मामला भूमाफिया की मनमानी और कानून की अवहेलना का जीता-जागता उदाहरण बन गया है। जबकि जमीनों की अवैध कब्जेदारी को लेकर एंटी भू-माफिया टास्क फोर्स का गठन किया गया है, जिसे चौबीसों घंटे सक्रिय रहकर अवैध कब्जों की पहचान कर तुरंत हटाएं जाने का फरमान सीएम योगी की तरफ से दिया गया है। ये निर्देश जनता दर्शन, विधानसभा सत्र और विकास समीक्षा बैठकों में बार-बार दोहराए जाते हैं।

# पुलिस एनकाउंटर में हिस्ट्रीशीटर और कुख्यात गो-तस्कर गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने देर रात मुठभेड़ के दौरान हिस्ट्रीशीटर गो तस्कर को गिरफ्तार कर लिया मुठभेड़ में घायल हुए आरोपी को प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है रविवार शाम हुई मुठभेड़ में आरोपी के पैर में गोली लगी है यह पुलिस कार्रवाई पूरनपुर के शेरपुर रोड कुंडे से गोवंशीय पशु के अवशेष मिलने के बाद सामने आई हिन्दू संगठनों ने घटना का खुलासा करने और गो तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया था गोवंशीय अवशेष मिलने की सूचना पर पूरनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची थी इसके बाद पूरे क्षेत्र में संयुक्त गश्त शुरू कर दी गई थी पुलिस टीमें लगातार संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखे हुए थीं और संदिग्ध जगहों पर निगरानी बढ़ा दी गई थी रविवार देर शाम कोतवाली प्रभारी पवन पाण्डेय को मुखबिर की सूचना मिली कि माधोटांडा रोड सुखदासपुर की माइनर नहर के कच्चे रास्ते पर अफजाल पुत्र पुत्तन और बब्बू पुत्र इनायतुल्ला कुछ बदमाश हथियारों के साथ घूम रहे हैं और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं सूचना मिलते ही कोतवाल पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और ललकारते हुऐ इलाके की घेराबंदी कर दी गई अपने आप को घिरते देख गोकशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी जिसमें पुलिस पार्टी बाल बाल बची जिसमें जवाबी फायरिंग मे दोनो गौकशो के पैर मे गोली लगी अफजाल और बब्बू दोनो घायलों को जिला अस्पताल इलाज के भर्ती कराया गया जिसमें अभियुक्तों का लम्बा चौड़ा आपराधिक इतिहास है कोतवाल पवन पाण्डेय ने बताया कि घायल गो तस्कर अफजाल की उम्र करीब 30 वर्ष है और वह हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ कुल 9 मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें अधिकांश गोकशी से जुड़े हैं इसके अलावा आरोपी पर गैंगस्टर एक्ट के तहत दो मुकदमे और एक हत्या का मामला भी दर्ज है अफजाल और बब्बू दोनो अभियुक्त ने बताया 25 तारीख को शेरपुर कुंडे के पास गौकशी की घटना में दोनों की संलिप्तता है पुलिस ने उनके पास से दो तमंचे तीन जिंदा कारतूस दो खोखा कारतूस बरामद किए हैं सीओ प्रतीक दहिया ने बताया गश्त के दौरान पुलिस को सूचना मिली 25 दिसंबर को गौकशी की घटना को अंजान देने वाले युवक दोबारा गोवंशीय पशु का वध करने जा रहे हैं घेराबंदी के दौरान उन्होंने पुलिस पर फायर झोंक दिया मुठभेड़ में पूरनपुर के मोहल्ला लाइनपार निवासी बब्बू और अफजाल के दोनों के पैर में गोली लगी है घायलों का उपचार कराया जा रहा है।

## चालीस ग्राम स्मैक के साथ कारोबारी गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने मादक पदार्थो की बिक्री करने वाले लोगों पर शिकंजा कसते हुये चालीस ग्राम स्मैक के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये कारोबारी के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान नोमान उल्ला उर्फ अछय पुत्र स्व. अता उल्ला निवासी हाल पता पिपरी थाना कुड़वार जनपद सुलतानपुर स्थाई पता ग्राम पूरे मंसूर मजरे मोहम्मद नेवाज थाना मुसाफिरखाना को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में कारोबारी के कब्जे से चालीस ग्राम स्मैक बरामद हुई। इस सम्बंध में थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये कारोबारी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## पुलिस ने स्टंटबाज को कार समेत किया गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जगदीशपुर पुलिस ने कार से स्टंट करने वाले स्टंटबाज को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बताते चलें कि रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो जिसमें एक व्यक्ति कस्बा जगदीशपुर स्थित बस स्टैण्ड पर कार से खतरनाक तरीके से स्टंट करते हुए दिखाई दे रहा था। उक्त वायरल वीडियो की शिकायत मिलने पर तत्काल वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा स्टंट करने वाले व्यक्ति की पहचान करने व उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया था।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा उक्त वायरल वीडियो के सन्दर्भ में जांच की गयी तो उक्त अल्टो कार यूपी 32 जेसी 8936 वाहन से स्टंट करने वाले व्यक्ति की पहचान अफसार पुत्र इसरार निवासी ग्राम पूरे तालबेन मजरे निसूरा थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र कराब तीस वर्ष के रूप में हुई। सोमवार को थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा कार यूपी 32 जेसी 8936 के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत व स्टंटबाज के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## रजागंज में बंदरों का आतंक युवक घायल जिला अस्पताल रेफर

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के मोहल्ला रजागंज में एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया, सुरक्षा के लिए लगाया गया जाल को बंदरों ने गिरा दिया और सड़क से गुजर रहे एक युवक पर गिर गया। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव ढका निवासी सफीक पुत्र सरफुद्दीन, उम्र करीब 35 वर्ष, मोहल्ला रजागंज में अपनी रिश्तेदारी में आए हुए थे। बताया गया कि मोहल्ले के ही एक व्यक्ति द्वारा बंदरों से बचाव को लेकर जाल लगवाया गया था। ताकि बंदर अंदर ना आ सके। आज बंदर ने उस जाल को हिलाया और जाल रोड पर जा गिरा और वहां से निकल रहे सफीक के सर पर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उनको जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## धनाराघाट शारदा नदी पर बने अस्थायी पेंटून पुल से बसों का आवागमन शुरू

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के धनाराघाट में शारदा नदी पर बने अस्थायी पेंटून पुल से बसों सहित अन्य वाहनों का आवागमन शुरू कर दिया गया है। लंबे समय से पुल के जरिए भारी वाहनों के संचालन को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। लेकिन प्रशासन और परिवहन विभाग की अनुमति के बाद अब बसों का संचालन प्रारंभ होने से क्षेत्रीय लोगों ने राहत की सांस ली है। दरअसल तहसील व जिला मुख्यालय आने जाने के लिए लोगों को लगभग 150 किलोमीटर की दूरी व अधिक खर्च कर आना जाना पड़ता था। अब पेंटून पुल बन जाने से यह दूरी मात्र लगभग 30 किलोमीटर की रहे गई हैं। जिससे लोगों को आवागमन में राहत मिली है। शारदा नदी के उस पर दर्जनों गाव है और पेंटून पुल बारिश के मौसम में हटने से इनका कनेक्शन जिला और तहसील मुख्यालय से कट जाता है फिर इनको भीरा पलिया के रास्ते से तहसील और जिला मुख्यालय आना जाना पड़ता है। पेंटून पुल बनने से इनको कुछ हद तक राहत मिल जाती हैं। पुल बनने के बाद बड़े बाहनों पर रोक थी पर अब बसों का भी आवागमन शुरू कर दिया गया है।

## हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक है बाबा जलाल शाह का मेला

बल्दीराय/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सुल्तानपुर जिले की बल्दीराय तहसील के बघौना कस्बे में सदियों पुराना ऐतिहासिक मेला पूरे उत्साह के साथ चल रहा है। यह मेला हर साल 25 दिसंबर (क्रिसमस) से शुरू होता है और क्षेत्र की सामाजिक-सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। मेले का मुख्य आयोजन बाबा जलाल शाह की मजार परिसर में होता है। यहां दूर-दराज के इलाकों से हजारों श्रद्धालु और जायरीन पहुंच रहे हैं। मेला प्रबंधक जुबेर अहमद ने बताया कि बाबा जलाल शाह की दरगाह पर हिंदू-मुस्लिम सहित सभी समुदायों के लोग गहरी आस्था रखते हैं। यह मेला आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। मेले में बघौना और आसपास के क्षेत्रों के अलावा पड़ोसी जिलों से भी बड़ी संख्या में दुकानदार आए हैं। लकड़ी से बने घरेलू सामान, जैसे कुर्सियां, मेजें, दरवाजे और तख्त, यहां विशेष आकर्षण का केंद्र हैं। इसके अतिरिक्त, खिलौने, कपड़े, खान-पान और रोजमर्रा की जरूरतों का सामान बेचने वाली दुकानों पर भी दिनभर भीड़ रहती है। बच्चों और युवाओं के लिए ऊंचे झूले प्रमुख आकर्षण हैं, जहां देर शाम तक लंबी कतारें देखी जाती हैं। महिलाओं के लिए श्रृंगार सामग्री की दुकानें भी मेले की रौनक बढ़ा रही हैं। शाम ढलते ही पूरा मेला क्षेत्र रोशनी से जगमगा उठता है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए बल्दीराय थाना प्रभारी नारदमुनि सिंह ने बताया कि मेले में शांति बनाए रखने के लिए देहली चौकी इंचार्ज के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। दो अस्थायी पुलिस चौकियां भी स्थापित की गई हैं। प्रशासन की सतर्कता और स्थानीय लोगों के सहयोग से मेला शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है। यह मेला धार्मिक आस्था के साथ-साथ क्षेत्रीय संस्कृति और एकता का भी प्रतीक बना हुआ है।

# हिंदू सम्मेलन में राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का दिया संदेश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




अमेठी । विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम पंचायत मत्तेपुर के गांव सरदारगंज में सोमवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों में हिंदू धर्म की एकजुटता और संगठित होने को लेकर जमकर उत्साह दिखा।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विश्व हिंदू परिषद काशी प्रांत के संगठन मंत्री नितिन कुमार जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि लोगों को जाति और वर्ग से ऊपर उठकर संगठित होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मजबूत परिवार ही सशक्त समाज और राष्ट्र की नींव होता है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे शिव बरन पाठक ने लोगो को भारतीय संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक दायित्वों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये समाज को संगठित रहने का आह्वान किया।वक्ताओं ने अपने सम्बोधन में कहा कि हिंदू जगेगा तो विश्व जगेगा के उद्घोष के साथ सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता राम सुमिरन पासी ने की।विशिष्ट अतिथि के रूप में गीता मौर्या मौजूद रही। कार्यक्रम के आयोजक ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने अतिथियों एवं सम्भ्रांत नागरिकों का फूल मालाओं से स्वागत कर अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया और आगंतुकों के प्रति आभार जताया।इस मौके पर प्रमोद त्रिपाठी, सुरेश चंद्र तिवारी, सियाराम पासी, इन्द्र कुमार चौधरी, तेज नारायण मिश्रा, रमेश तिवारी,द्वारिका नाथ शुक्ला, जय सिंह, राजेश जायसवाल, अवधेश शुक्ला, आलोक त्रिपाठी, राम जी शुक्ला,अखिलेश तिवारी, इंद्र कुमार पाठक, राम कृपाल तिवारी, जगदेव लोधी, हनुमान प्रसाद वर्मा, शीतला प्रसाद पासी, शिव नारायण यादव, राधे लाल लोधी,राम बहादुर, भवन प्रसाद, राजेंद्र सिंह, राम धनी पासी,राम केवल, रमा शंकर पासी सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# पूरनपुर से अजमेर पहुंचा जायरीनों का जत्था आज पेश करेंगे चादर



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर। हिंद के ख्वाजा सूफी संत हजरत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती का 814 वें उर्स बड़े कुल शरीफ में शामिल होने के लिए पूरनपुर से जायरीनों का जत्था अजमेर के लिए रवाना हुआ। दरगाह पर पूरे हिंदुस्तान से बड़ी संख्या में जायरीन मौजूद पहुंच रहे है। दरगाह पर लगातार शाही कव्वालों के द्वारा सूफी कलाम पेश किए जा रहे हैं। जायरीन 30 दिसंबर को हाजिरी देकर चादर पेश कर जनपद पीलीभीत एवं अपने मुल्क के लिए अमन चैन कायम रखने के लिए दुआ करेंगे। जायरीनों के जत्थे में मुख्य रूप से हाजी रियाजत नूर खान, मोज्जम खान चिश्ती,फिरासत खान, सलीम ,हाजी असलम कुरैशी,अबरार खान, सनी कुरैशी,आर्मिष खान, इमरान सिद्दीकी,नुबैद खान सहित बड़ी संख्या में जायरीन उपस्थित रहे हैं।

# ठंड को लेकर सीएमओ ने जारी की एडवाइजरी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुलतानपुर। शीतलहर के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. भरत भूषण ने बताया कि अत्यधिक ठंड के कारण हाइपोथर्मिया, हृदय रोग और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। इसे ध्यान में रखते हुए विभाग की ओर से जनहित में विस्तृत एडवाइजरी जारी की गई है। एडवाइजरी के अनुसार ठंड से बचाव के लिए एक भारी कपड़े के बजाय कई परतों में ढीले और गर्म कपड़े पहनने चाहिए। सिर, हाथ और कान को ढकने के लिए टोपी, दस्ताने और मफलर का प्रयोग अनिवार्य बताया गया है। शरीर का तापमान संतुलित रखने के लिए ताजा, गर्म और पौष्टिक भोजन करें। साथ ही पर्याप्त पानी पिएं और सूप, चाय, दूध जैसे गुनगुने तरल पदार्थों को आहार में शामिल करें। छोटे बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और पुरानी बीमारियों से ग्रसित लोगों का विशेष ख्याल रखने पर जोर दिया गया है। यदि किसी व्यक्ति में अत्यधिक कपकपी, सुस्ती, भ्रम या बोलने में कठिनाई जैसे लक्षण दिखाई दें, तो यह हाइपोथर्मिया के संकेत हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने चेताया है कि कमरे में उचित वेंटिलेशन अवश्य रखें, ताकि कार्बन मोनोआक्साइड जैसी जहरीली गैस का जमाव न हो। शराब के सेवन से बचने की भी सलाह दी गई है, क्योंकि यह शरीर को गर्म रखने की भ्रांति पैदा करती है और वास्तव में शरीर का तापमान कम कर देती है। लोगों को लंबे समय तक ठंड के सीधे संपर्क में रहने से बचने की हिदायत दी गई है। प्रातःकाल और देर रात जब ठंड अधिक होती है, तब अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें।

# बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें अभिभावक : सीडीपीओ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी । ब्लाक संसाधन केन्द्र सिंहपुर के प्रांगण में सोमवार को हमारे आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नौ न्याय पंचायतों के विद्यालयों द्वारा टीएलएम प्रदर्शनी लगाई गई जिसे अतिथियों द्वारा सराहा गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना के साथ हुआ।हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का उद्देश्य प्री प्राइमरी तथा प्राइमरी शिक्षा में विशेष रूप से कक्षा एक और दो में पढ़ रहे बच्चों को निपुण लक्ष्य प्राप्त करने, स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम के संबंध में जन समुदाय को अवगत कराने तथा को लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी व शिक्षकों के समन्वय से प्री प्राइमरी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये किये जा रहे विभिन्न प्रयासों से जन समुदाय को अवगत कराना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीडीपीओ धर्मेन्द्र कुमार गौतम ने अपने सम्बोधन में कहा कि समस्त बच्चों को अपने घर के बच्चे के रूप में प्यार देते हुये उन्हें बेहतर शिक्षा प्रदान किया जाना चाहिये साथ ही उन्होंने विद्यालयों के कायाकल्प के लिए भी प्रत्येक स्तर पर पूरे सहयोग की बात कही।खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने समस्त शिक्षकों नोडल शिक्षकों व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आपस में सामंजस्य बनाकर प्री प्राइमरी शिक्षा को मजबूत बनाने के साथ ही अभिभावकों को प्रतिदिन बच्चों को विद्यालय भेजने की बात कही।एआरपी अनुज शुक्ला के द्वारा बच्चों को विभाग द्वारा सुनिश्चित पाठ्यक्रम ,स्कूल रेडीनेस गतिविधि कार्यक्रम, चहक किट लर्निंग कार्नर विभिन्न प्रकार के टीएलएम आदि के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के विषय में बताया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री,अभिभावकों के द्वारा विद्यालयों में सतत रूप से किया जा रहे अच्छे कार्यों आदि के विषय में बताते हुये बच्चों द्वारा प्रस्तुति भी दिया गया।इस अवसर पर सभी नौ न्याय पंचायतो द्वारा टीएलएम प्रदर्शनी भी लगाई गई।इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष सत्येन्द्र तिवारी, रविकांत श्रीवास्तव, दीपिका अवस्थी, सरिता शुक्ला, रिमझिम सिंह, आकांक्षा गुप्ता, सीमा सिंह, दीप शिखा, उबैद अहमद,मोहम्मद अनीस, आशीष मौर्या, रियाज अहमद, राशिद खान, आलोक शुक्ला, शेखर द्विवेदी सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# सहभोज पर चर्चा

बचपन से ही सुना था, कि सहभोज से मेल बढ़ता है। गरीब अमीर का भेद मिटता है। सहभोज में अनेक प्रकार के व्यंजनों का स्वाद चखने को मिलता है। संग बैठ कर भोजन करने से स्वाद द्विगुणित हो जाता है। लगता है कि सहभोज सामाजिक समरसता तक अधिक सीमित है राजनीतिक क्षेत्र में सहभोज किसी की नींद हराम करने का कारण भी बन सकता है। सहभोज चर्चा को आगे बढ़ाएँ, तो सहभोज की वर्तमान स्थिति चिंतनीय है, विशेषकर यदि आप किसी भी राजनीतिक दल से जुड़े हैं, तो आपके लिए सहभोज आयोजन में सावधानी ही बचाव है। अपने घर में मित्रों को आमंत्रित करने या उनके साथ सहभोज करने के लिए कुछ निश्चित नियमों का अनुपालन करने में ही आपकी भलाई है, अन्यथा आपके जीवन भर के समर्पित आचरण पर प्रश्न खड़ा हो सकता है। आपको राजा के कोप का भाजन बनना पड़ सकता है। यह मैं नही कहता अखबारों की सुर्खियां कहती हैं। ई मीडिया रिपोर्ट कहती हैं। बरसों से किसी भी प्रकार के पारिवारिक, सामाजिक, साहित्यिक, सार्वजनिक आयोजन के लिए प्रस्तावना अपेक्षित होती है, जिसमें पहले किसी आयोजन की कल्पना की जाती है, फिर उसके आयोजन हेतु विचार किया जाता है, फिर आयोजन के औचित्य व उपलक्ष्य को स्पष्ट किया जाता है। उसके बाद वरिष्ठ सलाहकारों के साथ मीटिंग की जाती है। भाई बंधुओं के अनुभवों से आयोजन को भव्य बनाने हेतु मंथन किया जाता है। इस मंथन में ऐसे लोग शामिल रहते हैं, जो आयोजन कर्ता के मन की बात सुन सकें, उस बात का समर्थन कर सकें तथा आयोजक को आयोजन करने की ज़िद्द पर टिके रहने के लिए विवश कर सकें। इसके बाद बनाई जाती है आयोजन को भव्य बनाने के लिए प्रभावशाली समझे जाने वाले मेहमानों को आमंत्रित करने की सूची। यह व्यक्तिगत मामला है और व्यक्ति से जुड़ा है। यदि मामला व्यक्तिगत न हो, किसी राजनीतिक दल के व्यक्ति से जुड़ा हो। यदि कोई राजनीतिक व्यक्ति, कोई जन प्रतिनिधि, मुहल्ले का सभासद, किसी क्षेत्र का विधायक, सांसद अपनी पसंद के मित्रों, जन प्रतिनिधियों के साथ बैठकर गपशप करना चाहे, अपने मन के अतिथियों को अपने घर बुलाकर चाय पिलाना चाहे, तब क्या वह ऐसा अपनी इच्छा अनुसार, स्थिर बुद्धि व स्वस्थ इंद्रियों की दशा में कर सकता है? यह सवाल कुछ अलग है, व्यक्ति की आजादी और उसके मौलिक अधिकारों से जुड़ा है। ऐसा ही मामला संज्ञान में आया है, एक मित्र महोदय ने अपने कुछ साथियों को अपने घर पर चाय पर बुलाया, जिन्हें बुलाया, वे खुशी खुशी आए, खाया पीया, हँसी ठहाके लगाए। जिसे नहीं बुलाया, उसके माथे पर शिकन उभर आयी। आखिर ऐसा क्यों हुआ ? मेरी मर्जी के बिना किसी ने किसी को क्यों बुलाया ? किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि के व्यक्ति को पारिवारिक समारोह में अपने जातिगत मित्रों को बुलाने का अधिकार कैसे प्राप्त हुआ ? क्या उसके लिए पार्टी हाई कमान से आज्ञा ली। यदि जन प्रतिनिधि किसी से जुड़ा है, तो उसे स्वयं को स्वतंत्र मानकर कोई स्वतंत्र आयोजन करने का अधिकार मिल सकता है? यही सवाल गंभीर बन गया, कि किसी राजनीतिक दल से जुड़े होने पर वह व्यक्ति भले ही समृद्धि के चाहे जितने पायदान ऊपर चढ़ जाए, पर रहेगा बंधुआ ही। उसे पार्टी हाईकमान फटकार सकता है, दुत्कार सकता है, उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की धमकी दे सकता है। उसे नसीहत दे सकता है, कि मिलजुल कर बैठने के लिए एकता की शक्ति का प्रदर्शन न किया जाए। वास्तव में ऐसी बातें सोचने के लिए विवश करती ही हैं, कि व्यक्ति बड़ा या व्यक्ति से बड़ा हाईकमान ? क्या विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा खेली जा रही सत्ता की शतरंज में जन प्रतिनिधि किसी राजा का गुलाम या प्यादा भर है, कि जब चाहा, तब उसे बुलाया, डाँटा, फटकारा, नसीहत दी और उसकी आड़ में अपने बंधुआ सेवकों में भी खौफ रोप दिया, कि बिना हाई कमान को सूचना दिए यदि किसी को अपने घर पर चाय पर बुलाया, तो यह सम्बंधित जन प्रतिनिधि के राजनीतिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सिद्ध हो सकता है।

# दुनिया के लिए बड़ी चुनौती बना पर्यावरण संकट

प्रकृति के साथ दुर्व्यवहार का एक अंतहीन सिलसिला आरंभ हो गया। प्रकृति के दोहन से ही बाहुल्य के लिए सामान बनाए जा सकते थे, इसलिए प्राकृतिक संसाधनों के असीमित दोहन की शुरुआत हो गई। उपनिवेशवाद के दौर में कम मशीनी शक्ति वाले देशों पर तथाकथित विकसित देशों द्वारा कब्जे किये गए और उनके संसाधनों को बेदर्दी से नष्ट किया गया। सभ्य कहलाने वाले देशों द्वारा कमजोर देशों के मूल निवासियों को किस तरह प्रताड़ित किया गया और उनकी सभ्यताओं को असभ्य घोषित करके नष्ट करने का कार्य किया गया, वह अपने आप में घिनौना इतिहास है, जिसके अवशेष अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के मूल निवासियों के रूप में देखे जा सकते हैं। किन्तु यह आधुनिक सभ्यता अब अपने ही भार से भस्मासुर की तरह नष्ट होने की दिशा में बढती प्रतीत हो रही है। इस सभ्यता ने अपने ही मूल पर आघात करना शुरू कर दिया है। हालांकि वैज्ञानिक समझ के विकास के चलते सब गलत दिशा को समझ भी रहे हैं किन्तु विज्ञान का दुरुपयोग प्रकृति विनाशक शक्ति के रूप में किया जा रहा है। दुनिया के सबसे विद्वान वैज्ञानिकों की बहुसंख्या युद्ध विज्ञान के विकास में संलग्न कर दी गई है, क्योंकि निर्णय लेने वाले लोग तो आदिम क्रूर मानसिकता के ही वाहक बने हुए हैं, जिनके हाथ में मशीन और विज्ञान, प्रकृति एवं प्राणी समाज के साथ मनमानी करने का हथियार बन गया है। ज्ञान, सुख और शांति का वाहक बनने के बजाय युद्ध और क्रूरता का वाहक बन गया है। इस स्थिति में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के सातवें अधिवेशन में नैरोबी में प्रस्तुत की गई ग्लोबल आउटलुक 2025 रिपोर्ट पर्यावरण के साथ किये जा रहे दुर्व्यवहार को संरेखित करती है और अपने तौर तरीकों पर मानव समाज को पुनर्विचार करके संशोधित करने की दिशा दिखलाती है। जलवायु परिवर्तन, प्रकृति के साथ किये जा रहे दुर्व्यवहार की प्रतिक्रिया के रूप में एक बड़े खतरे के रूप में चुनौती पेश कर रहा है। मशीनीकरण को चलाए रखने के लिए जिस ऊर्जा की बड़े पैमाने पर जरूरत है, वह जीवाश्म ईंधन से पैदा की जा रही है। इस उत्पादन प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर धुआं और जहरीली गैसें उत्सर्जित होती हैं जो हरित प्रभाव पैदा करके वायुमंडल के तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि कर रही हैं। तापमान वृद्धि से पूरा जलवायु का संतुलन हिल गया है। कहीं अतिवृष्टि हो रही है तो कहीं अनावृष्टि हो रही है। ग्लेशियर पिघल कर समाप्त होने की ओर अग्रसर हैं जो आसन्न जल संकट का कारण बनेंगे। रिपोर्ट के अनुसार हरित प्रभाव गैसों के उत्सर्जन से अभी 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड तक तापमान में वृद्धि हुई है जो 2024 में 1.55 डिग्री सेंटीग्रेड हो गई है।

पिछली डेढ़ शताब्दी, जब से औद्योगिक क्रांति ने विकास की गति तेज की और प्रकृति को जीतने की होड़ मच गई, मशीनों ने बंधक- निर्माण- शक्ति मानव के हाथ में दे दी तब से विकास की परिभाषा भी धीरे-धीरे बदल गई। गुणात्मक जीवन के बजाय बाहुल्य को विकास माना जाने लगा। प्रकृति के साथ दुर्व्यवहार का एक अंतहीन सिलसिला आरंभ हो गया। प्रकृति के दोहन से ही बाहुल्य के लिए सामान बनाए जा सकते थे, इसलिए प्राकृतिक संसाधनों के असीमित दोहन की शुरुआत हो गई। उपनिवेशवाद के दौर में कम मशीनी शक्ति वाले देशों पर तथाकथित विकसित देशों द्वारा कब्जे किये गए और उनके संसाधनों को बेदर्दी से नष्ट किया गया। सभ्य कहलाने वाले देशों द्वारा कमजोर देशों के मूल निवासियों को किस तरह प्रताड़ित किया गया और उनकी सभ्यताओं को असभ्य घोषित करके नष्ट करने का कार्य किया गया, वह अपने आप में घिनौना इतिहास है, जिसके अवशेष अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के मूल निवासियों के रूप में देखे जा सकते हैं। किन्तु यह आधुनिक सभ्यता अब अपने ही भार से भस्मासुर की तरह नष्ट होने की दिशा में बढती प्रतीत हो रही है। इस सभ्यता ने अपने ही मूल पर आघात करना शुरू कर दिया है। हालांकि वैज्ञानिक समझ के विकास के चलते सब गलत दिशा को समझ भी रहे हैं किन्तु विज्ञान का दुरुपयोग प्रकृति विनाशक शक्ति के रूप में किया जा रहा है। दुनिया के सबसे विद्वान वैज्ञानिकों की बहुसंख्या युद्ध विज्ञान के विकास में संलग्न कर दी गई है, क्योंकि निर्णय लेने वाले लोग तो आदिम क्रूर मानसिकता के ही वाहक बने हुए हैं, जिनके हाथ में मशीन और विज्ञान, प्रकृति एवं प्राणी समाज के साथ मनमानी करने का हथियार बन गया है। ज्ञान, सुख और शांति का वाहक बनने के बजाय युद्ध और क्रूरता का वाहक बन गया है। इस स्थिति में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के सातवें अधिवेशन में नैरोबी में प्रस्तुत की गई ग्लोबल आउटलुक 2025 रिपोर्ट पर्यावरण के साथ किये जा रहे दुर्व्यवहार को संरेखित करती है और अपने तौर तरीकों पर मानव समाज को पुनर्विचार करके संशोधित करने की दिशा दिखलाती है। जलवायु परिवर्तन, प्रकृति के साथ किये जा रहे दुर्व्यवहार की प्रतिक्रिया के रूप में एक बड़े खतरे के रूप में चुनौती पेश कर रहा है। मशीनीकरण को चलाए रखने के लिए जिस ऊर्जा की बड़े पैमाने पर जरूरत है, वह जीवाश्म ईंधन से पैदा की जा रही है। इस उत्पादन प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर धुआं और जहरीली गैसें उत्सर्जित होती हैं जो हरित प्रभाव पैदा करके वायुमंडल के तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि कर रही हैं। तापमान वृद्धि से पूरा जलवायु का संतुलन हिल गया है। कहीं अतिवृष्टि हो रही है तो कहीं अनावृष्टि हो रही है। ग्लेशियर पिघल कर समाप्त होने की ओर अग्रसर हैं जो आसन्न जल संकट का कारण बनेंगे। रिपोर्ट के अनुसार हरित प्रभाव गैसों के उत्सर्जन से अभी 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड तक तापमान में वृद्धि हुई है जो 2024 में 1.55 डिग्री सेंटीग्रेड हो गई है। इस गति से वृद्धि होने पर जलवायु पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है, जो आगे बढ़ता ही जाएगा यदि तापमान वृद्धि को रोका नहीं गया तो इसके कारण जैव विविधता पर भी बुरा असर पड़ने वाला है, जिससे 10 लाख प्रजातियों के लुप्त हो जाने का खतरा पैदा हो गया है। 20-से 40 प्रतिशत भू-भाग वैश्विक स्तर पर अनुपजाऊ होने के कगार पर है, जिससे 300 करोड़ लोग प्रभावित होंगे। जलवायु से जुडी भीषण घटनाओं के कारण जन-धन की भारी हानि हो रही है। आर्थिक रूप में वार्षिक 14300 करोड़ डॉलर की हानि पिछले दो दशकों से हो रही है। वायु प्रदूषण के कारण 2019 में स्वास्थ्य संबंधी आर्थिक नुकसान 8.1 ट्रिलियन डॉलर आंका गया, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था का 6.1 प्रतिशत है। 90 लाख मौतें प्रदूषण संबंधी कारणों से हुईं। 80 हजार लाख टन प्लास्टिक कचरा फैला हुआ है, जिससे गंभीर रासायनिक तत्वों से संपर्क हो रहा है और इससे 1.5 ट्रिलियन डॉलर की आर्थिक हानि प्रति वर्ष हो रही है। नैनो प्लास्टिक तत्व मनुष्य शरीर तक पहुंच कर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा कर रहे हैं। अनुमान है कि यदि 2040 तक तापमान वृद्धि दो डिग्री सेंटीग्रेड तक पहुंच गई तो जलवायु परिवर्तन के कारण पारिस्थितिक-व्यवस्था का अपूरणीय विनाश हो सकता है, जिससे बड़े पैमाने पर विस्थापन होगा। अर्थव्यवस्थाएं चौपट हो सकती हैं और बेरोजगारी, गरीबी, और अस्थिरता बढ़ेगी। उपजाऊ जमीनों के नष्ट होने से भूख, विविधता विनाश, पौष्टिक आहार की कमी, अकाल और सामाजिक असंतोष के हालात बनेंगे। इस स्थिति से निपटने के लिए तत्काल गंभीर प्रयास करने की जरूरत है। किन्तु जलवायु नियंत्रण समझौतों के विषय में बहुत से देश विमुखता दिखा रहे हैं, जो मान भी रहे हैं वे भी हरित प्रभाव गैसों के उत्सर्जन में कटौती के लिए स्व घोषित लक्ष्य ही मानने तक सीमित रहना चाहते हैं। इस स्थिति से बाहर निकल कर कुछ आवश्यक कदम उठाने होंगे, खासकर हरित प्रभाव गैसों के उत्सर्जन में भारी कटौती करनी होगी, जिसके लिए कार्बनमुक्त ऊर्जा विकल्पों की ओर मुड़ना होगा। सौर ऊर्जा, पवन उर्जा, हाइड्रो काईनैटीक ऊर्जा आदि विकल्प उपलब्ध और विकसित करने होंगे। पेट्रोल, डीजल पर दी जा रही सब्सिडी को हरित ऊर्जा की ओर मोड़ना पड़ेगा। अत्यधिक संसाधन दोहन और दुरुपयोग को नियंत्रित करने के लिए यूज एंड थ्रो उत्पाद पद्धति को बदल कर टिकाऊ और मुरम्मत किये जाने योग्य उत्पाद बनाने होंगे। बेकार पदार्थों और कचरे के पुनः चक्रीकरण की व्यवस्थाओं को प्रोत्साहित करना संसाधनों के अत्यधिक दोहन को रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। वायु प्रदूषण को रोकना और पारिस्थितिक तंत्र को बचाना और पुनर्जीवित करने पर जोर देना पड़ेगा। जलवायु परिवर्तन से मुकाबला करने के लिए जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने के साथ-साथ जलवायु अनुकूलन की विधियां तलाशनी होंगी। परिवहन के कारण होने वाले भारी प्रदूषण से निपटने के लिए टिकाऊ सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आरामदायक बनाते हुए विकसित करना पड़ेगा। समस्याएं तो आती ही रहेंगी किन्तु समाधान के लिए प्रकृति आधारित हल प्राथमिकता से ढूंढे जाएं तो हालत सुधरने में मदद जरूर मिलेगी। **–कुलभूषण उपमन्यु**

# आरंभ, आशा और उम्मीदों के स्वागत का समय

**विजय कुमार शर्मा**

समय जब द्वार पर दस्तक देता है, तो वह शोर नहीं करता। वह चुपचाप आता है, जीवन की पुस्तक का एक पन्ना पलटता है और आगे बढ़ जाता है। उसी क्षण मन के भीतर एक अनकही हलचल जन्म लेती है। वर्ष का अंत और नए वर्ष का आरंभ केवल तारीखों का बदलना नहीं है, बल्कि आत्मा के भीतर चल रही उस मौन प्रक्रिया का संकेत है, जहाँ स्मृतियाँ, अनुभव, सीख और आशाएँ एक साथ आकार लेती हैं। यह समय ठहरकर देखने का भी है और आगे बढ़ने का भी। बीता हुआ वर्ष हमारे जीवन का एक संपूर्ण अध्याय होता है। उसमें लिखी हर पंक्ति हमारे कर्मों, हमारे निर्णयों और हमारी भावनाओं से बनी होती है। कुछ पंक्तियाँ मुस्कान बनकर मन में उतर जाती हैं, तो कुछ पंक्तियाँ चुभती हुई पीड़ा की तरह स्मृतियों में रह जाती हैं। हँसी से भरे क्षण, आँखों को नम कर देने वाली रातें, संघर्ष से उपजी सुबहें और संतोष से भरी संध्याएँ, सब मिलकर उस वर्ष को हमारे जीवन की कथा में स्थायी बना देते हैं। समय लौटकर नहीं आता, पर वह हमें भीतर से गढ़कर अवश्य चला जाता है। हर बीता हुआ समय हमें कुछ न कुछ सौंपता है। कभी वह अनुभव देता है, कभी धैर्य, कभी आत्मविश्वास और कभी आत्मबोध। कई बार ऐसा लगता है कि हमने बहुत कुछ खो दिया, पर बाद में समझ आता है कि वही खोना हमें अधिक सजग और मजबूत बना गया। कुछ सपने पूरे होते हैं, कुछ अधूरे रह जाते हैं और कुछ नए सपनों का बीज भी इसी प्रक्रिया में अंकुरित हो जाता है। वर्ष का अंत इन सबका मौन लेखा-जोखा है, जहाँ हमारा विवेक ही सबसे बड़ा साक्षी होता है। नए साल की उम्मीद मनुष्य की सबसे सुंदर और उजली प्रवृत्ति है। चाहे बीता समय कठिनाइयों से भरा रहा हो, चाहे परिस्थितियाँ बार-बार परीक्षा लेती रही हों, फिर भी नए साल के आगमन के साथ मन में एक सहज विश्वास जन्म लेता है कि आगे कुछ बेहतर होगा। यही विश्वास जीवन को थामे रखता है। नया साल एक नए सवेरे की तरह होता है, जो यह संकेत देता है कि अँधेरा स्थायी नहीं होता और उजाले की संभावना कभी समाप्त नहीं होती। यह उम्मीद केवल बाहरी परिस्थितियों के बदलने की नहीं होती, बल्कि स्वयं के भीतर परिवर्तन की आकांक्षा भी होती है। नए साल के साथ हम स्वयं से कई संकल्प करते हैं। अधिक संयम, अधिक परिश्रम, अधिक सकारात्मकता और अधिक संवेदनशीलता के साथ जीने की इच्छा जाग उठती है। पुराने दोषों को पीछे छोड़ने और नई आदतों को अपनाने का साहस इसी समय सबसे प्रबल होता है। इस प्रकार नया साल आत्मसुधार का एक सशक्त अवसर बन जाता है। समय की विदाई के साथ एक हल्का सा विषाद भी मन में उतर आता है। क्योंकि कुछ लोग, कुछ अवसर और कुछ क्षण स्मृतियों में ही सिमटकर रह जाते हैं। कभी यह अहसास होता है कि काश कुछ बातों को समय रहते कह दिया होता, कुछ रिश्तों को और अधिक सहेज लिया होता। यह पछतावा मन को उदास करता है, पर यही उदासी हमें आने वाले समय के प्रति अधिक सजग भी बनाती है। नया साल हमें भविष्य की ओर देखने की दृष्टि देता है। जीवन केवल बीते हुए पलों का संग्रह नहीं है, बल्कि निरंतर आगे बढ़ने की यात्रा है। यदि हम केवल अतीत की असफलताओं में उलझे रहें, तो आगे की राह धुँधली हो जाती है। नया समय यह सिखाता है कि बीते अनुभवों से सीख लो, पर उनमें बँधकर मत रहो। आगे का मार्ग हमारे साहस और कर्म की प्रतीक्षा करता है। समय का यह निरंतर प्रवाह हमें विनम्र बनाता है। हर वर्ष का परिवर्तन यह याद दिलाता है कि जीवन क्षणभंगुर है। इसलिए जो समय हमारे पास है, उसे अर्थपूर्ण बनाना हमारा कर्तव्य है। नए साल की उम्मीद हमें यह अवसर देती है कि हम अपने रिश्तों को अधिक महत्व दें, अपने सपनों के प्रति ईमानदार रहें और समाज के प्रति अपने दायित्वों को गहराई से समझें। पुराने की विदाई और नए आरंभ की यह घड़ी जीवन की उसी अनंत यात्रा का हिस्सा है, जहाँ हर संध्या एक नई सुबह की भूमिका बनती है। यह उम्मीद हमारे भीतर दीपक की तरह जलती रहती है, जो अँधेरे रास्तों में भी दिशा दिखाती है। जब नया वर्ष धीरे से दस्तक देता है, तब जीवन हमसे यही कहता है कि चलते रहो, सीखते रहो और विश्वास बनाए रखो। क्योंकि जब तक उम्मीद जीवित है, तब तक हर दिन नए सवेरे में बदलने की क्षमता रखता है।

## सेहत मंत्र

# आपकी बीमारियां भी बन सकती हैं सिरदर्द का कारण

आज की बिजी लाइफ में सिरदर्द की समस्या बेहद आम हो गई हैं। ऐसे लोग बेहद कम ही होंगे, जो सिरदर्द की समस्या को गंभीरता से लेते हो। अमूमन लोग खुद से दवाई का सेवन कर लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि बार-बार एक ही जगह होने वाला सिरदर्द एक संकेत हैं कि आपको अन्य भी कुछ गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। सिरदर्द देता है संकेतः सरोज सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के एचओडी व सीनियर कंसल्टेंट डॉ. जयदीप बंसल कहते हैं कि बार-बार होने वाला सिरदर्द कई तरह के संकेत देता है। अगर इस पर समय रहते गंभीरता से ध्यान दिया जाए तो मनुष्य अन्य कई गंभीर बीमारियों से आसानी से बच सकता है। विशेष तौर पर, सिर के एक हिस्से पर या विशेष भाग में सिरदर्द होने का कारण अन्य बीमारी भी हो सकती है और अगर उस बीमारी को पहचानकर उसका इलाज कर दिया जाए तो सिरदर्द की समस्या खुद-ब-खुद खत्म हो जाती है। आंखों की समस्याः अगर किसी व्यक्ति को सीरियस हेडेक, सेंटल हेडेड या आंखों के ठीक उपर दर्द होता है या फिर किसी व्यक्ति को विजन में भी प्रॉब्लम होती है तो हो सकता है कि उस व्यक्ति को नेत्र संबंधी बीमारी जैसे ग्लूकोमा आदि हो। इसके अतिरिक्त जिन लोगों को चश्मा लगा होता है, उसका नंबर चेंज होने पर या आर्थराइटिस की समस्या होने पर भी व्यक्ति को सिरदर्द की शिकायत होती है। हो सकता है साइनसिसः अगर किसी को सिरदर्द के साथ-साथ माथे, आंख या गालों में दर्द का अनुभव हो तो यह साइनेसिस के कारण हो सकता है। इस तरह की समस्या होने पर सिरदर्द की शिकायत होना आम है। इसके अतिरिक्त कुछ इंफ़ेक्शन भी कभी-कभी सिरदर्द की वजह बन जाते हैं। महिलाएं रखें ध्यानः अक्सर महिलाओं को तेज सिरदर्द या अक्सर लेकिन नियमित क्रम में सिरदर्द की समस्या होती है, जिसे वह नजरअंदाज करती हैं। डॉ. बंसल कहते हैं कि महिलाओं में सिरदर्द कई कारणों से हो सकता है। मसलन, अगर कोई महिला कॉन्टासेप्टिव पिल्स या हार्मोनल पिल्स का सेवन कर रही है या फिर किसी महिला की डिलीवरी या अबार्शन हुआ हो और उसे सिरदर्द की शिकायत हो तो उसे कोरटिकल वीनस थ्रोम्बोसिस हो सकता है।

## धर्म मंत्र

# मांगलिक दोष से हैं ग्रस्त तो करें ये उपाय

मांगलिक दोष ने समाज के हर वर्ग को भयभीत कर रखा है। ऐसा माना जाता है की यदि एक मांगलिक का अमांगलिक से विवाह हो जाए तो भयानक परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। ऐसा मानते हैं कि दोनो में से एक की मृत्यु या कुछ और अनहोनी हो सकती है। यह एक बहुत बड़ा कारण है कि मांगलिक लोगों का विवाह काफी देर और मुश्किल से होता है। इस दोष को गहराई से समझना आवश्यक है ताकि इसका भय दूर हो सके। वहीं, इस दोष को दूर करने के भी कई तरीके हैं, जिन्हें अपनाकर इस दोष को कुछ कम किया जा सकता है। ये उपाय करें- कन्याओं को चाहिए कि मंगल यंत्र को अपने वस्त्रों में रखें। शुक्रवार की रात को सूखे छुहारे जल में डालकर सिरहाने रखें और गायत्री मां का ध्यान करते हुए प्रातः काल उठते ही बहते जल में या पीपल के वृक्ष पर चढ़ाएं। शादी से पूर्व भगवान विष्णु के साथ कन्या के सात फ़ेरे दिलवाने चाहिए या फिर मंडप में मंगल का जाप करवाकर हवन से मंगल शांति करा देना चाहिए। यदि कन्या की शादी दूसरी जाति में अथवा कन्या वर्ष की आयु में 7 साल या इससे अधिक का अंतर है तो मांगलिक दोष का अशुभ प्रभाव नहीं पड़ता। मंगलवार के दिन अपने वजन के बराबर तोलकर तिल मंदिर में चढ़ाएं। मंगलवार के दिन शहद रेवड़ी के सिंदूर को बहते पानी में प्रवाहित करें। वट सावित्री का व्रत और नित्य सुंदरकांड का पाठ करने से सुनने से मांगलिक दोष दूर होता है। लगातार 40 मंगलवार को मीठी रोटियां बनाकर गरीबों में बांटने से भी मांगलिक दोष दूर होता है। प्रत्येक मंगलवार को वट के वृक्ष की जड़ पर मीठा दूध चढ़ाएं और बाद में उस दूध की भीगी मिट्टी से स्वयं को तिलक लगाएं।

## पर्यटन



# नियाग्रा की नायाब खूबसूरती

कनाडा के हलचल भरे शहर टोरंटो शहर से दो घंटे की दूरी पर नियाग्रा का क्षेत्र पड़ता है। यह क्षेत्र कई कारणों से पर्यटन का केंद्र है। इसके रास्ते में वाइन रूट पर पड़ने वाली 70 वाइनरी हो या अनोखापन लिए हुए नायग्रा-ऑन-दी-लेक, पर्यटकों को खूब आकर्षित करती है। वैसे, यह शहर आपको अपने मोहक बूटिक, आकर्षक होटलों और सुंदर बगीचों के साथ स्वागत करता है। इस क्षेत्र में आने वाला कोई भी पर्यटक सबसे पहले नियाग्रा जलप्रपात ही जाता है। नियाग्रा जलप्रपात पर नाव की सैर करते हुए पानी की फुहारों को महसूस करना, जर्नी बिहाइंद द फॉल्स, हेलीकॉप्टर सवारी या स्कायलॉन टॉवर के रिवॉल्विंग रेस्टोरेंट में खाते हुए ऊपर से जलप्रपात को देखना- ये सभी एक लुभावना दृश्य प्रस्तुत करता है। इन सभी खूबियों के कारण यह क्षेत्र पर्यटकों के आकर्षण के केंद्र में होता है। नियाग्रा जलप्रपात को पहली बार हेलीकॉप्टर से देखने का मौका मिला। इससे जलप्रपात को देखना हम सभी के लिए ताउम्र याद रखनेवाला अनुभव था। मुझे यह कहने में कोई हिचक नहीं होगी कि नियाग्रा जलप्रपात के ऊपर की जगह से बेहतर जगह कोई नहीं होगी। यह हमारी सभी उम्मीदों पर खरा उतरा। छह सीट वाले हेलीकॉप्टर ने दस मिनट के भीतर ही नियाग्रा जलप्रपात के सभी मुख्य जगहों को दिखा दिया। हेलीकॉप्टर से दिखने वाले आकाशीय दृश्य रोमांच और विस्मय से भरने वाला था, जो कि अद्वितीय था। मैं तो बिना किसी हिचककिचाहट के हेलीकॉप्टर से सैर करने के लिए कहूंगा। हेलीकॉप्टर से नियाग्रा जलप्रपात के घूमने के अनुभव ने हमें नजदीक से इसे महसूस करने की इच्छा को और बढ़ा दिया। और यह केवल नाव से की जाने वाली यात्रा- मेड ऑफ द मिस्ट ही हमारी इस इच्छा को पूरा कर सकता था। नाव से हमने जलप्रपात को काफी नजदीक से देखा। पूरी गति से गिरती पानी की बौछारों और उसकी भयावता को नीचे से ही महसूस किया जा सकता है। टूर ऑपरेटर ने हमें प्लास्टिक के रेनवियर दिए थे, लेकिन फिर भी आपको भीगने के लिए तैयार रहना चाहिए। लूप होने के कारण नाव के सभी हिस्सों से जलप्रपात को काफी अच्छे से देखा जा सकता है।

# सीओ गरिमा ने किया कोतवाली का मुआयना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## बारीकी से देखा अभिलेखों का रख रखाव



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।रामनगर क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत द्वारा सोमवार को कोतवाली बदोसराय का मुआयना किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय, कोतवाल कक्ष, आवश्यक रजिस्टर, भोजनालय सहित पूरे कोतवाली परिसर का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण की शुरुआत में क्षेत्राधिकारी पंत ने असलाह खाने का जायजा लिया। उन्होंने वहां रखे असलहों की गिनती करवाई और उनकी मौजूदा स्थिति की जांच की। इसके बाद उन्होंने मालखाने का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने रखे सामानों और उनके संबंधित अभिलेखों की जानकारी ली।क्षेत्राधिकारी ने कोतवाल कक्ष में पहुंचकर सभी आवश्यक रजिस्टरों का अवलोकन किया। उन्होंने विशेष रूप से विवेचना से संबंधित रजिस्टरों की जांच की और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने भोजनालय, कोतवाली परिसर और। आरक्षी आवासों का भी निरीक्षण किया।इस निरीक्षण के दौरान कोतवाली बदोसराय के कोतवाल अजीत कुमार विद्यार्थी, उप निरीक्षक विश्वनाथ सिंह, सुरेश त्रिपाठी, आशीष सिंह सहित समस्त पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# ब्रजेश पाठक को ज्ञापन के साथ समाप्त हुई पदयात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर, बाराबंकी से लखनऊ तक आयोजित चार दिवसीय पदयात्रा का समापन संयोजक अमित अवस्थी 'अधिवक्ता' एवं सुरेश गौतम द्वारा पदयात्रियों के साथ उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को पांच सूत्रीय ज्ञापन देकर किया गया। इस चार दिवसीय पदयात्रा के संबंध में अमित अवस्थी ने बताया कि शीघ्र कड़ा जनसंख्या नियंत्रण कानून लाने, जातिवाद की समाप्ति के लिए नाम में माता-पिता का नाम लिखने और आयुष्मान कार्ड पहले कम यूनिट वाले परिवारों को देने के साथ लोकल ट्रेनों को चलाने हेतु उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया गया। इस चार दिन की पदयात्रा के समन्वयक सुरेश गौतम पूर्व जिला अध्यक्ष बसपा के अथक प्रयास से पदयात्रियों को मार्ग में किसी भी प्रकार के अवरोध का सामना नहीं करना पड़ा। पूरे यात्रा मार्ग में पड़ने वाले मंदिरों और महापुरुषों की मूर्तियों का माल्यार्पण किया गया। बिना किसी पूर्व परिचय के बीबीडी के पास चाय का ठेला लगाने वाले साधारण व्यवसायी धीरज मण्डल ने समस्त पदयात्रियों को निःशुल्क चाय नाश्ता वितरण कर पदयात्रियों को भाव विह्वल कर दिया। उ.प्र.अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत और पूर्व विधायक शरद अवस्थी के विशेष सहयोग के साथ ही अजय त्रिवेदी, अजय सिंह, नरेंद्र त्रिपाठी, भंते दीक्षानंद, राजेश मिश्रा, प्रवेश शुक्ला 'नानमून', प्रदीप गौतम, प्रदीप शुक्ला, पप्पू सोनी, राजकुमार सोनी, पुलकित त्रिवेदी, ओम प्रकाश सिंह, युगल किशोर दीक्षित, बच्चन वर्मा, डॉ राजीव अवस्थी, राम सजीवन बाबा, शिवनाथ त्रिपाठी, बालक राम शर्मा, राजेश मिश्रा, कुन्नू रावत, मोनू वर्मा, डॉ तेज नारायण वर्मा, शिवम शुक्ला, प्रेम वर्मा, सुशील पांडे, मनोज सिंह, विद्या प्रसाद वर्मा, मंजू यादव, बैजनाथ शुक्ला, बैजनाथ वर्मा, रामू बाबा, योगेंद्र सिंह सुनील दुबे, सभाजीत सिंह, रंजीत वर्मा, शिव शंकर वर्मा, राकेश तिवारी, अजय सिंह गुरुजी, राधेश्याम वर्मा, इंद्रजीत सिंह गौतम, लवकुश यादव, आशीष गुप्ता, रमाकांत द्विवेदी, राजेंद्र यादव, विरल जी, मथुरा वर्मा, देवी शरण गुप्ता, सौरभ द्विवेदी, शिवराम गुप्ता, विवेक त्रिवेदी, शैलेंद्र गुप्ता, बब्बन सिंह, सुशील पांडे, सुशील गौतम, शैलेंद्र यादव, ओमप्रकाश निगम, देवेंद्र वर्मा, विनोद गाबा, राम सिंह आदि ने कार्यक्रम को सफल निस्तारित।

# भ्रष्टाचार छुपाने के लिए छोड़ा नहर में पानी, सिंचाई विभाग का कारनामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी।विकासखंड में नहर विभाग की कथित लापरवाही सामने आई है।विभाग द्वारा नहर की सफाई किए बिना ही पानी छोड़ दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप किसानों के खेतों में पानी भर गया है। इससे लगभग 30 बीघा फसलें बर्बाद होने की कगार पर हैं।

सरौरा जकसन की कुर्सी नहर बहरौली होते हुए उमरा तक निकलती है।इस माइनर टेल तक उचित सफाई किए बिना ही सोमवार को पानी छोड़ा दिया गया। जिससे नहर अमरसंडा ,अंसार नगर व खोखरी गांव में काई स्थानों पर कटिंग के कारण खेतों में पानी भर गया।पानी भरने से कई किसानों की फसलें प्रभावित हुई हैं।जिसमें नसीर लाला ,मुनीर , सफीक , वसीम , इकबाल , नसीम आदि किसानों गेहूं सरसों की फसल भी पानी में डूब गई है।किसान नसीर लाला ने बताया कि नहर की टेल तक साफ-सफाई नहीं की गई हैं और न ही पटरिया ठीक की गई थी।देर रात नहर में पानी आने के कारण उनके खेतों में पानी भर गया। सरसों सहित गेहूं की फसलें खराब हो गई हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।किसानों का आरोप है कि अंसार नगर ,खोखरी , अमरसंडा,उमरा तक माइनर की सफाई में अनियमितता बरती गई है इन क्षेत्रों में अभी भी घास और झाड़ियां उगी हुई हैं।किसानों ने मुआवजे की मांग की है।नहर विभाग अवर अभियंता राजीव कुमार ने बताया कि पानी बंद करा दिया गया है।

# पाप धोने की वाशिंग मशीन है भारतीय जनता पार्टी : सांसद तनुज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। कंग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने दुष्कर्म मामले में दोष सिद्ध भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर मामले में सत्ता दल भाजपा को आधे हाथों लिया। सांसद श्री तनुज ने कहा कि सत्ता दल भारतीय जनता पार्टी वह वाशिंग मशीन है चाहे जितना कुख्यात अपराधी हो दत्त भाजपा में है ही वह दोष मुक्त है।दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा हाल ही में दी गई पूर्व विधायक सिंगर को जमानत पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। और उन्नाव दुष्कर्म मामले में दोषी पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को सुप्रीम कोर्ट ने जेल में ही रखने का आदेश दिया है। बाराबंकी से कंग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने कहा, ''भारतीय जनता पार्टी वाशिंग मशीन है। बड़ा से बड़ा अपराध करिए और भारतीय जनता पार्टी का नेता होगा तो उसके सारे अपराध धुल जाएंगे।'' सांसद पुनिया ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का स्वागत करते हुए कहा कि कहीं न कहीं संगीन बलात्कार जैसे अपराध में अपराधी को बेल मिलना एक गलत फैसला था। तनुज ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा पीड़िता के परिवार पर दबाव बनाया जा रहा है और सरकारी तंत्र का प्रयोग उसे दबाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने सेंगर के लिए कड़ी सजा की मांग करते हुए कहा, ''हम अपील करते हैं कि उसको कड़ी से कड़ी सजा दी जाए और बेल न होने पाए। हम सभी पीड़िता के साथ हैं।''सांसद तनुज ने यह भी बताया कि राहुल गांधी ने पीड़िता से मुलाकात की है और उसे पूरी सुरक्षा तथा नौकरी देने का वादा किया है। उन्होंने कहा कि कंग्रेस न्याय की इस लड़ाई में पीड़िता का पूरा साथ देगी।यह पूरा मामला 2017 का है, जब तत्कालीन भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर ने नौकरी मांगने आई एक 16 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म किया था। बाद में सेंगर के समर्थकों ने पीड़िता के पिता पर हमला किया, जिससे उनकी मौत हो गई थी। इसके बाद सीबीआई ने इस मामले की जांच संभाली। दिसंबर 2019 में दिल्ली की एक अदालत ने सेंगर को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी और 25 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया था।

## मैकेनिकों ने बताया पाइप गुणवत्ता पहचान

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा सिद्धौर के दीनपनाह तिराहा निकट पाल मार्केट में सोमवार को जितेन्द्र वर्मा के प्लंबर की दुकान में प्लंबर कारीगरों की बैठक हुई। जितेन्द्र वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में डेलमा कंपनी के प्रबंधक द्वारा उक्त कंपनी के पाइप की गुणवत्ता के बारे विस्तृत रुप से बताया गया।इस मौके पर उपस्थित बोरिंग मिस्त्रियों को साल, टिफिन,व मिष्ठान का वितरण किया गया।

## गोवर्धन लीला,भाव विभोर हुए श्रोता

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम पंचायत दरावां में आयोजित श्रीमदभागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक व्यास विनय शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की गोवर्धन लीला का प्रसंग सुनाया।कथा व्यास ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं से जहां कंस द्विवारा भेजे गए विभिन्न राक्षसों का संहार किया, वहीं ब्रज के लोगों को आनंद प्रदान किया। प्रसंग में बताया कि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था। उसका गर्व दूर करने के लिए भगवान ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन की पूजा शुरू करा दी। इससे गुस्साए इंद्र ने ब्रज मंडल पर भारी बरसात कराई। प्रलय से लोगों को बचाने के लिए भगवान ने कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया। सात दिनों के बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ। कथा के दौरान संगीतमय भजनों पर श्रद्धालु महिलाओं ने भावविभोर कर नृत्य भी किया।कथा आयोजन में सूर्यकांत त्रिपाठी, इंद्रकुमार, प्रेमकुमार, सिद्धार्थ तिवारी, दिनेश अवस्थी, राजेश तिवारी सहमति सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## फांसी लगा अधेड ने की आत्महत्या

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के सोंधवा ग्राम में आम के पेड़ से एक अधेड़ अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या की।मृतक की पहचान रणधीर सिंह 55 वर्ष निवासी ग्राम सोंधवा के रूप में हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।इस बाबत कोतवाल अनिल कुमार पांडेय बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा है पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

## पंचायत सूची, तहसीलदार ने दिए दिशा निर्देश

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील सभागार सिरौलीगौसपुर में पंचायत चुनाव की अनंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा और खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने संयुक्ततरूप से बैठक कर बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में अधिकारियों ने बीएलओ से कहा कि वे उन मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए दावा-आपत्ति फॉर्म जमा करें, जो अअंतिम सूची में शामिल होने से छूट गए हैं। साथ ही, यदि किसी कारणवश किसी पात्र मतदाता का नाम कट गया है, तो उसे भी ठीक किया जाए।तहसीलदार बालेंदु भूषण वर्मा ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि अगर किसी पंचायत में मृतक और विवाहित व्यक्तियों के नाम, जो गलती से सूची में रह गए हैं, उनका सत्यापन कर हटाया जाए।बीएलओ को अपने-अपने ग्राम पंचायतों में पुनः सर्वेक्षण करने के लिए कहा गया है। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पात्र मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित न रहे और किसी का नाम गलती से न कटे। सभी दावा-आपत्ति फॉर्म निर्धारित समय पर जमा किए जाएं।

## अभियान, आवारा पशु भेजा गौशाला

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मरकामऊ ग्राम पंचायत में आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाया गया। इस दौरान आधा दर्जन से अधिक छुट्टा जानवरों को पकड़कर गौशाला भेजा गया। ये आवारा पशु किसानों की गेहूं की फसल को लगातार नुकसान पहुंचा रहे थे।खंड विकास अधिकारी सिरौली गौसपुर, संजीव कुमार गुप्ता ने सभी पंचायत सचिवों और ग्राम प्रधानों को गांव में घूम रहे आवारा पशुओं को पकड़वाकर गौशाला भेजने के निर्देश दिए थे।इन्हीं निर्देशों के क्रम में पंचायत सचिव वीरेंद्र तिवारी अपनी टीम के साथ मरकामऊ गांव पहुंचे। इस अभियान में पशु विभाग की टीम भी मौजूद रही। टीम ने मिलकर आधा दर्जन से अधिक आवारा पशुओं को पकड़ा और पिकअप वाहन में लादकर गौशाला भिजवाया।इस मौके पर मनोज कुमार कन्नौजिया, संतोष कुमार, बाल गोविंद, राजेश और रामनरेश सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## विधायक खेल स्पर्धा का शुभारंभ

रामनगर बाराबंकी।युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग द्वारा यूनियन इंटर कालेज रामनगर में विधानसभा स्तरीय आयोजित ह्ल ग्रामीण खेल लीग के तहत माननीय विधायक खेल स्पर्धा का दो दिवसीय आयोजन आज से प्रारंभ हुआ।जिसमें विकासखंड रामनगर, सिरौली गौसपुर, सूरतगंज के खिलाडियों द्वारा एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, वॉलीबॉल विधाओं में प्रतिभाग किया गया।प्रतियोगिता जूनियर सब-जूनियर एवं सीनियर पुरुष व महिला आयु वर्गों के लिए आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्घाटन रामनगर विधायक प्रतिनिधि लल्लन वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया गया। श्री वर्मा जी द्वारा 100 मीटर दौड़ की विजेता बालिका जूनियर वर्ग में हिना एवं सब जूनियर बालक वर्ग में आलोक को पुरस्कार प्रदान कर खिलाडियों का उत्साह वर्धन किया।सफल संचालन में कार्यक्रम प्रभारी अपूर्वा कोचर, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विकास तिवारी, साक्षी सिंह, भूमिका सचान, रश्मि त्रिपाठी, ब्लॉक व्यायाम प्रशिक्षक रजनीश कुमार सिंह व समस्त खेल अनुदेशक, सत्येंद्र, फुरकान, पी आर डी स्वयं सेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# डीएम के जनता दर्शन में समस्याओं का त्वरित समाधान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**जल निकासी, अतिक्रमण, विद्युत व आवास से जुड़े मामलों का समाधान**

**प्रशासनिक कार्रवाई से नागरिकों में भरोसा, शिकायतें समयबद्ध निस्तारित**

बाराबंकी। जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी के जनता दर्शन में प्रस्तुत हुए विभिन्न विभागों से जुड़े शिकायत पत्रों का प्रशासन ने सकारात्मक व संतुलित ढंग से निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाई है। जल निकासी, अवैध कब्जा, चकमार्ग, विद्युत कनेक्शन, ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि तथा काशीराम आवास से जुड़े मामलों में संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर कार्यवाही करते हुए समाधान सुनिश्चित किया गया।

जल निकासी व सफाई कार्य में राहत

नवाबगंज क्षेत्र में जल निकासी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए नाली की सफाई का कार्य करा दिया गया है। स्थल निरीक्षण के बाद यह भी स्पष्ट किया गया कि स्थायी नाली निर्माण हेतु लगभग 1.50 लाख रुपये का व्यय संभावित है, जिसे धन उपलब्धता व बोर्ड स्वीकृति के बाद कराया जाएगा।फिलहाल समस्या का तात्कालिक समाधान कर दिया गया है।

अवैध कब्जों पर सख्त कार्रवाई

रामनगर तहसील के ग्राम हरसौली में चकमार्ग संख्या-350 को पैमाइश कराकर खाली करा दिया गया। इसी तरह फतेहपुर क्षेत्र में गाटा संख्या-2565 पर किए गए अवैध कब्जे को राजस्व व पुलिस टीम ने हटवाया और दोबारा कब्जा न करने की चेतावनी दी गई। नगर पंचायत सुबेहा की भूमि से अतिक्रमण हटाकर खेतों तक रास्ता भी उपलब्ध कराया गया।

विद्युत व आवास मामलों में संवेदनशील रुख काशीराम कॉलोनी से जुड़े मामलों में प्रशासन ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाया। एक प्रकरण में बकाया वसूली के बाद नया विद्युत कनेक्शन जारी किया गया और स्मार्ट मीटर लगाया गया। वहीं अभयनगर काशीराम कॉलोनी में रह रही महिला को वैकल्पिक व्यवस्था होने तक आवास में बने रहने की अनुमति दी गई। ग्रामीण क्षेत्र में ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि का प्रस्ताव आगामी बिजनेस प्लान 2026ऽ27 में शामिल किया गया है।

# बीएलओ पर नाम काटने का आरोप, मोस्ट ने सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। मोस्ट कल्याण संस्थान के जनरल सेक्रेटरी राम उजागिर यादव के नेतृत्व में जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया।

ज्ञापन में लिखा है कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में मतदाता सूची का अनन्तिम प्रकाशन 23 दिसम्बर को किया गया है, परन्तु जनपद के लगभग प्रत्येक मतदान केंद्र (बूथ) पर तैनात बी.एल.ओ. द्वारा भारी संख्या में पात्र मतदाताओं के नाम बिना किसी वैध कारण अथवा पूर्व सूचना के मतदाता सूची से विलोपित कर दिए गए हैं, जिससे आम नागरिकों में रोष एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति अविश्वास उत्पन्न हुआ है। मतदाता सूची से नाम विलोपन किया जाना संविधान प्रदत्त मताधिकार का उल्लंघन है तथा निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। साथ ही मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन अथवा आपत्ति दर्ज कराने हेतु दावा-आपत्ति की अवधि 24 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक निर्धारित की गई है, जो अत्यंत अल्प एवं अपर्याप्त है, परिणामस्वरूप अनेक पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो जाएंगे, जो संविधान की मंशा के विपरीत है।

मोस्ट कल्याण संस्थान ने जिलाधिकारी से मांग की है कि जनपद के सभी मतदान केंद्रों पर बी.एल.ओ. द्वारा किए गए नाम विलोपन की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा जिन पात्र मतदाताओं के नाम बिना विधिक प्रक्रिया के विलोपित किए गए हैं, उनके नाम तत्काल प्रभाव से पुनः मतदाता सूची में जोड़े जाएं व इस गम्भीर लापरवाही एवं मनमानी के लिए उत्तरदायी दोषी बी.एल.ओ./कर्मचारियों के विरुद्ध विधिसम्मत एवं दण्डात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और आम नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने एवं आपत्ति दर्ज कराने की प्रक्रिया के सम्बन्ध में बी.एल.ओ., पंचायत/वार्ड स्तर, स्थानीय कार्यालयों तथा अन्य उपलब्ध माध्यमों के जरिए व्यापक प्रचार-प्रसार कर स्पष्ट एवं समयबद्ध सूचना उपलब्ध कराई जाए, ताकि कोई भी पात्र मतदाता जानकारी के अभाव में अपने मताधिकार से वंचित न रहे और दावा-आपत्ति प्राप्त करने की निर्धारित अवधि 24 दिसम्बर से 30 दिसम्बर को बढ़ाकर युक्तिसंगत एवं पर्याप्त समयावधि प्रदान की जाए, ताकि सभी प्रभावित पात्र मतदाता अपना दावा प्रस्तुत कर सकें। मोस्ट जनरल सेक्रेटरी राम उजागिर यादव ने कहा कि यदि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाने की मांग नहीं मानी गई तो मोस्ट जिला प्रशासन के समक्ष सत्याग्रह के लिए बाध्य होगा।

# जिले में कानून का राज या राजनीतिक मेहरबानी?

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। एक साल से फरार हत्यारोपी भाजपा नेताओं संग गुलदस्ता थामे मुस्कुराता दिख रहा है, और पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। जनपद में कानून व्यवस्था का आईना उस वक्त सामने आ जाता है, जब दिनदहाड़े हत्या का मुख्य आरोपी एक साल बाद भी खुलेआम घूमता है वो भी सत्ताधारी पार्टी के नेताओं के साथ फोटो खिंचवाते हुए। संतराम अग्रहरि हत्याकांड का कथित मुख्य आरोपी अर्जुन पटेल भाजपा नेताओं की गोद में बैठा नजर आ रहा है, लेकिन सुलतानपुर पुलिस की नजरों से कोसों दूर। एक ओर आम आदमी पर पुलिसिया कहर, तो दूसरी ओर तथाकथित भाजपा नेताओं पर रहम। क्या यही है डबल इंजन सरकार की कानून व्यवस्था? दिनदहाड़े अंडा व्यवसायी संतराम अग्रहरि की निर्मम हत्या के बाद परिजनों ने जब शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार किया था, तब प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए थे। मंत्री-विधायक पहुंचे, भरोसे दिए गए, कहा गया अपराधी चाहे जो हो, बख्शा नहीं जाएगा। लेकिन एक साल बीतने के बाद भी वही अपराधी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। मामला तब और शर्मनाक हो गया जब आरोपी प्रदीप वर्मा खुलेआम अपने घर पहुंचा और इसकी सूचना खुद मृतक के बेटे ने थाना प्रभारी को दी। आरोप है कि थाना प्रभारी का जवाब था कि गिरफ्तारी के लिए कोर्ट से आदेश लाओ। यानी अब हत्या के आरोपी को पकड़ने के लिए भी पीड़ित परिवार को न्यायालयों के चक्कर काटने होंगे? सवाल यह है कि जब आरोपी खुलेआम घूम रहा है तो गिरफ्तारी क्यों नहीं? क्या राजनीतिक रसूख अब कानून से ऊपर हो गया है? थाना प्रभारी अनिरुद्ध सिंह पर पुलिस कप्तान की मेहरबानी कब तक? आखिर कब घोषित होगा इनाम, या वो भी सिर्फ आम अपराधियों के लिए है? यह मामला अब सिर्फ एक परिवार की पीड़ा नहीं, बल्कि सुलतानपुर की कानून व्यवस्था की पोस्टमार्टम रिपोर्ट बन चुका है। जहां आरोपी बेखौफ, पीड़ित बेहाल और पुलिस बेबस नजर आ रही है। अगर यही कानून का राज है, तो फिर सवाल उठना लाज़मी है कि सरकार चला कौन रहा है कानून या कनेक्शन?

# आईसीसी ने एशेज सीरीज के चौथे टेस्ट के लिए तैयार मेलबर्न पिच को 'असंतोषजनक' करार दिया

एजेंसी

नई दिल्ली। एशेज 2025-26 सीरीज के चौथे टेस्ट के लिए मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) की पिच को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 'असंतोषजनक' रेटिंग दी है। इस पिच को लेकर क्रिकेट विशेषज्ञों और पूर्व खिलाड़ियों ने भी कड़ी आलोचना की थी। बॉक्सिंग डे टेस्ट महज़ दो दिनों के भीतर समाप्त हो गया, जिसमें इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराया। यह पिछले 15 वर्षों में ऑस्ट्रेलिया में इंग्लैंड की पहली टेस्ट जीत रही। हालांकि, इस हार के बावजूद ऑस्ट्रेलिया सीरीज़ में 3-1 से आगे है। आईसीसी की चार-स्तरीय पिच रेटिंग प्रणाली में 'असंतोषजनक' तीसरी श्रेणी मानी जाती है। आईसीसी के अनुसार, इस श्रेणी की पिच वह होती है जो बल्ले और गेंद के बीच संतुलित मुकाबला नहीं होने देती, और गेंदबाज़ों



को जरूरत से ज्यादा मदद देती है, जिससे सीम या स्पिन दोनों के लिए अत्यधिक विकेट लेने के मौके बनते हैं। गौरतलब है कि मेलबर्न की यही पिच पिछले तीन बॉक्सिंग डे टेस्ट मुकाबलों में आईसीसी से 'बहुत अच्छी' रेटिंग हासिल कर चुकी थी, लेकिन इस बार वह मानकों पर खरी नहीं उतर सकी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चीफ ऑफ क्रिकेट जेम्स ऑलसॉप ने इस पर निराशा जताते हुए कहा, हमें उन दर्शकों के लिए निराशा हुई जिनके पास तीसरे और चौथे दिन के टिकट थे,साथ ही ऑस्ट्रेलिया और दुनिया भर में मौजूद उन लाखों प्रशंसकों के लिए भी, जो इस मुकाबले को देखने के लिए उत्साहित थे। पिच एमसीजी की परंपरागत पहचान, यानी बल्ले और गेंद के बीच संतुलन, नहीं दे सकी। मैच के बाद पिच क्यूरेटर मैट पेज ने भी अपनी नाराज़गी और हैरानी जाहिर की। उन्होंने कहा, मैं पूरी तरह सदमे में था। मैंने कभी ऐसा टेस्ट मैच नहीं देखा और उम्मीद करता हूं कि आगे कभी ऐसा अनुभव न हो। दो दिनों तक जो कुछ हुआ, वह किसी रोलर-कोस्टर से कम नहीं था। मेलबर्न टेस्ट की पिच पर उठे इन सवालों के बाद अब क्रिकेट जगत में पिच की गुणवत्ता और टेस्ट क्रिकेट के भविष्य को लेकर एक बार फिर बहस तेज़ हो गई है।

# पैट कमिंस, हेज़लवुड और टिम डेविड को मिल सकती है टी20 वर्ल्ड कप टीम में जगह

एजेंसी

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस, तेज गेंदबाज़ जोश हेज़लवुड और विस्फोटक बल्लेबाज़ टिम डेविड को चोट की चिंताओं के बावजूद ऑस्ट्रेलिया की टी20 वर्ल्ड कप की अस्थायी टीम में शामिल किया जाना तय माना जा रहा है। हालांकि, कमिंस के वर्ल्ड कप खेलने को लेकर अंतिम फैसला अभी बाकी है। पैट कमिंस जुलाई में पीठ (लंबर स्ट्रेस) की चोट से जूझने के बाद से अब तक सिर्फ एक ही अंतरराष्ट्रीय मैच खेल पाए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ एडिलेड टेस्ट में शानदार गेंदबाज़ी की थी, लेकिन इसके तुरंत बाद ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड ने उन्हें एहतियातन पूरी सीरीज़ से बाहर कर दिया। टीम प्रबंधन किसी भी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहता। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने बताया कि कमिंस को 15 सदस्यीय अस्थायी स्क्वॉड में नामित किया जाएगा, जिसकी घोषणा आईसीसी की 2 जनवरी की डेडलाइन से पहले होगी। हालांकि, उनकी फिटनेस पर अंतिम फैसला



वर्ल्ड कप के करीब लिया जाएगा। कमिंस की चार हफ्तों बाद एक और स्कैन होगी, जिसके बाद उनकी उपलब्धता स्पष्ट होगी। मैकडोनाल्ड ने एक बयान में कहा, पैट की चार हफ्ते बाद स्कैन होगी, जिससे हमें वर्ल्ड कप को लेकर उनकी स्थिति की साफ जानकारी मिलेगी। उन्हें स्क्वॉड में शामिल किया जाएगा और फिर मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर फैसला लिया जाएगा। गौरतलब है कि कमिंस ने कैरेबियन में हुए पिछले टी20 वर्ल्ड कप के बाद से कोई टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। वहीं, जोश हेज़लवुड के फिट होने की उम्मीद जताई जा रही है। उन्होंने इस सीज़न भारत के खिलाफ टी20 सीरीज़ में शानदार प्रदर्शन किया था, हालांकि हैमस्ट्रिंग और अकिलीज़ की चोटों के चलते वह पूरी एशेज़ सीरीज़ नहीं खेल पाए थे। मैकडोनाल्ड के मुताबिक, हेज़लवुड दोबारा गेंदबाज़ी शुरू कर चुके हैं और तय समय में फिट हो सकते हैं। मिडिल ऑर्डर के अहम बल्लेबाज़ टिम डेविड भी चोट की वजह से चिंता का विषय बने हुए हैं। बॉक्सिंग डे पर बिग बैश लीग के दौरान उनके हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था और सोमवार को उनका स्कैन होना था। हालांकि, यह चोट आईपीएल में लगी पिछली हैमस्ट्रिंग चोट से अलग बताई जा रही है, जिसकी वजह से वह दो महीने बाहर रहे थे। कोच मैकडोनाल्ड ने टिम डेविड को लेकर भरोसा जताते हुए कहा, हमें स्कैन के बाद ही पता चलेगा कि यह मांसपेशी की चोट है या टेंडन की। लेकिन जो भी हो, टाइमफ्रेम टिम के लिए अनुकूल रहेगा और वह वर्ल्ड कप के लिए उपलब्ध रहेंगे। ऑस्ट्रेलिया अपना पहला टी20 वर्ल्ड कप मैच 11 फरवरी को खेलेगा। ग्रुप चरण में उसके शुरुआती दो मुकाबले आयरलैंड और जिम्बाब्वे के खिलाफ हैं। श्रीलंका से उसका सामना 16 फरवरी को होगा, जिससे टिम डेविड को अतिरिक्त समय भी मिल सकता है।

# न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डग ब्रेसवेल ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास

एजेंसी

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड क्रिकेट को बड़ा झटका लगा है। टीम के अनुभवी ऑलराउंडर डग ब्रेसवेल ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया है। 35 वर्षीय ब्रेसवेल ने आखिरी बार साल 2023 में न्यूजीलैंड के लिए टेस्ट मैच खेला था। लगातार पसली (रिब) की गंभीर चोट से जूझ रहे ब्रेसवेल इस सीजन सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के लिए भी मैदान से बाहर रहे, जिसके चलते उन्होंने यह कठिन फैसला लिया। डग ब्रेसवेल ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 2011 से 2023 के बीच 28 टेस्ट, 21 वनडे और 20 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। उनके करियर का सबसे यादगार पल दिसंबर 2011 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होबार्ट टेस्ट में आया, जो उनका महज तीसरा टेस्ट मैच था। इस मुकाबले में ब्रेसवेल ने 9



विकेट देकर 60 रन के शानदार आंकड़े दर्ज करते हुए न्यूजीलैंड को ऑस्ट्रेलिया में 26 साल बाद टेस्ट जीत दिलाई थी। यह आज तक ऑस्ट्रेलिया में न्यूजीलैंड की आखिरी टेस्ट जीत भी है। तेज-मध्यम गति के गेंदबाज ब्रेसवेल ने टेस्ट क्रिकेट में 28 मैचों में 74 विकेट लिए, जबकि सीमित ओवरों के क्रिकेट में उन्होंने कुल 46 विकेट अपने नाम किए। संन्यास की घोषणा करते हुए ब्रेसवेल ने कहा कि क्रिकेट उनके जीवन का गर्वित हिस्सा रहा है और देश व घरेलू टीम के लिए खेलने का मौका मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात रही।

# अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे करने पर बोलीं स्मृति मंधाना-हर मैच की शुरुआत शून्य से होती है

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार बल्लेबाज़ स्मृति मंधाना ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे कर एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है। वह यह मुकाम हासिल करने वाली दूसरी भारतीय और दुनिया की चौथी महिला क्रिकेटर बन गई हैं। मंधाना ने यह कीर्तिमान श्रीलंका के खिलाफ रविवार को पांच मैचों की सीरीज़ के चौथे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में हासिल किया। बाएं हाथ की इस बल्लेबाज़ ने इस उपलब्धि के साथ मिताली राज, सूजी बेट्स और चार्लोट एडवर्ड्स जैसे दिग्गजों की सूची में अपना नाम दर्ज कराया। भारतीय खिलाड़ियों में उनसे पहले केवल मिताली राज ही 10 हजार अंतरराष्ट्रीय रन पूरे कर सकी थीं। टेस्ट क्रिकेट में स्मृति मंधाना ने अब तक 7 मैचों की 12 पारियों में 629 रन बनाए हैं, जिसमें उनका औसत 57.18 का रहा है। इस दौरान उन्होंने 2 शतक और 3 अर्धशतक जड़े हैं। वनडे क्रिकेट में



मंधाना ने 117 मैचों में 5,322 रन बनाए हैं। उनका औसत 48.38 का है और उनके नाम 14 शतक व 34 अर्धशतक दर्ज हैं। वह वनडे में छठी सबसे ज़्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज़ हैं। टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मंधाना ने 157 मैचों की 151 पारियों में 4,102 रन बनाए हैं। इस फॉर्मेट में उनका औसत 29.94, स्ट्राइक रेट 124.22, एक शतक और 32 अर्धशतक हैं। वह टी-20क्र में दूसरी सबसे ज़्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज़ हैं। श्रीलंका के खिलाफ चौथे टी-20 में मंधाना ने 48 गेंदों में 80 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने इस दौरान 11 चौके और 3 छक्के लगाए। उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का अपना अब तक का सबसे बड़ा स्कोर 221/2 बनाया। जवाब में भारतीय महिला टीम ने लक्ष्य का सफलतापूर्वक बचाव करते हुए श्रीलंका को 30 रन से हरा दिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारत ने सीरीज़ में 4-0 की अजेय बढ़त बना ली। 10 हजार रन पूरे करने के बाद स्मृति मंधाना ने कहा, क्रिकेट में हर बार आपको शून्य से शुरुआत करनी होती है। स्कोरबोर्ड हमेशा 0/0 से शुरू होता है। यह कभी मायने नहीं रखता कि आपने पिछले मैच या पिछली सीरीज़ में क्या किया है। उन्होंने आगे कहा कि तीनों फॉर्मेट में उनकी मानसिकता अलग-अलग रहती है। उन्होंने कहा, टी-20 में आप खुद पर ज़्यादा सख्त नहीं हो सकते, क्योंकि यहां खेल की रफ्तार तेज़ होती है। कुछ दिन आपके होते हैं और कुछ दिन नहीं, लेकिन वनडे और टेस्ट में मैं खुद पर काफ़ी सख्त रहती हूं, क्योंकि वहां आपके पास समय होता है और जल्दी आउट होना मुझे गलत लगता है।

## एशेज सीरीज का सिडनी टेस्ट खेलेंगे उस्मान ख्वाजा, ऑस्ट्रेलियाई कोच ने लगाया अटकलों पर विराम

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच और चयनकर्ता एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने स्पष्ट कर दिया है कि अनुभवी बल्लेबाज़ उस्मान ख्वाजा इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज का पांचवां और आखिरी टेस्ट सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में खेलेंगे और यह उनका आखिरी टेस्ट मैच नहीं होगा। हाल के दिनों में मीडिया में यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि सिडनी टेस्ट ख्वाजा का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच हो सकता है। 39 वर्षीय ख्वाजा मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई टीम के सबसे उम्रदराज़ खिलाड़ी हैं। टीम में बदलाव और भविष्य की योजनाओं को देखते हुए हाल के मैचों में उनका बल्लेबाजी क्रम बदला गया, जिसके बाद उनके स्थान को लेकर सवाल उठने लगे थे। ट्रैविस हेड को ओपनर बनाए जाने के बाद ख्वाजा ने तीसरे एडिलेड टेस्ट में नंबर-4 और मेलबर्न में खेले गए चौथे टेस्ट में नंबर-5 पर बल्लेबाज़ी की।

# बिहार की स्टार्टअप वैमानिका एयरोस्पेस किसानों तक पहुँचा रही ड्रोन तकनीक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार से शुरू हुई स्टार्टअप वैमानिका एयरोस्पेस देश में स्वदेशी ड्रोन तकनीक को ज़मीन तक पहुँचाने का काम कर रही है। मनीष दीक्षित द्वारा स्थापित यह कंपनी ड्रोन को खुद डिज़ाइन करने, बनाने और वास्तविक उपयोग में लाने पर फोकस कर रही है, जिससे किसानों और विभिन्न क्षेत्रों को सीधा लाभ मिल रहा है।

हाल ही में वैमानिका एयरोस्पेस को कठिन परिस्थितियों में अपने स्वदेशी ड्रोन के सफल परीक्षण और उपयोग के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है। कंपनी हाई पेलोड ड्रोन तकनीक पर काम कर रही है और 100 किलो पेलोड क्षमता वाले ड्रोन का सफल परीक्षण कर चुकी है। कंपनी का प्रमुख फोकस कृषि ड्रोन पर है। इन ड्रोन की मदद से किसानों को कम समय में छिड़काव, दवा और पानी की बचत, कम लागत



और बेहतर उत्पादन जैसे फायदे मिल रहे हैं। साथ ही मजदूरी पर निर्भरता भी कम हो रही है। वैमानिका एयरोस्पेस ड्रोन बिक्री और सेवा केंद्रों के ज़िरये तकनीक को सीधे गाँवों तक पहुँचाने की योजना पर काम कर रही है। कंपनी का लक्ष्य अगले पाँच वर्षों में देश के हर गाँव तक कृषि ड्रोन सेवा पहुँचाना है। इसके लिए स्थानीय युवाओं को ड्रोन ऑपरेटर और सर्विस पार्टनर के रूप में जोड़ा जा रहा है। कृषि के अलावा कंपनी के ड्रोन सड़क-पुल निगरानी, उद्योग, लॉजिस्टिक्स और आपात सेवाओं में भी इस्तेमाल हो रहे हैं। बिहार से शुरू हुई यह पहल आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मजबूत कदम मानी जा रही है।

# भारत की नजरें क्लीन स्वीप पर, सांत्वना जीत हासिल करना चाहेगा श्रीलंका

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। भारतीय महिला क्रिकेट टीम अपने आक्रामक खेल को जारी रखते हुए श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले पांचवें और अंतिम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में जीत दर्ज करके पांच मैच की श्रृंखला में 5-0 से क्लीन स्वीप करने की कोशिश करेगी।

यह श्रृंखला अगले साल जून-जुलाई में इंग्लैंड में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की तैयारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। श्रीलंका के खिलाफ वर्तमान श्रृंखला के बाद भारतीय टीम विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में तीन-तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। भारतीय टीम 2024 में टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण से बाहर हो गई थी लेकिन इसके बाद उसने अपनी शैली में बदलाव किया और अधिक आक्रामकता अपनाई जिससे उसे अनुकूल परिणाम मिले। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा, ''यह श्रृंखला हम सभी के लिए शानदार रही। पिछले विश्व कप के बाद हमने इसी बात पर चर्चा की थी कि हमें अपने स्तर को ऊपर उठाना होगा और टी20 में अधिक आक्रामक होकर खेलना होगा। शुरुआती तीन मैचों में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया जिससे बल्लेबाजों को बहुत कम मेहनत करनी पड़ी। इन मैच में हालांकि आक्रामक अंदाज में खेलने वाली शेफाली वर्मा ने प्रभावित किया है। भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय उसकी फील्डिंग है। वह अभी तक इस विभाग में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया है। पिछले मैच में भी उसने दो कैच छोड़े और स्टंपिंग का एक मौका गंवाया। भारतीय टीम के लिए इस श्रृंखला में कई सकारात्मक पहलू भी रहे। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर ने एक साल के अंतराल के बाद इस प्रारूप में सफल वापसी की, वहीं हमेशा भरोसेमंद रहने वाली दीप्ति शर्मा लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## कोहली छह जनवरी को विजय हजारे ट्रॉफी का मैच खेलेंगे: डीडीसीए प्रमुख जेटली

**नयी दिल्ली।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली ने सोमवार को बताया कि दिग्गज भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली छह जनवरी को बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) में रेलवे के खिलाफ दिल्ली का विजय हजारे ट्रॉफी मैच खेलेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के केंद्रीय अनुबंध हासिल करने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के कम से कम दो मैचों में भाग लेना अनिवार्य किया था। कोहली हालांकि इस महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला की तैयारी के लिए तीसरा मैच भी खेलना चाहते हैं। डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली ने को बताया, ''फिलहाल, वह खेल रहे हैं। विराट ने तीन मैचों के लिए अपनी उपलब्धता दी है। कोहली दिल्ली के लिए शुरुआती दो मैचों में शानदार लय में थे। उन्होंने क्रमश: 131 और 77 रन बनाए। उन्होंने इस दौरान लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे कम पारियों में 16,000 रन पूरे करने का रिकॉर्ड भी कायम किया। कोहली ने 330वीं पारी में इस मुकाम को हासिल कर दिग्गज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया। तेंदुलकर ने 391 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि न्यूजीलैंड श्रृंखला के लिए भारतीय वनडे टीम आठ जनवरी तक वडोदरा में पहुंचेगी लेकिन कोहली अभ्यास के लिए एक दिन पहले यहां पहुंच सकते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला 11 जनवरी को इसी मैदान पर शुरू होगी।

## मुल्तान सुल्तांस की टीम का प्रबंधन करेगा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने पुष्टि की है कि शासी निकाय पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के अगले सत्र में मुल्तान सुल्तांस फ्रेंचाइजी का प्रबंधन करेगा। नक़वी ने कहा कि समय की कमी के कारण बोर्ड पीएसएल के अगले सत्र के दौरान मुल्तान फ्रेंचाइजी का संचालन के लिए किसी पूर्व क्रिकेटर की अध्यक्षता में समिति का गठन करेगा। उन्होंने पत्रकारों से कहा, ''पीएसएल की टीम मुल्तान सुल्तांस की नीलामी होने के बाद हम समिति का गठन करेंगे। पीएसएल के 2016 में शुरू होने के बाद से यह पहली अवसर होगा जबकि बोर्ड सीधे तौर पर एक फ्रेंचाइजी का संचालन करेगा। माना जा रहा है कि उसका यह कदम एक ब्रांड के रूप में पीएसएल की प्रतिष्ठा को खतरे में डाल सकता है। हैरानी वाली बात यह है कि मुल्तान की टीम के पूर्व मालिक अली तारेन को आठ जनवरी को होने वाली नीलामी में लीग की दो नई टीमों में से एक के लिए बोली लगाने की अनुमति दी गई है। तारिन ने कुछ सप्ताह पहले पीएसएल की सबसे महंगी फ्रेंचाइजी मुल्तान सुल्तांस का स्वामित्व छोड़ दिया था। इस बीच नक़वी ने घोषणा की कि पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम को पीएसएल का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। वह एक जनवरी को औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण करेंगे।

## श्रीलंका के कार आयातकों ने आयातित वाहनों पर तीन प्रतिशत जुर्माना माफ करने का किया अनुरोध

**कोलंबो।** श्रीलंका के कार आयातकों ने चक्रवात 'दितवाह' के कारण तीन महीने के बाद पंजीकरण किए गए वाहनों पर लगने वाले तीन प्रतिशत जुर्माने को माफ करने का सरकार से आग्रह किया है। श्रीलंका में आयातित कारों का सीमा शुल्क घोषणा की तारीख से तीन महीने के भीतर मोटर यातायात विभाग में पंजीकरण कराना अनिवार्य है। इस नीति का पालन नहीं करने पर कार के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य के तीन प्रतिशत का मासिक जुर्माना लगाया जाता है। ऑटोमोबाइल इंपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रसाद मानगे ने कहा, '' हमारे जिन खरीदारों ने कार के लिए ऑर्डर दिए थे, वे पैसे वापस (रिफंड) चाहते हैं क्योंकि चक्रवात से हुए नुकसान ने उन्हें वित्तीय कठिनाइयों में डाल दिया है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि उपभोक्ता की क्रय शक्ति कम हो गई है। मानगे ने कहा, '' हम भी 'दितवाह' चक्रवात के शिकार हैं क्योंकि ग्राहक अग्रिम जमा राशि वापस मांग रहे हैं। उन्होंने सरकार से वाहनों के पंजीकरण की अवधि को बढ़ाकर छह महीने करने के साथ-साथ तीन प्रतिशत जुर्माने को माफ करने का भी अनुरोध किया। आयात आंकड़ों से पता चला है कि 28 नवंबर को 'दितवाह' के तट पर पहुंचने से पहले ही कुल नए वाहन पंजीकरण में गिरावट आ चुकी थी। बाजार पर नजर रखने वाली संस्था जेबी सिक्योरिटीज के अनुसार, कुल वाहन पंजीकरण नवंबर में घटकर 43,810 इकाई रह गया जबकि अक्टूबर में यह 48,081 इकाई था।

# जनवरी से ऑस्ट्रेलिया सभी भारतीय निर्यात पर टैरिफ खत्म कर देगा : गोयल

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते (ईसीटीए) के तहत एक जनवरी से ऑस्ट्रेलियाई टैरिफ लाइनों पर 100 फीसदी ड्यूटी जीरो हो जाएगी, जिससे ऑस्ट्रेलिया को भारतीय निर्यात को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। इस कदम से भारत के श्रम-गहन क्षेत्र के लिए नए मौके खुलेंगे, क्योंकि दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते की तीसरी सालगिरह मनाई है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को 'एक्स' पोस्ट पर लिखा, ''पिछले तीन सालों में इस समझौते से लगातार निर्यात वृद्धि, बेहतर बाजार पहुंच और मजबूत सप्लाई-चेन रेजिलिएंस मिली है, जिससे भारतीय निर्यातकों, एमएसएमई, किसानों और मजदूरों सभी को फायदा हुआ है। वाणिज्?य मंत्री ने आगे लिखा कि पिछले तीन सालों में इस समझौते ने लगातार निर्यात वृद्धि, बेहतर बाजार पहुंच और मजबूत सप्लाई-चेन लचीलापन दिया है, जिससे भारतीय निर्यातकों, एमएसएमई, किसानों और मजदूरों सभी को फायदा हुआ है। उन्होंने बताया कि अप्रैल-नवंबर 2025 में रत्न और आभूषण का निर्यात 16 फीसदी बढ़ा। ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स पर आपसी मान्यता समझौता (एमआरए) पर हस्ताक्षर किए गए, जिससे निर्बाध व्यापार संभव हुआ और निर्यातकों के लिए अनुपालन लागत कम हुई। गोयल ने कहा कि जैसे-जैसे व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) की बातचीत आगे बढ़ रही है, भारत-ऑस्ट्रेलिया ईसीटीए मेक इन इंडिया और विकसित भारत 2047 के विजन के साथ मिलकर इंडो-पैसिफिक में भारत की आर्थिक भागीदारी को मजबूत कर रहा है। इसके साथ मिलकर भारत और ऑस्ट्रेलिया साझा समृद्धि और भरोसेमंद व्यापार का भविष्य बना रहे हैं।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार जारी तेजी के रुख पर आज ब्रेक लगता हुआ नजर आ रहा है। बाजार में सोना और चांदी के भाव में आज मामूली गिरावट आई है। कीमत में आई इस कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,41,210 रुपये से लेकर 1,41,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,29,440 रुपये से लेकर 1,29,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम की सांकेतिक गिरावट आई है। इस गिरावट के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,50,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24



कैरेट सोना 1,41,360 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,29,590 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,41,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,29,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,41,260 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,29,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,41,210 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,29,440 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,41,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,29,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,41,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,29,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,41,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,29,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,41,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,29,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## गंगा मिशन की बैठक में लुप्तप्राय पक्षियों के संरक्षण की योजनाओं को दी गयी मंजूरी

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन - एनएमसीजी की कार्यकारी समिति की सोमवार को 68वीं बैठक हुई जिसमें गंगा और उसकी सहायक नदियों में अविरल और निर्मल प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये।

बैठक में निर्णय लिया गया कि गंगा बेसिन में लुप्तप्राय पक्षियों के संरक्षण के लिए, भारतीय स्किमर प्रजाति के पक्षी सहित रेत के टीलों पर घोंसला बनाने वाले पक्षियों के प्रजनन स्थलों की सुरक्षा हेतु नयी परियोजना को स्वीकृति दी गई। नमामि गंगा मिशन द्वितीय चरण के अनुरूप यह परियोजना दीर्घकालिक निगरानी, सामुदायिक भागीदारी और साक्ष्य-आधारित संरक्षण पर केंद्रित है। परियोजना के तहत चंबल नदी और निचली गंगा में घोंसलों की निगरानी जारी रहेगी और बिजनौर, नरोरा और प्रयागराज में भी इसे आरंभ किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार यह परियोजना पक्षियों की प्रजाति के संरक्षण पर केंद्रित पहली विशिष्ट पहल है। साथ ही यह डॉल्फ़िन, मछलियों, कछुओं, मगरमच्छों आदि पर एनएमसीजी के काम की पूरक होगी और नदी से संबंधित जीव-जंतुओं की जैव विविधता पर केंद्रित कार्य पूरा करेगी। बैठक में गंगा बेसिन वाले राज्यों में विभिन्न परियोजनाओं के सफल कार्यान्वयन और सुचारू संचालन के लिए संशोधित प्रशासनिक और व्यय स्वीकृतियां प्रदान की गईं जिनमें व्यावहारिक कार्यान्वयन चुनौतियों के समाधान और संसाधनों के कुशल उपयोग में मदद मिलेगी।

इस दौरान जिन परियोजनाओं के कार्यान्वयन को मंजूरी दी गयी है उनमें उत्तर प्रदेश के मिर्ज़ापुर जिले में 10 किलोलीटर क्षमता वाला मल-कीचड़ और सेप्टेज उपचार संयंत्र, कानपुर में मौजूदा सीवरेज अवसंरचना का पुनरुद्धार और मुख्य उप-स्टेशन का नवीनीकरण, वाराणसी में गंगा की सतह की स्वच्छता बनाए रखने के लिए ट्रैश स्किमर परियोजना, बिहार के दानापुर, फुलवारी शरीफ और फतुहा में अवरोधन और मोड़ तथा एसटीपी परियोजनाएं, झारखंड के फुसरो में अवरोधन और विपथन तथा सीवेज के सुरक्षित निपटान संबंधी एसटीपी परियोजना; और पश्चिम बंगाल के गार्डन रीच और कूरापुकुर में गंगा प्रदूषण नियंत्रण की दो प्रमुख परियोजनाओं में बदलाव शामिल हैं।

## दिल्ली में घने कोहरे के कारण 130 उड़ानें रद्द, आठ डायवर्ट

नयी दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार सुबह घने कोहरे के कारण 130 उड़ानें रद्द रहीं और आठ उड़ानों को डायवर्ट किया गया।

एयरपोर्ट पर रविवार-सोमवार की रात दो बजे से ही दृश्यता एकदम कम हो गयी थी और उपकरण समर्थित लैंडिंग सुविधा के तहत परिचालन के लिए कैट-3 की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी। सुबह 10 बजे तक यही स्थिति रही। बाद में धीरे-धीरे कोहरा कम हुआ। दिल्ली हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि आज दिल्ली से जाने वाली 65 और दिल्ली आने वाली इतनी ही उड़ानें रद्द रहीं। इसके अलावा, दिल्ली आने वाली आठ उड़ानों को दूसरे शहरों में डायवर्ट करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि कैट-3 की प्रक्रिया के दौरान सिर्फ कैट-3 से लैस विमान और इसके लिए प्रशिक्षित चालक दल के सदस्य ही लैंडिंग और टेकऑफ कर सकते हैं।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, सोमवार-मंगलवार की रात 12.30 बजे तक दृश्यता घटकर 300 मीटर रहने का अनुमान है जो तड़के 2.30 बजे तक घटकर 100 रह सकती है। इसके तड़के चार बजे तक 50 मीटर तक घट जाने की आशंका है। मंगलवार सुबह 8.30 बजे के बाद इसमें सुधार शुरू होने की उम्मीद है।

# यूक्रेन वार्ता में प्रगति हुई है, लेकिन अभी भी कुछ जटिल मुद्दे बाकी : ट्रंप

**एजेंसी**

फ्लोरिडा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमिर ज़ेलेंस्की के साथ बैठक के बाद कहा कि 'फ्लोरिडा वार्ता' के दौरान यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की दिशा में प्रगति हुई है, लेकिन 'एक या दो बहुत जटिल मुद्दे' अभी भी बाकी हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि मुख्य सवाल टकराव वाले क्षेत्रों (जमीन) को लेकर था। रूस ने पहले मांग की है कि यूक्रेन उसे और अधिक जमीन सौंप दे। श्री ज़ेलेंस्की ने फ्लोरिडा के मार-ए-लागो में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि वे 20-सूत्रीय शांति योजना के '90 प्रतिशत' हिस्से पर समझौते पर पहुँच गए हैं, वहीं श्री ट्रम्प ने कहा कि यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी का काम 'लगभग 95 प्रतिशत' पूरा हो गया है। श्री ज़ेलेंस्की ने कहा कि अमेरिका और यूक्रेन के दल चार साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के उद्धेश्य से बातचीत करने के लिए अगले सप्ताह यूक्रेन में मिलेंगे। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने बाद में टेलीग्राम ऐप पर एक बयान में कहा, ''हमने सभी मुद्दों पर सार्थक बातचीत की और हम पिछले हफ्तों में यूक्रेनी और अमेरिकी दलों द्वारा की गई प्रगति को बहुत महत्व देते हैं।

रूस ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण शुरू किया था, और रूस ने इस समय यूक्रेनी क्षेत्र के लगभग 20 प्रतिशत हिस्से को अपने कब्जे में ले लिया है। श्री ट्रम्प ने कहा कि पूर्वी यूक्रेन के डोनबास क्षेत्र, जिस पर रूस का काफी हद तक नियंत्रण है, उसे विसैन्यीकृत क्षेत्र में बदलने का प्रस्ताव 'अनसुलझा' बना हुआ है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, ''उस जमीन का कुछ हिस्सा ले लिया गया है। उस जमीन का कुछ हिस्सा शायद हासिल किया जा सकता है, लेकिन इस पर अगले कुछ महीनों की अवधि में कब्जा भी किया जा सकता है। रूस ने इस समय डोनेत्स्क क्षेत्र के लगभग 75 प्रतिशत और पड़ोसी लुहान्स्क के लगभग 99 प्रतिशत हिस्से को अपने कब्जे में ले लिया है। इन क्षेत्रों को सामूहिक रूप से डोनबास के रूप में जाना जाता है। रूस चाहता है कि यूक्रेन डोनबास के उस छोटे से हिस्से से पीछे हट जाए जो अभी उसके कब्जे में है, जबकि यूक्रेन ने जोर देकर कहा है कि यह क्षेत्र एक मुक्त आर्थिक क्षेत्र बन सकता है जिसकी निगरानी यूक्रेनी बल करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने खोए हुए यूक्रेनी क्षेत्रों पर बार-बार अपना रुख बदला है। उन्होंने सितंबर में यह सुझाव देकर पर्यवेक्षकों को चौंका दिया था कि यूक्रेन इसे वापस लेने में सक्षम हो सकता है। बाद में उन्होंने अपना रुख बदल लिया। श्री ट्रंप ने कहा, ''(यह) एक बहुत ही कठिन मुद्दा है, जो हल हो जाएगा।'' उन्होंने कहा कि यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी 95 प्रतिशत पूरी हो चुकी है। उन्होंने भविष्य के हमलों से यूक्रेन की रक्षा में मदद करने के लिए प्रतिबद्धता दोहरायी। उन्होंने अमेरिका, रूस और यूक्रेन के बीच त्रिपक्षीय वार्ता की संभावना जताई और कहा कि यह 'सही समय पर' हो सकती है। इससे पहले श्री ट्रम्प ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की थी। हालांकि उन्होंने फोन पर हुई बातचीत का ज्यादा विवरण नहीं दिया। उन्होंने हालांकि यह भी स्वीकार किया कि रूस को ऐसी किसी युद्धविराम में बहुत कम दिलचस्पी है जो यूक्रेन को जनमत संग्रह कराने की अनुमति दे। रूसी विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव ने कहा कि कॉल श्री ट्रम्प द्वारा शुरू की गई थी और दोनों नेताओं ने युद्ध को समाप्त करने के लिए यूरोपीय संघ और यूक्रेन के नवीनतम प्रस्तावों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि दोनों नेता फोन पर चर्चा के बाद इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि यूरोपीय संघ और यूक्रेन द्वारा प्रस्तावित अस्थायी युद्धविराम संघर्ष को और लंबा खींच देगा। श्री ज़ेलेंस्की ने सुझाव दिया कि अमेरिकी और यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडलों द्वारा आगे की बातचीत की योजना को अंतिम रूप देने के दौरान यूक्रेनी अधिकारी जनवरी में व्हाइट हाउस में संभावित रूप से यूरोपीय नेताओं के साथ मिल सकते हैं।

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने फ्लोरिडा वार्ता में 'अच्छी प्रगति' का स्वागत किया और यूक्रेन को 'पहले दिन से ही पक्की सुरक्षा गारंटी' मिलने की आवश्यकता पर बल दिया। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यह भी कहा कि यूक्रेन के सहयोगी सुरक्षा गारंटी पर चर्चा करने के लिए अगले महीने पेरिस में मिलेंगे। श्री मैक्रों ने ज़ेलेंस्की और ट्रम्प के साथ बात करने के बाद 'एक्स' पर कहा, ''हम प्रत्येक के ठोस योगदान को अंतिम रूप देने के लिए जनवरी की शुरुआत में पेरिस में 'कोलिशन ऑफ द विलिंग' के देशों को एक साथ लाएंगे।''

## अपराध और बलात्कार के सबसे ज्यादा शिकार दलित, आदिवासी, महिलाएं और अल्पसंख्यक : चन्द्रशेखर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हरदोई। भीम आर्मी प्रमुख और आज़ाद समाज पार्टी के सांसद चंद्रशेखर आज़ाद ने हरदोई में आयोजित बहुजन संकल्प महारैली के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सरकार और प्रशासन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी भीड़ में यदि उन्हें कोई नुकसान होता है तो इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।




महाराजा बिजली पासी की जयंती पर आदर्श विद्यालय परिसर में आयोजित जनसभा में हजारों लोग जुटे। भीड़ का आलम यह रहा कि लोग पेड़ों और आसपास की छतों पर चढ़कर सभा सुनते नजर आए। इसे लेकर चंद्रशेखर ने मंच से लोगों से नीचे उतरने की अपील की और कहा कि किसी भी हादसे की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

चंद्रशेखर ने कहा, अगर मैं एक इशारा कर दूं तो लखनऊ से दिल्ली तक कुर्सियां हिल जाएंगी। हमें हल्के में लेने की गलती न की जाए। चंद्रशेखर को सुबह 11:30 बजे कार्यक्रम स्थल पहुंचना था, लेकिन वे करीब दो घंटे की देरी से 1:45 बजे पहुंचे। इसके बावजूद भारी संख्या में लोग मौके पर डटे रहे। उन्होंने करीब 2:15 बजे अपना संबोधन शुरू किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वोट कटने वाले बयान पर पलटवार करते हुए चंद्रशेखर ने कहा कि पहले 4 करोड़ वोट कटने की बात कही गई, अब सरकारी आंकड़े 2 करोड़ 89 लाख बताते हैं। सवाल है कि बाकी वोट किसके थे? उन्होंने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बताया। चंद्रशेखर ने एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि देश में अपराध और बलात्कार के सबसे ज्यादा शिकार दलित, आदिवासी, महिलाएं और अल्पसंख्यक हैं, लेकिन न सरकार और न ही मीडिया इस पर गंभीरता से बात करता है। उन्होंने आरक्षण, निजी क्षेत्र में हिस्सेदारी, पुलिस सुधार, भूमिहीनों को जमीन और महिलाओं की सुरक्षा जैसे मुद्दों पर आंदोलन तेज करने की बात कही। निजी क्षेत्र में आरक्षण को लेकर जनवरी से पदयात्रा निकालने की घोषणा भी की। सभा स्थल के अंदर और बाहर सड़कों तक भारी भीड़ जमा रही। जगह कम पड़ने के कारण लोग छतों और पेड़ों पर चढ़ गए, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रही। इसे लेकर प्रशासनिक तैयारियों पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

कार्यक्रम में लखनऊ मंडल प्रभारी सौरभ किशोर, आजाद समाज पार्टी जिला अध्यक्ष मूलचंद आजाद , भीम आर्मी जिला अध्यक्ष कारण पासी, जिला प्रभारी अनूप कुमार गौतम, देवेन्द्र गौतम सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सरकार अरावली के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध : भूपेन्द्र यादव

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। पर्यावरण,वन और जलवायु मंत्री भूपेन्द्र यादव ने अरावली पहाड़ियों की संशोधित 'परिभाषा' से संबंधित अपने पिछले निर्देशों और एक विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के कार्यान्वयन पर रोक लगाने के उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि सरकार अरावली के संरक्षण और पुनर्स्थापन के लिए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा मांगी गई सभी सहायता प्रदान करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं। श्री यादव ने न्यायालय का फैसला आने के बाद सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा , '' हम अरावली पर्वतमाला से संबंधित अपने पूर्व आदेश पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा लगाए गए स्थगन तथा संबंधित मुद्दों के अध्ययन हेतु नई समिति के गठन का स्वागत करते हैं।हम अरावली पर्वतमाला के संरक्षण और पुनर्स्थापन के लिए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा मांगी गई सभी सहायता प्रदान करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं। वर्तमान स्थिति में, नई खनन लीज प्रदान करने तथा पुरानी खनन लीज के नवीनीकरण के संबंध में खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लागू रहेगा।'' उल्लेखनीय है कि उच्चतम न्यायालय ने अरावली पहाड़ियों की संशोधित 'परिभाषा' से संबंधित अपने पिछले निर्देशों और एक विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के कार्यान्वयन पर रोक लगा दी है। न्यायालय ने अरावली के संबंध में उठ रही चिंताओं का हवाला देते हुए कहा कि संशोधन का गलत अर्थ निकाला जा रहा है कि इससे पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में अनियमित खनन की अनुमति मिल सकती है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और ए जी मसीह की एक अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि संशोधित परिभाषा को लागू करने से पहले और स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। पीठ ने टिप्पणी की, 'हम यह आवश्यक समझते हैं कि समिति की सिफारिशों और इस अदालत के निर्देशों को स्थगित रखा जाए। न्यायालय ने अरावली की अद्यतन परिभाषा के संबंध में 'जांच या पुनरीक्षण' की आवश्यकता वाले मुद्दों का अध्ययन करने के लिए एक नयी विशेषज्ञ समिति के गठन का भी आदेश दिया। पीठ ने केंद्र सरकार, राजस्थान, गुजरात, दिल्ली और हरियाणा की सरकारों को नोटिस भी जारी किए। उच्चतम न्यायालय ने मामले को आगे की सुनवाई के लिए 21 जनवरी को सूचीबद्ध किया है।

# पेज एक का शेष

### उच्चतम न्यायालय...

लगाई, जिन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा ज़मानत दिए जाने में न्यायाधीशों की मिलीभगत का आरोप लगाया था। बचाव पक्ष ने कहा कि इस तरह के बयान राष्ट्रीय टेलीविजन पर दिए जा रहे हैं और ये न्यायालय की अवमानना की सीमा में आते हैं। मुख्य न्यायाधीश ने पीड़िता के वकील को चेतावनी देते हुए कहा कि यह न भूलें कि सेंगर को दोषी ठहराने वाला भी न्यायपालिका ही है। न्यायपालिका पर दबाव बनाने की कोशिश न करें। यह टिप्पणी पीड़िता के पिता की हत्या के मामले में धारा 304 के तहत सेंगर की सज़ा के संदर्भ में की गई। उल्लेखनीय है कि सेंगर ने अपनी सज़ा के विरुद्ध अपील लंबित रहने के दौरान सज़ा निलंबन की मांग करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया था। उच्च न्यायालय ने 23 दिसंबर को सज़ा निलंबित करते हुए ज़मानत दी थी और कहा था कि पहले से जेल में बिताई गई अवधि और अपील के निपटारे में संभावित देरी को देखते हुए निरंतर कारावास अनुचित होगा। उच्च न्यायालय ने पीड़िता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़ी शर्तों के साथ सज़ा निलंबित की थी। इनमें भारी ज़मानत राशि और ज़मानती, पीड़िता के निवास क्षेत्र में प्रवेश पर रोक, दिल्ली में ही रहने की अनिवार्यता, स्थानीय थाने में साप्ताहिक हाज़िरी, पासपोर्ट जमा करना और पीड़िता या उसके परिवार से किसी भी प्रकार के संपर्क या धमकी पर पूर्ण प्रतिबंध शामिल था। किसी भी शर्त के उल्लंघन पर सज़ा निलंबन तत्काल रद्द करने की चेतावनी भी दी गयी थी। उच्च न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया था कि सज़ा निलंबन का अर्थ बरी किया जाना नहीं है और यह ट्रायल कोर्ट द्वारा दर्ज दोष सिद्धि को कमजोर नहीं करता। यह आदेश केवल इस आधार पर पारित किया गया था कि अपील लंबित रहने के दौरान अपीलकर्ता को लंबे समय तक जेल में न रहना पड़े। तीस हज़ारी अदालत ने दिसंबर 2019 में सेंगर को भारतीय दंड संहिता की धाराओं 363, 366 और 373 तथा बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम के तहत दोषी ठहराया था, क्योंकि पीड़िता की उम्र मात्र 16 वर्ष थी। अदालत ने उसे शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक आजीवन कारावास की सज़ा, भारी जुर्माना और पीड़िता के परिवार को मुआवज़ा देने का आदेश दिया था। दोषसिद्धि और सज़ा के विरुद्ध उसकी अपील जनवरी 2020 से दिल्ली उच्च न्यायालय में लंबित है।

### कोहरे की...

तापमान करीब 17 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। प्रदेश के अन्य शहरों में भी दिन का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। शाहजहांपुर और हरदोई में सबसे कम 12.5 डिग्री, वाराणसी एयरपोर्ट और गाजीपुर में 13.5 डिग्री, वाराणसी बीएचयू में 13.9 डिग्री और बरेली में 14 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। आजमगढ़ और हमीरपुर में 14.2, कानपुर शहर में 14.3, उरई और मुजफ्फरनगर में 14.4, गोरखपुर और बलिया में 14.5 तथा प्रयागराज में 14.6 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहेगा, लेकिन पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में घने से बहुत घने कोहरे की संभावना है। साथ ही, कुछ स्थानों पर कोल्ड डे की स्थिति भी बनी रह सकती है। रविवार को घने कोहरे के कारण आगरा, कानपुर, प्रयागराज और सहारनपुर में दृश्यता शून्य दर्ज की गई। मेरठ में 15 मीटर, हमीरपुर में 20 मीटर, कानपुर शहर में 30 मीटर और लखनऊ में 150 मीटर दृश्यता रिकॉर्ड की गई। लखनऊ मौसम कार्यालय के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि ये आंकड़े पिछले 24 घंटों के दौरान सुबह 8:30 बजे तक दर्ज की गई न्यूनतम दृश्यता के हैं। भीषण ठंड और कोहरे का असर पर्यटन पर भी साफ दिखाई दे रहा है। साल के आखिरी दिनों में लखनऊ पहुंचे पर्यटकों को ठंड और कोहरे के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, बढ़ती ठंड को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा फैसला लेते हुए प्रदेश में कक्षा 12 तक के सभी स्कूलों को एक जनवरी तक बंद रखने के निर्देश दिए हैं। यह आदेश आईसीएससी, सीबीएसई और यूपी बोर्ड से संबद्ध सभी विद्यालयों पर लागू होगा।

### असम ही नहीं पूरे ...

कलात्मक विरासत और राज्य की व्यापक सांस्कृतिक परंपराओं को भी दर्शाया गया है। सरमा ने कहा कि यह परियोजना (आविर्भाव क्षेत्र), महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव की विरासत का सम्मान करते हुए, 'असम के सत्रों, नामघरों और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की हमारी प्रतिबद्धता' को मजबूत करती है। बोरदुरवा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थान को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव ने 'एक भारत' का आह्वान किया था, जिसका अब पीएम नरेंद्र मोदी पालन कर रहे हैं। अमित शाह ने दावा किया कि असम में हिमंत बिस्वा सरमा सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों से 1 लाख बीघा से ज्यादा जमीन खाली करवाई है। हम न सिर्फ असम से बल्कि पूरे भारत से सभी बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करेंगे। उन्होंने कहा, हमने उग्रवादी संगठनों के साथ शांति समझौते किए, इन समझौतों की 92% शर्तें पूरी हो चुकी हैं। शाह ने कहा, 'बीजेपी पूरे देश से सभी घुसपैठियों को हटाने का संकल्प लेती है। क्या यह सही था कि शंकरदेव की इस जगह पर बांग्लादेशी घुसपैठिए थे? मैं हिमंत बिस्वा सरमा को यहां से घुसपैठियों को हटाने और नामघर को फिर से स्थापित करने के लिए बधाई देता हूं। एक लाख बीघा से ज्यादा जमीन घुसपैठियों से आजाद कराई गई है। कांग्रेस ने इतने वर्षों तक राज किया, लेकिन उसने असम आंदोलन में जान देने वालों के लिए कुछ नहीं किया। कांग्रेस पार्टी वर्षों तक घुसपैठियों को आगे बढ़ाती रही और 1983 में आईएमडीटी एक्ट लाकर उन्होंने घुसपैठियों को यहां बसने का कानूनी रास्ता बनाया। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा, 'आज मैं भारत रत्न गोपीनाथ जी को बड़ी श्रद्धा के साथ याद करता हूं, जिन्होंने पंडित जवाहर लाल नेहरू को असम को भारत में रखने के लिए मजबूर कर दिया। गोपीनाथ जी न होते तो शायद ये असम और पूरा उत्तर पूर्व आज भारत का हिस्सा न होता।

### यूपी विधानसभा में...

और प्रयासों के बारे में भी बताया। अध्यक्ष महाना ने कहा कि उप्र. विधानसभा निरंतर नए मानदंड स्थापित कर रही है। विधायक अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को सदन में पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ उठाते हैं। अपने 35 वर्षों के संसदीय अनुभव का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह देखकर संतोष होता है कि अब विधायिका के सकारात्मक और रचनात्मक पक्ष सामने आ रहे हैं। इसमें मीडिया का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा है। पूर्व में विधायिका को लेकर नकारात्मक धारणाएं अधिक थीं। वर्तमान में एक सकारात्मक परिवर्तन स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। महाना ने यह भी बताया कि विधानसभा के भ्रमण के लिए प्रदेशभर से बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं। इससे आमजन को न केवल विधायिका की कार्यप्रणाली को समझने का अवसर मिल रहा है, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति उनकी जागरूकता भी बढ़ रही है। उन्होंने यह भी बताया कि विगत तीन वर्षों में विधायकों के साथ अलग-अलग समूहों में संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं और शीघ्र ही पुनः 'संवाद कार्यक्रम' आयोजित किया जाएगा। इसमें सत्र के दौरान प्रस्तुत होने वाले विधेयकों का अध्ययन कर सदन में आने का आग्रह पुनः किया जाएगा।

### यूपी विधानसभा...

कि इस दौरान कुल 2776 प्रश्न प्राप्त हुए। स्वीकृत प्रश्नों में अल्पसूचित तारांकित प्रश्न 01 तारांकित प्रश्न 451 तथा अतारांकित प्रश्नों की संख्या 1842 रही। वहीं उत्तरित प्रश्नों में अल्पसूचित तारांकित प्रश्नों की संख्या शून्य, तारांकित प्रश्न 51 तथा अतारांकित प्रश्नों की संख्या 530 रही। महाना ने बताया कि कुल प्राप्त 2776 प्रश्नों में से 2650 प्रश्न (95.46 प्रतिशत) सदस्यों से ऑनलाइन प्राप्त हुए। सभी प्रश्नोत्तर शासन से ऑनलाइन प्राप्त किए गए जिन्हें सदस्यों एवं पब्लिक पोर्टल पर भी ऑनलाइन उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा कि नियम-51 के अंतर्गत कुल 388 सूचनाएं प्राप्त हुईं। उनमें ध्यानकर्षण के लिए 233 सूचनाएं स्वीकार हुईं तथा 295 सूचनाएं अस्वीकार हो गयीं। इनमें 6 पर वक्तव्य तथा 5 पर केवल वक्तव्य दिए गए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा के तृतीय सत्र-2025 में प्राप्त याचिकाओं में सदन की कार्यवाही के दौरान कुल प्राप्त याचिकाओं की संख्या 408 रही। जिसमें 372 ग्राह्य, 04 अग्राह्य तथा व्यपगत याचिकाओं की संख्या 32 रही। यह भी बताया कि वहीं 18वीं विधानसभा के वर्ष 2025 के तृतीय सत्र में नियम- 311 के अंतर्गत कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई। जबकि अन्य नियमगत सूचनओं पर गौर किया जाए तो वर्ष 2025 के तृतीय सत्र में नियम - 56 के अर्न्तगत प्राप्त सूचनाओं में कुल प्राप्त 40 सूचनाओं में ग्राहयता हेतु स्वीकार 10, ध्यानाकर्षण हेतु 01 तथा अस्वीकृत सूचननाओं की संख्या 29 रही। उन्होंने बताया कि नियम-301 के अर्न्तगत कुल प्राप्त 293 सूचनाओं में स्वीकृत सूचनाएं 171 तथा अस्वीकृत सूचनाएं 122 रही। नियम-300 के तहत कुल प्राप्त सूचनाओं की संख्या 14 रही। इनमें सुनकर अग्राह्य की सूचनाएं 02 रहीं जबकि अस्वीकार सूचनाएं 12 रहीं। वहीं नियम-103 के तहत कुल प्राप्त 06 प्रस्तावों में 06 ग्राह्य तथा अग्राह्य सूचना 00 रही। उल्लेखनीय है कि विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान उत्तर प्रदेश पेंशन की हकदारी तथा विधि मान्यकरण विधेयक, 2025, उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (तृतीय संशोधन) विधेयक 2025, उत्तर प्रदेश नगर निगम (संशोधन) विधेयक 2025, उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (चतुर्थ संशोधन) विधेयक 2025, उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (पंचम संशोधन) विधेयक 2025, उत्तर प्रदेश सुगम्य व्यापार (प्रावधानों का संशोधन विधेयक 2025), उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग (संशोधन विधेयक)2025, उत्तर प्रदेश दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान (संशोधन) विधेयक 2025, उत्तर प्रदेश ग्रामीण आबादी अभिलेख विधेयक 2025, उत्तर प्रदेश गन्ना उपकर निरसन विधेयक 2025, किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश (संशोधन) 2025 तथा उत्तर प्रदेश विनियोग (2025 2026) का अनुपूरक विधेयक 2025 पारित किए गए।

### 79000 करोड़ ...

का उपयोग सामरिक लक्ष्यों पर सटीक प्रहार के लिए किया जाता है जबकि लो लेवल लाइट वेट रडार छोटे आकार की, कम ऊंचाई पर उड़ने वाली मानवरहित हवाई प्रणालियों का पता लगाने और उनका पीछा करने में सक्षम होते हैं। लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेट पिनाका मल्टीपल लांच राकेट प्रणाली की मारक क्षमता और सटीकता को बढ़ाएंगे, जिससे लक्ष्यों पर प्रभावी प्रहार संभव होगा। उन्नत रेंज वाला इंटीग्रेटेड ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम मार्कऽक्रक्र सामरिक युद्ध क्षेत्र और हिन्टरलैंड में भारतीय सेना की महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। नौसेना के लिए खरीदा जाने वाला बोलार्ड पुल टग्स की तैनाती से नौसैनिक जहाजों और पनडुब्बियों को बंदरगाहों और संकरे जल क्षेत्रों में बर्थिंग, अनबर्थिंग और संचालन में सहायता मिलेगी। यह एक विशेष तरह की टगबोट होती है जो जहाजों को खींचने में सक्षम होती है। हाई फ्रीक्वेंसी सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो बोर्डिंग और लैंडिंग अभियानों के दौरान लंबी दूरी की सुरक्षित संचार व्यवस्था को मजबूत करेगा, जबकि हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग रेंज रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम हिंद महासागर क्षेत्र में निरंतर खुफिया, निगरानी और टोही तथा विश्वसनीय समुद्री क्षेत्र जागरूकता सुनिश्चित करेगा। भारतीय वायु सेना के लिए खरीदे जाने वाले ऑटोमैटिक टेक-ऑफ लैंडिंग रिकॉर्डिंग सिस्टम की तैनाती से सभी तरह के मौसमों में उच्च गुणवत्ता वाली स्वचालित रिकॉर्डिंग उपलब्ध कराकर एयरोस्पेस सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद कमियों को दूर किया जा सकेगा। उन्नत रेंज वाली अस्त्र मार्कऽक्रक्र मिसाइलें लड़ाकू विमानों की क्षमता को बढ़ाएंगी, जिससे वे अधिक दूरी से शत्रु के विमानों को निष्क्रिय कर सकेंगे। हल्के लड़के विमान तेजस के लिए फुल मिशन सिम्युलेटर पायलटों के प्रशिक्षण को किफायती और सुरक्षित तरीके से सुदृढ़ करेगा, जबकि स्पाइस-1000 भारतीय वायु सेना की लंबी दूरी की सटीक प्रहार क्षमता को और मजबूत करेगा।

### हर मंडल मुख्यालय...

आयोजित की जाएंगी। वार्ड स्तर, उसके बाद कुछ वार्डों को मिलाकर उपनगरीय और फिर नगर स्तर पर बड़ी प्रतियोगिता, बड़े समारोह का आयोजन कर विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बच्चों-छात्रों की प्रतियोगिताएं बालक व बालिका वर्ग में तीन स्तर, बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा पर होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे ही गोरखपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए भी कहा गया है। कला के अलग अलग विधाओं गायन, वादन, नृत्य, नाट्य आदि की यह प्रतियोगिता जनवरी के प्रथम सप्ताह में होगी। 11 से 13 जनवरी को गोरखपुर महोत्सव के मुख्य आयोजन में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

सीएम योगी ने खेलकूद के महत्व को समझाते हुए कहा कि युवा खेलेगा तो देश खिलेगा। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने का रास्ता यहीं से प्रारंभ होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में सफलताओं का मार्ग स्वस्थ शरीर से ही संभव हो सकता है। स्वस्थ शरीर खेलकूद और यौगिक क्रियाओं के माध्यम से ही प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्ष के अंदर देश में खेल और खेलकूद की गतिविधियों को लेकर भारी परिवर्तन हुआ है। कबड्डी, हॉकी, बैडमिंटन, एथलेटिक्स के लिए पूरी दुनिया भारत की तरफ देखती है। ओलंपिक, एशियाड, कॉमनवेल्थ, वर्ल्ड चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा की एक नई मांग खड़ी हो चुकी है और इसी को ध्यान में रख करके सरकार स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर को लगातार मजबूत कर रही है। मुख्यमंत्री ने भीषण ठंड में भी खिलाड़ियों के उत्साह की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि इस विधायक खेल स्पर्धा में प्रत्यक्ष रूप से 1000 और अप्रत्यक्ष रूप से 10000 खिलाड़ियों ने सहभागिता की है। विधायक खेल स्पर्धा 2025 में एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबाल, जूडो और कुश्ती प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि यह खेलकूद ही है जो सम और विषम परिस्थितियों में मनोरंजन भी करता है और हमें शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक रूप से चुस्त-दुरुस्त बनाने में भी बड़ी भूमिका का निर्वहन करता है।

# विनय त्यागी हत्याकांड की एसआईटी करेगी जांच, खुलेगा 750 करोड़ का राज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। गैंगस्टर विनय त्यागी पर लक्सर में हुए गोलीकांड की निष्पक्ष जांच के लिए एसएसपी हरिद्वार ने एसआईटी का गठन किया है। सिटी सर्किल ऑफिसर के नेतृत्व में गठित एसआईटी हर एंगल से जांच करेगी। 24 दिसंबर को विनय त्यागी फायरिंग में घायल हो गया था। जबकि 27 दिसंबर को एम्स ऋषिकेश में विनय की उपचार के दौरान मौत हो गई थी।

हरिद्वार एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने लक्सर फायरिंग घटना की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन किया है। सिटी सर्किल ऑफिसर (हरिद्वार) के नेतृत्व में बनी यह एसआईटी दिनदहाड़े हुई गोलीबारी की घटना की सभी एंगल से गहन जांच करेगी। जांच की जिम्मेदारी सिटी सर्किल ऑफिसर (हरिद्वार)



शिशुपाल सिंह नेगी को सौंपी गई है। उनके नेतृत्व में एसआईटी घटना से संबंधित सभी तथ्यों, सबूतों और परिस्थितियों की बारीकी से जांच करेगी और तय समय के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपेगी। टीम में बहादराबाद थानाध्यक्ष एसआई अंकुश शर्मा, लक्सर कोतवाली एसआई विपिन कुमार, लक्सर कोतवाली हेड कॉन्स्टेबल विनोद कुंडलिया, रुड़की सीआईयू यूनिट कॉन्स्टेबल महिपाल को शामिल किया गया है। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने सोमवार को बताया कि जांच पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी रखी जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की शंका का समाधान हो सके और सच्चाई सामने आए। मृतक विनय त्यागी के परिजन भी मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। एसएसपी का कहना है कि एसआईटी का गठन जनविश्वास बनाए रखने और पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच के उद्देश्य से किया गया है। जांच के दौरान यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या दोष सामने आता है तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना के मुताबिक, 24 दिसंबर को हरिद्वार पुलिस मोस्ट वांटेड अपराधी विनय त्यागी को किसी मामले को लेकर रुड़की जेल से लक्सर कोर्ट पेशी के लिए लेकर जा रही थी। लक्सर फ्लाईओवर पर बाइक सवार दो बदमाशों ने पुलिस सुरक्षा के बीच पुलिस की गाड़ी में फायरिंग करते हुए विनय त्यागी को गोलियां मारी थी। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश बाइक से फरार हो गए थे। हालांकि, पुलिस ने घेराबंदी करते हुए 25 दिसंबर को फरार दोनों आरोपियों को खानपुर थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर के जंगल, बिजनौर हाईवे से गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों की पहचान मुख्य आरोपी 28 वर्षीय सन्नी यादव उर्फ शेरा और 24 वर्षीय अजय पुत्र कुंवर सैन दोनों निवासी काशीपुर, उधम सिंह नगर के रूप में की है। पुलिस के मुताबिक, दोनों अपराधी हार्डकोर क्रिमिनल हैं और कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। 27 दिसंबर की सुबह एम्स ऋषिकेश में भर्ती विनय त्यागी की उपचार के दौरान मौत हो गई। विनय त्यागी के सीने, हाथ और गले में गोलियां लगी थी। पुलिस पूछताछ में सामने आया था कि रुपयों के लेन-देन को लेकर सन्नी की विनय त्यागी से रंजिश थी और रंजिश के चलते ही उसने अजय के साथ मिलकर विनय त्यागी को गोली मार दी थी।

# दिल्ली प्रदूषण पर सौरभ भारद्वाज ने सरकार को घेरा, कहा-प्रदेश सरकार पूरी तरह उदासीन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आआपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को राजधानी में लगातार बिगड़ते प्रदूषण स्तर को लेकर दिल्ली सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण खतरनाक स्तर तक पहुंच चुका है, लेकिन प्रदेश सरकार पूरी तरह उदासीन बनी हुई है। सौरभ भारद्वाज ने बताया कि रविवार रात दिल्ली के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 900 के पार पहुंच गया, जो बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद सरकार कोई ठोस कदम उठाती नजर नहीं आ रही है। उन्होंने पराली जलाने के मुद्दे पर पंजाब को दोषी ठहराने से इनकार करते हुए कहा कि पंजाब में फिलहाल कहीं भी पराली नहीं जलाई जा रही है, इसलिए दिल्ली के प्रदूषण के लिए उसे जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। आआपा नेता ने आरोप लगाया कि जहां निर्माण गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए था, वहां सरकारी निर्माण कार्य धड़ल्ले से जारी हैं। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के बावजूद टोल प्लाजा को फ्री नहीं किया जा रहा है, जिससे लंबा ट्रैफिक जाम लग रहा है और प्रदूषण और अधिक बढ़ रहा है। पर्यावरण मंत्री के बयान पर तंज कसते हुए सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मंत्री का यह दावा है कि मॉनिटरिंग स्टेशन के पास पानी छिड़कने से नुकसान हो सकता है। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर ऐसा है तो ये स्टेशन हर मानसून में कैसे सुरक्षित रहते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान शासन में बैठे लोगों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण और दूरदर्शिता की कमी को दर्शाते हैं। भारद्वाज ने आरोप लगाया कि जनता के स्वास्थ्य से जुड़े गंभीर मुद्दों पर सरकार केवल दिखावटी कदम उठा रही है।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता करेंगी 'शब्दोत्सव' का उद्घाटन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के कला, भाषा एवं संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा ने बताया दो से चार जनवरी तक यहां के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 'शब्दोत्सव' नाम से साहित्य, कला और संस्कृति का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दो जनवरी को 'शब्दोत्सव' का उद्घाटन करेंगी। कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित रहेंगे। मिश्रा ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि यह आयोजन दिल्ली सरकार, कला एवं संस्कृति विभाग और सुरुचि प्रकाशन मिलकर कर रहे हैं। इस 'शब्दोत्सव' में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील अंबेडकर, अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य डॉ. मनमोहन वैद्य सहित 100 से अधिक वक्ता शामिल होंगे। इसके अलावा 40 से अधिक पुस्तकों का विमोचन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और कवियों की सभाएं भी होंगी।

# मंत्री सूद ने विकासपुरी में स्वच्छता व्यवस्था का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने सोमवार को विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र के वार्ड संख्या107 में डीएवी पब्लिक स्कूल के सामने और पीएम सोसायटी के समीप स्वच्छता व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री ने एफसीटीएस सहित क्षेत्र की अन्य स्वच्छता व्यवस्थाओं की स्थिति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के बाद शहरी विकास मंत्री ने कहा की उन्होंने नगर निगम के उपायुक्त को निर्देश दिए हैं कि दोनों स्थानों के कूड़ा ढलावों के सामने शीघ्र व्यू-कटर लगाए जाएं। सूद ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के उपायुक्त को यह भी निर्देश दिए कि डीएवी पब्लिक स्कूल एवं पीएम सोसायटी के सामने स्थित दोनों कूड़ा ढलावों को रिहायशी क्षेत्र से हटाकर किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने के लिए स्टडी कर संभावित स्थान की तलाश करें। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार द्वारा एमसीडी को वित्तीय रूप से



सुदृढ़ बनाने के लिए 175 करोड़ रुपये का अनुदान दिया जा चुका है। इसके अतिरिक्त एमसीडी को 500 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव दिल्ली सरकार के कैबिनेट में विचाराधीन है। सूद ने कहा कि दिल्ली में धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने तथा सड़कों की वैज्ञानिक पद्धति से सफाई करने के लिए दिल्ली के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक मैकेनिकल स्वीपिंग मशीन उपलब्ध कराई जा रही है। इससे न केवल सफाई कार्य तेजी से होगा, बल्कि कम मानव संसाधन में अधिक प्रभावी परिणाम प्राप्त किए जा सकेंगे। शेष मानव संसाधन का उपयोग अन्य आवश्यक सेवाओं में किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे शहर की जनसंख्या बढ़ रही है, वैसे-वैसे कचरे का उत्पादन भी बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति में कचरे का वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित निपटान अत्यंत आवश्यक है, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। सूद ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हमारी सरकार स्वच्छता को केवल एक अभियान नहीं, बल्कि नागरिक सुविधाओं और जनस्वास्थ्य से जुड़ी सर्वोच्च प्राथमिकता मानती है। दिल्ली के प्रत्येक क्षेत्र में स्वच्छता सेवाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्ध क्रियान्वयन किया जा रहा है। जमीनी स्तर पर किए जा रहे निरीक्षणों का उद्देश्य व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति की समीक्षा कर दिल्ली वालों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना है।

# कानून-व्यवस्था की पूरी तरह विफलता को लेकर पंजाब यूथ कांग्रेस ने किया राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन

चंडीगढ़। पंजाब यूथ कांग्रेस ने सोमवार को राज्य में कानून-व्यवस्था की पूरी तरह विफलता को लेकर पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के खिलाफ पूरे प्रदेश में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) और पुलिस आयुक्तालयों के समक्ष व्यापक विरोध प्रदर्शन किया। श्री मोहित मोहिंद्रा ने कहा, आज पंजाब में शासन नहीं, बल्कि लापरवाही चल रही है। गैंगस्टर खुलेआम कानून को चुनौती दे रहे हैं, व्यापारियों को रोज़ाना रंगदारी की धमकियां मिल रही हैं, फायरिंग आम बात हो गयी है और नशा पूरी पीढ़ी को तबाह कर रहा है। आप सरकार ज़मीनी हकीकत से आंखें मूंदकर केवल विज्ञापन और प्रेस कॉन्फ्रेंस में व्यस्त है। उन्होंने कहा, जो सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा नहीं कर सकती, उसे सत्ता में रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। अपराधी इसलिए बेखौफ हैं क्योंकि सरकार कमजोर है और पुलिस तंत्र राजनीतिक दबाव में जकड़ा हुआ है।

# पंजाब ने सदी की सबसे भीषण बाढ़ आपदा का सामना किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**वार्षिकी-2025**



चंडीगढ़। साल 2025 में पंजाब ने सदी की सबसे भीषण बाढ़ आपदाओं में से एक का सामना किया जिसमें लगभग 51 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 1.84 लाख हेक्टेयर से अधिक की फसलें बर्बाद हो गयी हैं। राज्य में बाढ़ के कारण 3,87,898 से ज़्यादा लोग सीधे तौर पर विस्थापित हुये हैं और सभी 23 बाढ़ प्रभावित ज़िलों के 2,050 गांवों में 20 लाख से ज़्यादा लोग प्रभावित हुये हैं, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुयी है। यह साल श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस समारोह, किसान आंदोलन और अपराध, आतंकवाद और नशे के खिलाफ भी निर्णायक कार्रवाई का वर्ष रहा।


किसानों के लिए यह साल बहुत मुश्किल साबित हुआ, क्योंकि बाढ़ से हुए नुकसान के कारण मौजूदा रबी मौसम में लगभग 1,500 एकड़ ज़मीन पर गेहूं की बुवाई नहीं की जा सकी। सर्दियों की फसल के इस नुकसान ने खाद्य उत्पादन, आय की स्थिरता और पिछले सीज़न के झटके से किसानों के उबरने की क्षमता के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। सबसे बड़ा झटका अगस्त में लगा, जब भारी बाढ़ ने सुल्तानपुर लोधी और आसपास के इलाकों में बड़े पैमाने पर खेतों को डुबो दिया, ठीक उसी समय जब किसान अपनी खड़ी धान की फसल काटने की तैयारी कर रहे थे। राहत और बचाव कार्यों के लिए सेना के लगभग 30 हेलीकॉप्टर लगे हुये थे, जबकि बीएसएफ, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने भी जमीनी स्तर पर सहायता की। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सूखा राशन, पीने का पानी, दवाइयां और जरूरी सामान सहित राहत सामग्री 24 घंटे भेजी गयीं। पंजाब सरकार ने सबसे ज़्यादा प्रभावित इलाकों से 22,938 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। इसके अलावा, 219 राहत शिविर स्थापित किये हैं। इन शिविरों में कुल 5,404 लोगों को ठहराया गया है। राज्य के कई ज़िलों में उफनती नदियों ने हजारों एकड़ जमीन को डुबो दिया, जिससे महीनों की मेहनत और निवेश कुछ ही दिनों में बर्बाद हो गया। कई गांवों में नुकसान इतना ज़्यादा था कि ज़मीन अगले गेहूं की बुवाई के मौसम के लिए भी बेकार हो गयी, जिससे नुकसान और बढ़ गया और आने वाले साल के लिए आय की सुरक्षा खतरे में पड़ गयी। सबसे ज़्यादा प्रभावित इलाकों में से एक रामपुर गौरा गांव था, जहां ब्यास नदी ने अचानक अपना रास्ता बदल लिया, जिससे रातों-रात उपजाऊ कृषि भूमि बह गयी। खेती योग्य खेतों के पूरे हिस्से गायब हो गये, उनकी जगह रेत की मोटी परतें और बुरी तरह से कटी-फटी मिट्टी रह गयी, जो ज़मीन कभी पीढ़ियों तक परिवारों का पेट पालती थी, वह बंजर हो गयी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नौ सितंबर को बाढ़ की स्थिति की समीक्षा के लिए गुरदासपुर पहुंचे। रेल राज्य मंत्री रवनीत बिट्टू राजधानी से इस दौरे में प्रधानमंत्री के साथ पहुंचे हैं। श्री मोदी ने पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने गुरदासपुर के टिब्बडी कैंट में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री ने पंजाब के लिए 1,600 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की, जो राज्य को पहले से आवंटित 12,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त है। उन्होंने बाढ़ और प्राकृतिक आपदा में मारे जाने वालों के निकटतम परिजनों को दो लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को 50,000 रुपये की सहायता राशि देने की भी घोषणा की। उन्होंने राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) और पीएम किसान सम्मान निधि की दूसरी किस्त की अग्रिम रिलीज़ की भी घोषणा की। उसी दिन, पीएम मोदी ने बादल फटने, भारी बारिश और भूस्खलन से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए हिमाचल प्रदेश का दौरा किया। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के लिए 1,500 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की, साथ ही एसडीआरएफ फंड और पीएम किसान सम्मान निधि की एडवांस रिलीज़ की भी घोषणा की। इससे पहले केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने पठानकोट के कोलाइन गांव का दौरा किया, जो बाढ़ से सबसे ज़्यादा प्रभावित इलाकों में से एक है, और निवासियों को आश्वासन दिया कि श्री मोदी व्यक्तिगत रूप से स्थिति पर नज़र रख रहे हैं और क्षतिग्रस्त घरों का पुनर्निर्माण किया जाएगा। इस बीच, कांग्रेस नेता एवं लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने श्री मोदी को पत्र लिखकर पंजाब के लिए एक व्यापक राहत पैकेज की घोषणा करने का आग्रह किया। उन्होंने दावा किया कि राज्य को कम से कम 20,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है, और केंद्र सरकार की 1,600 करोड़ रुपये की शुरुआती घोषणा इस संकट से निपटने के लिए पर्याप्त नहीं है। श्री गांधी, जिन्होंने पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया था, ने कहा कि उन्होंने बड़े पैमाने पर तबाही और भारी मानवीय पीड़ा देखी। उनके अनुसार, चार लाख एकड़ से ज़्यादा धान की फसल नष्ट हो गयी है, 10 लाख से ज़्यादा जानवर मारे गये हैं, और लाखों लोग, ज़्यादातर हाशिए पर पड़े समुदायों के, अपने घर खो चुके हैं। पत्र में, श्री गांधी ने कहा, '' यह पंजाब की ज़रूरत का समय है। केंद्र और देश के लोगों को पंजाब के हर किसान, सैनिक और परिवार को यह विश्वास दिलाना चाहिए कि भारत उनके साथ खड़ा है। इससे पहले, पांच सितंबर को, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्थिति का आकलन करने के लिए अमृतसर, गुरदासपुर और कपूरथला सहित पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया था। राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात के दौरान, श्री चौहान ने बाढ़ की गंभीरता के लिए अवैध खनन को ज़िम्मेदार ठहराया। उन्होंने दावा किया कि अवैध खनन के कारण नदी और नहरों के तटबंध कमज़ोर हो गये हैं, जिससे बाढ़ का पानी रिहायशी और कृषि क्षेत्रों में घुस गया है। मोहाली के एक अस्पताल में भर्ती मुख्यमंत्री भगवंत मान ने श्री मोदी से मिलने के लिए तीन मंत्रियों का एक समूह भेजा था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में श्री मान ने प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए आशा व्यक्त की कि राज्य को बाढ़ से हुये नुकसान की उचित भरपायी की जायेगी। उन्होंने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा, ह्ल मैं स्वस्थ नहीं हूं, अन्यथा मैं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान उनके साथ होता। मुझे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री इस प्राकृतिक आपदा से हुये नुकसान के लिए पंजाब और पंजाबियों के लिए मुआवजे की घोषणा करेंगे। गन्ने की कीमतों को लेकर लंबा विवाद भी एक बड़ा मुद्दा बना रहा। पूरे साल, गन्ना किसानों ने बार-बार विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी, और पंजाब सरकार से स्टेट एडवायज्ड प्राइस (एसएपी) को बढ़ाकर 500 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग की। सरकार ने पिछले साल नवंबर में एसएपी में 11 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की थी, लेकिन किसानों का तर्क था कि इनपुट लागत में भारी बढ़ोतरी को देखते हुए यह बढ़ोतरी बहुत कम थी। किसानों ने मज़दूरी, डीज़ल, उर्वरक और कीटनाशकों पर बढ़ते खर्च की ओर इशारा करते हुए कहा कि मुनाफ़े का मार्जिन ऐसे स्तर तक सिकुड़ गया है, जो टिकाऊ नहीं है। कई लोगों ने चेतावनी दी कि अगर कीमतों में सकारात्मक संशोधन नहीं किया गया, तो गन्ने की खेती खुद ही आर्थिक रूप से अव्यावहारिक हो जाएगी, जिससे किसानों को उस फसल को छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ेगा जो हजारों ग्रामीण परिवारों का सहारा है और राज्य की चीनी मिलों को कच्चा माल देती है।

इस साल किसानों के विरोध प्रदर्शनों में भी तेज़ी देखी गयी, जो कृषि नीतियों को लेकर व्यापक असंतोष को दर्शाता है। किसान संगठनों ने राज्यव्यापी 'रेल रोको' आंदोलन किया, जिसमें बिजली (संशोधन) विधेयक 2025 को रद्द करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी और प्रीपेड स्मार्ट बिजली मीटर वापस लेने जैसी मांगें शामिल थीं। मामले को बढ़ने से रोकने के लिए, कई किसान नेताओं को हिरासत में लिया गया। भारतीय किसान यूनियन (दोआबा) के अध्यक्ष मनजीत सिंह राय को जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन क्षेत्र के अंदर धरना देने की कोशिश के बाद हिरासत में लिया गया। बाद में, उन्हें अन्य किसान नेताओं के साथ शंभू में नियोजित शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन से पहले घर में नज़रबंद कर दिया गया। बीकेयू दोआबा यूनियन ने भी संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा बुलाये गये शंभू पुलिस स्टेशन में विरोध प्रदर्शन में प्रतिनिधि भेजने की योजना बनायी थी, जो शंभू और खनौरी सीमाओं पर पुलिस कार्रवाई के दौरान किसानों को कथित तौर पर लगी चोटों के खिलाफ था। इन गिरफ्तारियों ने किसानों में और भी गुस्सा बढ़ा दिया, जिन्होंने कहा कि उनकी चिंताओं को दूर करने के बजाय शांतिपूर्ण विरोध को दबाया जा रहा है। कुछ राहत चुनौतियों के बीच, पर्यावरण के मोर्चे पर एक दुर्लभ सकारात्मक विकास हुआ।

# नप सशक्त स्थायी समिति की बैठक में निर्णय, कर्मचारियों को सरकार के मानदेय वृद्धि का मिलेगा लाभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया। फारबिसगंज नगर परिषद कार्यालय के चेयरमैन के चैंबर में सशक्त स्थायी समिति की बैठक चेयरमैन वीणा देवी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई।जिसमें 11 बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। गत बैठक की संपुष्टि के साथ ही शुरू हुई नप सशक्त स्थायी समिति की बैठक में गणतंत्र दिवस के मौके पर 25 और 26 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम और झंडोत्तोलन को लेकर विचार विमर्श किया गया।बैठक में कर्मचारी संघ के पत्रांक 09 दिनांक 17.11.25 पर विचार करते हुए बिहार सरकार की ओर से निर्धारित न्यूनतम मानदेय वृद्धि के आधार पर मानदेय वृद्धि का लाभ देने पर सहमति प्रदान की गई।बैठक में वार्ड संख्या 4,5,7,8,10,13,16,17 एवं 23 के पार्षदों के आवेदनों पर भी सकारात्मक रूप से विचार विमर्श किया गया। इसके अलावा वार्ड संख्या 3 में सोनू राय के घर से महेश शर्मा के घर तक आरसीसी नाला निर्माण कार्य कराने,वार्ड संख्या छह में डॉ निर्मल झा के घर से जितेंद्र नारायण प्रसाद के घर तक सड़क और नाला निर्माण कार्य कराने पर विचार करते हुए सहमति दी गई। मेला रोड में सीता धार पल पर रेलिंग निर्माण, नगर परिषद गेट से डॉ विनोद मिश्रा के घर एवं स्वर्गीय गुलाब साह के घर से मोती सिंह के घर तक पैबर्स ब्लॉक सोलिंग लगाने,नगर परिषद के पुराने भवन के रंग रोगन कराने का भी निर्णय लिया गया।वहीं पेंशनर भवन तक सड़क निर्माण कार्य को लेकर योजना संख्या 60/2016-17 और 67/2023-24 की निविदा को निरस्त करने का निर्णय लिया गया।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063